दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज़ पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज़ बिहार से प्रकाशित सम्पूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश मे प्रसारित!

Digital Daily News Paper

# लोकतंत्र की आवाज

● नवादा से प्रकाशित ● नवादा बुधवार 15 जनवरी 2025 ● वर्ष : 03 अंक : 502



## संक्षिप्त खबरें ।

### आतिशी ने आज तक दिल्ली के लिए कोई लड़ाई नहीं लड़ी, कांग्रेस प्रत्याशी अल्का लांबा ने साधा निशाना



**लोक तंत्र की आवाज़**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। इस बीच कांग्रेस प्रत्याशी अल्का लांबा ने सीएम आतिशी पर जमकर निशाना साधा है। अल्का ने कहा, 'मेरा सीधा सीधा मुकाबला दिल्ली की अस्थाई सीएम आतिशी से है। पूरे चुनाव प्रचार में उनकी कोई तस्वीर नहीं है। सीएम होने के बावजूद और महिला नेता होने के बावजूद ऐसा है। आतिशी ने आज तक दिल्ली के लिए कोई लड़ाई नहीं लड़ी। दिल्ली में हवा जहरीली है। यमुना का पानी जहरीला है। ये हमारे मुद्दे हैं। अल्का लांबा ने बीजेपी की बी टीम होने के आरोप पर कहा, 'ये आज हमें इ टीम कह रहे हैं। राहुल गांधी ने लोकसभा में पदयात्रा करके बीजेपी की सीट कम करी थीं। लोकसभा में इनके साथ गठबंधन गलती थी। दिल्ली में हम इनकी वज़ह से हारे। इसलिए हमने हरियाणा में गठबंधन नहीं किया।'

**मोहन भागवत के बयान पर क्या बोलीं अल्का? :** अल्का लांबा ने आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के बयान पर भी टिप्पणी की। अल्का ने कहा कि अगर वो कह रहे हैं कि आजादी राम मंदिर बनने के दिन मिली तो 1947 से पहले जितने शहीदों ने आजादी की लड़ाई लड़ी, ये उनका अपमान है।

**सीएम आतिशी ने दाखिल किया नामांकनः** गौरतलब है कि दिल्ली की सीएम आतिशी ने आज अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। वह दिल्ली की कालका जी विधानसभा सीट से चुनाव लड़ रही हैं। इसी सीट से पिछली बार भी उन्होंने जीत हासिल की थी। इस सीट पर उनका मुकाबला भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार रमेश बिधूड़ी और कांग्रेस की उम्मीदवार अल्का लांबा से है।नामांकन दाखिल करने के बाद उन्होंने कहा, 'आज मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर मैंने कालकाजी विधानसभा सीट से अपना नामांकन फॉर्म भर दिया है। मुझे पूरी उम्मीद है कि पिछले 5 सालों में जिस तरह मुझे कालकाजी के लोगों से प्यार मिला है। उसी तरह आने वाले चुनाव में भी मुझे कालकाजी की जनता का आशीर्वाद जरूर मिलेगा।

## चूड़ा-दही खाने गए नीतीश बगैर भोज के लौटे, मेजबान चिराग पासवान समय पर ही नहीं पहुंचे

**लोक तंत्र की आवाज़**



**पटना।** मकर संक्रांति के बाद शुभ काम शुरू हो जाते हैं. वहीं बिहार में फिर से सियासी हलचल की स्थिति बनती दिख रही है. केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने पार्टी ऑफिस में दही–चूड़ा का भोज रखा था, लेकिन वह खुद ही समय पर नहीं पहुंचे और मेहमान बिना खाए ही वापस लौट गए।बिहार में खिचड़ी पर एक बार फिर राजनीति गरमाती दिख रही है. मकर संक्रांति के अवसर पर केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के यहां आयोजित भोज के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पहुंचे थे, लेकिन बगैर कुछ खाए ही वापस लौट गए. नीतीश के पहुंचने के बाद भी चिराग वहां पर मौजूद नहीं थे और फिर 5 मिनट रुकने के बाद वह वापस लौट गए।

चिराग पासवान के चूड़ा–दही भोज कार्यक्रम में उनके आने के पहले ही सीएम नीतीश कुमार पहुंच गए. पार्टी के ऑफिस में सिर्फ लोक जनशक्ति पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी ही मौजूद थे. वहां पर मौजूद नीतीश ने पूर्व केंद्रीय मंत्री एलजेपी के संस्थापक रामविलास पासवान के चित्र पर पुष्प अर्पित किए. फिर 5 मिनट रुके रहे और वहां से निकल गए।

### खुद चिराग पासवान 12 बजे पहुंचे

नीतीश वहां पर करीब 5 मिनट तक इंतजार करते रहे लेकिन चिराग पासवान पहुंच नहीं पाए. मुख्यमंत्री के निकलते वक्त भी चिराग पार्टी ऑफिस पहुंच नहीं सके थे. सीएम नीतीश करीब 10.20 में ही एलजेपी ऑफिस पहुंच गए थे जबकि चिराग काफी देर बाद दोपहर 12 बजे वहां पहुंचे। हालांकि इस घटना के बाद बिहार की सियासत तेज हो गई है. विपक्षी दलों की ओर से इस प्रकरण पर तंज भी कसा जाने लगा है. चिराग ने अपने पार्टी ऑफिस में मकर संक्रांति पर दही–चूड़ा का भोज रखा था और इसके लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत गठबंधन के सभी दलों के नेताओं को न्योता भी दिया था, लेकिन मुख्य मेहमान के आने के वक्त मेजबान ही वहां से नदारद रहा था।

### राजनीति में कुछ भी असंभव नहीं: मीसा

इस बीच राष्ट्रीय जनता दल (फ्खऊ) सांसद मीसा भारती ने कहा, "सभी को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं. इस तरह की चर्चाएं (बिहार में राजनीतिक बदलाव) पिछले कुछ समय से लगातार चल रही हैं क्योंकि पहले भी मकर संक्रांति के बाद बदलाव हो चुके हैं। उन्होंने आगे कहा कि राजनीति में कुछ भी असंभव नहीं है लेकिन अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी. नए साल पर आज से ही शुभ काम शुरू हो जाते हैं. हम ईश्वर से यही कामना करते हैं कि नए साल 2025 में बिहार की तरक्की हो, बेरोजगारी दूर हो और बिहार में कई फैक्ट्रियां लगें। ताकि बेरोजगार युवकों को बिहार में ही काम मिलने लगे।

## आरएसएस प्रमुख सम्माननीय व्यक्ति हैं लेकिन..., मोहन भागवत के बयान पर बोले संजय राउत



**लोक तंत्र की आवाज़**

**मुंबई।** शिवसेना (यूटीवी) के राज्यसभा सांसद संजय राउत ने आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के एक बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वह संविधान के निर्माता नहीं हैं। बता दें कि मोहन भागवत ने सोमवार को एक बयान में कहा था कि भारत की सच्ची स्वतंत्रता की प्रतिष्ठा राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के दिन हुई थी। भागवत के इस बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए राउत ने कहा कि आरएसएस के सरसंघचालक सम्मानीय व्यक्ति जरूर हैं लेकिन वह संविधान के निर्माता नहीं हैं और न ही वह देश के कानून बनाएंगे या बदलेंगे।

**'मंदिर बनाने में सभी का बलिदान रहाः** मोहन भागवत के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए राउत ने कहा, 'आरएसएस के सरसंघचालक यह सम्मानीय व्यक्ति हैं, लेकिन वह संविधान के निर्माता नहीं हैं। वह देश के कानून नहीं बनाएंगे और न ही बदलेंगे। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा देश के लिए प्रतिष्ठा की बात रही है और मंदिर बनाने में सभी का साथ रहा है, सभी का बलिदान रहा है। उन्होंने कहा कि देश स्वतंत्र हो गया, यह गलत बात है। रामलला इस देश में हजारों–लाखों साल से हैं और रामलला के लिए पहले भी हमने आंदोलन किए हैं और करते रहेंगे।

**..तो विपक्ष जिंदा नहीं रहेगा' :** इंडिया ब्लॉक में कथित मतभेद के बाद इसके खात्मे की खबरों पर राउत ने कहा, 'इंडिया अलायंस सर्वाइव क्यों नहीं करेगा? अगर इंडिया अलायंस को जिंदा नहीं रखा गया, तो विपक्ष भी जिंदा नहीं रहेगा, ये तानाशाह लोग हैं। जैसा हमने कहा, यह बात सही है कि इंडिया अलायंस लोकसभा चुनाव के लिए ही बनाया गया था, लेकिन उसे बचाए रखना देश के लिए जरूरी है, लोकतंत्र की जरूरत है। दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी दोनों को लगता है कि वहां उनकी ताकत है, इसलिए वे लड़ रहे हैं। अगर दोनों वहां बैठकर चर्चा करते और कुछ हल निकालते, तो हमें आनंद मिलता।

## राहुल गांधी ने केजरीवाल की 'दुखती रग' पर फेर दिया हाथ, सेट कर दिया दिल्ली चुनाव में कांग्रेस का एजेंडा

**लोक तंत्र की आवाज़**



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को दिल्ली में अपनी पहली रैली की। लेकिन बीजेपी से ज्यादा अरविंद केजरीवाल पर हमलावर नजर आए। शीला दीक्षित पर लगे आरोपों को गिनाते हुए पूछा– 'आप' भ्रष्टाचार की बातें तो खूब करते थे, लेकिन दिल्ली में जो भ्रष्टाचार हुआ उसका जवाब कब देंगे। आप कहते थे कि दिल्ली साफ कर दूंगा, भ्रष्टाचार मिटा दूंगा, पेरिस बना दूंगा, उन वादों का हुआ क्या?

राहुल गांधी ने प्रदूषण, महंगाई समेत उन सभी मुद्दों पर घेरा, जिस पर आम आदमी पार्टी बात करना पसंद नहीं करती. इस रैली के साथ ही राहुल गांधी ने ३कांग्रेस का चुनावी एजेंडा सेट कर दिया. बाद में अरविंद केजरीवाल ने भी जवाब दिया। राहुल गांधी ने कहा, अरविंद केजरीवाल ने भ्रष्टाचार हटाने की बात कही थी. क्या उन्होंने भ्रष्टाचार हटाया है? दिल्ली में प्रदूषण, भ्रष्टाचार और महंगाई बढ़ रही है. केजरीवाल जब आए तो कहा कि दिल्ली साफ कर दूंगा, भ्रष्टाचार मिटा दूंगा और दिल्ली को पेरिस बना दूंगा. लेकिन अब हालात ऐसे हैं कि भयानक प्रदूषण है. लोग बीमार रहते हैं. लोग बाहर नहीं निकल पा रहे हैं. केजरीवाल ने महंगाई कम करने के लिए कहा था. महंगाई कम नहीं हुई, बल्कि और बढ़ती जा रही है. कांग्रेस नेता ने कहा कि शीला दीक्षित ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रहते जैसी सरकार चलाई उसका कोई मुकाबला नहीं हो सकता.

**जाति जनगणना के बहाने वोटर्स को सीधा संदेशः** सीलमपुर में राहुल गांधी ने कहा, जब मैं जातिगत जनगणना की बात करता हूं तो पीएम मोदी और अरविंद केजरीवाल के मुंह से एक शब्द नहीं निकलता क्योंकि दोनों चाहते हैं कि पिछड़े वर्ग, दलित, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों को भागीदारी न मिले. आप इनसे पूछिए कभी कि ये जातिगत जनगणना के साथ हैं या नहीं?,मैंने संसद में पीएम मोदी के सामने कहा था कि आप करिए या नहीं लेकिन हमारी जिस दिन सरकार बनेगी तब आरक्षण को 50% से अधिक कर देंगे।

### केजरीवाल का भी आया रिएक्शन

केजरीवाल ने एक्स पर लिखा, आज राहुल गांधी दिल्ली आए. उन्होंने मुझे बहुत गालियां दीं पर मैं उनके बयानों पर कोई टिप्पणी नहीं करूंगा. उनकी लड़ाई कांग्रेस बचाने की है, मेरी लड़ाई देश बचाने की है. कांग्रेस और आम आदमी पार्टी, दोनों ही विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के घटक हैं।

## मीसा भारती ने प्रधानमंत्री मोदी, अमित शाह और सीएम नीतीश को दिया 'दही चूड़ा' का निमंत्रण, जानें क्या बोलीं

**लोक तंत्र की आवाज़**



**पटना।** भारत के विभिन्न राज्यों में मकर संक्रांति का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस मौके पर बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के घर भी दही–चूड़ा के भोज का आयोजन किया गया है। अब लालू प्रसाद यादव की बेटी और राजद सांसद मीसा भारती ने इस भोज में शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और बिहार के सीएम नीतीश कुमार को भी निमंत्रण दिया है। आइए जानते हैं कि मीसा भारती ने इस बारे में क्या कहा है।

**क्या बोलीं मीसा भारती?:** मीसा भारती ने सभी को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दीं और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बारे में बात करते हुए मीसा भारती ने उन्हें दही–चूड़ा पर निमंत्रण की बात कही। मीसा भारती ने कहा– हम तो चाहते हैं कि पीएम नरेंद्र मोदी भी आएं, अमित शाह भी आएं। घर में अगर बड़े लोग आते हैं तो अच्छा है। नीतीश अभिभावक की तरह हैं, आते हैं तो अच्छी बात है। सबका वेलकम है।

**राजनीति में कुछ भी असंभव नहीं–मीसाः** बिहार में राजनीतिक बदलाव को लेकर जारी सियासी अटकलों पर मीसा भारती ने कहा– ₹इस तरह की चर्चाएं कुछ समय से चल रही हैं क्योंकि पहले भी मकर संक्रांति के बाद बदलाव हुए हैं लेकिन मुझे ऐसा नहीं लगता। राजनीति में कुछ भी असंभव नहीं है लेकिन अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। आज से ही शुभ काम शुरू हो जाते हैं। हम ईश्वर से यही कामना करते हैं कि 2025 में बिहार की तरक्की हो, बेरोजगारी दूर हो, बिहार में फैक्ट्रियां लगे।

**नीतीश की यात्रा और महाकुंभ पर भी बयानः** मीसा भारती ने कहा है कि मकर संक्रांति के बाद से ही शुभ कार्य शुरू होता है। मुख्यमंत्री नीतीश की यात्रा के बारे में बात करते हुए मीसा भारती ने कहा कि वह यात्रा पर निकले हैं आंकलन कर रहे हैं। अब देखते है क्या निकलकर आता है उनके पास। वहीं, मीसा ने प्रयागराज में जारी महाकुंभ मेले पर भी बात की। उन्होंने कहा– ₹महाकुंभ मेले में हर किसी का शामिल होना संभव नहीं है।

## पीएम मोदी की रैली में यूं ही नहीं आई भीड़, उमर अब्दुल्ला की एनसी का था दिमाग

**लोक तंत्र की आवाज़**

**नई दिल्ली।** इंडिया गठबंधन की दीवार हर दिन ढहती जा रही है. हर मोड़ पर कांग्रेस अकेली होती जा रही है। जम्मू–कश्मीर चुनाव में कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस ने साथ मिलकर चुनाव लड़ा. मगर अब नेशनल कॉन्फ्रेंस की कांग्रेस से दूरी साफ दिख रही है. मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के सुर बदल चुके हैं. एक ओर वह कांग्रेस को फटकार रहे हैं. दूसरी ओर पीएम मोदी पर खूब प्यार भी बरसा रहे हैं. हैरानी तो तब हुई, जब नेशनल कॉन्फ्रेंस को पीएम मोदी की कश्मीर रैली में शामिल होने के लिए लोगों को मोटिवेट करते देखा गया. लेटेस्ट घटनाक्रम से ऐसा लग रहा कि जम्मू–कश्मीर की सियासत में कुछ तो खिचड़ी पक रही है।

जी हां, जम्मू–कश्मीर में लोग ज्यादातर रैलियों में नहीं आते. रैलियों में भीड़ दिखाने के लिए सरकारी कर्मचारियों को लाया जाता रहा है. मगर इस बार नजारा कुछ अलग था. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली में इस बार सरकारी कर्मचारी नहीं, स्थानीय लोग शामिल हुए थे. वह भी अच्छी संख्या में. इसके पीछे नेशनल कॉन्फ्रेंस के हाथ बताया जा रहा है. दरअसल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को गांदरबल में जेड–मोड़ सुरंग का उद्घाटन किया. इसके बाद एक जनसभा को संबोधित किया. इस रैली में शामिल होने के लिए स्थानीय लोगों ने कड़ाके की ठंड और दो फीट बर्फबारी की परवाह नहीं की.

**पीएम मोदी की रैली के लिए नेशनल कॉन्फ्रेंस की कोशिशः** 'द हिंदू' की रिपोर्ट के मुताबिक, पीएम मोदी की रैली में अधिक से अधिक स्थानीय लोग शामिल हों, इसके लिए उमर अब्दुल्ला की नेशनल कॉन्फ्रेंस ने पूरी मेनहत की थी.

### कांग्रेस को समझ नहीं आ रहा यह गेम



नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेताओं ने गांव–गांव जाकर लोगों को पीएम मोदी की रैली में शामिल होने के लिए कहा. उनके लिए गाड़ियों तक की व्यवस्था कराई गई. दावा है कि पीएम मोदी की इस रैली में करीब 5 हजार से अधिक स्थानीय लोग शामिल हुए।

**नेशनल कॉन्फ्रेंस ने गाड़ियों की व्यवस्था भी कीः** नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता और कंगन सीट से विधायक मियां मेहर अली ने के मुताबिक, 'मैं पिछले तीन दिनों से पीएम की यात्रा की तैयारी कर रहा था. हमने कंगन और गांदरबल विधानसभा क्षेत्रों के दूर–दराज और बर्फ से ढके गांवों से स्थानीय लोगों को लाने के लिए लगभग 500 वाहनों का इंतजाम किया था. लोग यह सुनने के लिए उत्सुक थे कि पीएम के पास क्या कश्मीर के लोगों के लिए क्या–क्या ऑफर हैं।

**पीएम मोदी की रैली में शामिल नहीं हुए सरकारी कर्मचारीः** रिपोर्ट में विधायक अली के हवाले से दावा किया गया कि पीएम मोदी की रैली में शामिल होने के लिए किसी भी सरकारी कर्मचारी को निर्देश नहीं दिया गया था. सूत्रों का दावा है कि जम्मू–कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने तो नागरिक प्रशासन के उस प्रस्ताव को भी खारिज कर दिया, जिसमें सरकारी कर्मचारियों को कार्यक्रम स्थल पर तैनात करने की बात कही गई थी. दरअसल, केंद्रीय शासन के दौरान यह एक प्रथा थी कि विभिन्न विभागों के कर्मचारियों को सुबह–सुबह इकट्ठा होने और कश्मीर में प्रधानमंत्री की रैलियों में शामिल होने का निर्देश दिया जाता था।

## लॉस एंजिलिस की आग में पेरिस से भी बड़ा इलाका खाक, लाखों करोड़ का हुआ नुकसान

**लोक तंत्र की आवाज़**



**वॉशिंगटन।** अमेरिका के कैलिफोर्निया स्टेट का लॉस एंजिलिस शहर विनाशकारी आग का सामना कर रहा है। आग यहां के जंगलों में 6 जनवरी को आग लगी थी, जो देखते ही देखते पूरे शहर में फैल गई। सीएनएनकी रिपोर्ट के मुताबिक, आग से शहर का 40 हजार एकड़ का इलाका चपेट में है। अब तक 38,629 एकड़ से अधिक का इलाका जलकर खाक हो चुका है। यह करीब 60 वर्ग मील के बराबर है। फ्रांस की राजधानी पेरिस का आकार 105 वर्ग किलोमीटर यानी 41 वर्ग मील है। इसका मतलब है कि लॉस एंजिलिस की आग में पेरिस से भी ज्यादा बड़ा इलाका जल चुका है।

आग की चपेट में आकर अब तक 26 लोगों की जान जा चुकी है और हजारों घर तबाह हो गए हैं। परेशान करने वाली बात यह है कि मौसम विज्ञानियों ने इस सप्ताह हवाओं के और तेज होने के पूर्वानुमान जताया है जिसे देखते हुए फायर ब्रिगेड की टीमों ने आग बुझाने की कवायद तेज कर दी है। अधिकारियों ने बताया कि कम से कम 16 लोग लापता हैं और इनकी संख्या बढ़ सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक, आग में अब तक अमेरिका को करीब 11.60 लाख करोड़ से लेकर 13 लाख करोड़ रुपये तक का नुकसान हो चुका है। राष्ट्रीय मौसम सेवा ने चेतावनी जारी की है। राष्ट्रीय मौसम सेवा ने क्षेत्र में 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने का अनुमान जताया है।

## कितना पुराना है किन्नर अखाड़ा? महाकुंभ में जूना अखाड़े के साथ किया अमृत स्नान

**लोक तंत्र की आवाज़**



**प्रयागराज।** किन्नरों का वजूद उतना ही पुराना है जितना मानव सभ्यता का इतिहास। किन्नर हर काल और परिस्थिति में मानव समाज का हिस्सा रहे हैं फिर चाहे हम किसी भी धर्म, मजहब, पंथ या देश की बात करें। प्रयागराज के इस महाकुंभ में किन्नर अखाड़े ने भी उपस्थिति दर्ज करा दी है।

किन्नर अखाड़े ने आज जूना अखाड़े के साथ अमृत स्नान (शाही स्नान) किया है। हालांकि किन्नर अखाड़ा पहले से ही यात्रा व शाही स्नान को अमृत स्नान के नाम से संबोधित करता है। हर बार की तरह इस बार भी अपनी यात्रा को भव्य बनाने का काम अखाड़े के महामंडलेश्वरों, मंडलेश्वरों, श्रीमहंत तथा अन्य अधिकारियों को सौंपा गया है। किन्नर अखाड़ा अपने मेला शिविर में पूजा–पाठ, यज्ञ, आदि धार्मिक कार्यों को भी करेगा। हंदू पौराणिक ग्रंथों में उन्हें यक्षों और गंधर्वों के बराबर का स्थान दिया गया है। धर्मग्रंथ शिखंडी, इला, मोहिनी आदि किरदारों से भरे हुए हैं। महाभारत में शिखंडी के पात्र से हम सभी परिचित हैं। शिखंडी की वजह से युद्ध का स्वरूप ही बदल गया था और पांडव विजयी हुए थे। माना तो यह भी जाता है कि किन्नर भगवान शिव का वो अंश है।

### किन्नर अखाड़ा कब बना?

13 अक्टूबर 2015 को अस्तित्व में आए किन्नर अखाड़े का लगातार विस्तार हो रहा है। इस अखाड़े के महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी हैं, जिन्हें उज्जैन सिंहस्थ कुंभ में महामंडलेश्वर घोषित किया गया था। 60 किन्नरों को स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती द्वारा वैदिक संस्कारों से दीक्षित किया गया था।

## राहुल गांधी का केजरीवाल को मोदी के बराबर खड़ा करना इंडिया गुट में ममता-अखिलेश को चैलेंज

**लोक तंत्र की आवाज़**



**नई दिल्ली।** पहले लग रहा था, राहुल गांधी सीधे सीधे अरविंद केजरीवाल टार्गेट करने से बच रहे हैं, लेकिन अब तस्वीर अलग नजर आ रही है. असल में, ये आम आदमी पार्टी को मिले ममता बनर्जी और अखिलेश यादव के खुले सपोर्ट का रिएक्शन है–जाहिर है, कांग्रेस के निशाने पर वे दोनो नेता भी आ गये हैं।

राहुल गांधी का दावा है कि अरविंद केजरीवाल भी बिल्कुल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसे ही हैं. कांग्रेस नेता का कहना है कि दोनो नेता सिर्फ झूठे वादे करते हैं – और अडानी, महंगाई और जातीय जनगणना जैसे मुद्दों पर एक जैसे चुप्पी साध लेते हैं। ऐसा लगता है, राहुल गांधी का स्टैंड दिल्ली चुनाव में ममता बनर्जी और अखिलेश यादव के आम आदमी पार्टी को सपोर्ट देने के बाद बदला है. पहले राहुल गांधी, आम आदमी पार्टी को निशाने पर भले ही ले लेते थे लेकिन अरविंद केजरीवाल पर सीधा हमला करने से बचते थे. लोकसभा चुनाव के पहले से शुरू हुआ ये सिलसिला हरियाणा चुनाव तक जारी था. और, लग रहा था दिल्ली में भी वही रुख देखने को मिलेगा, लेकिन अब हालात बदल चुके हैं। अब तो राहुल गांधी अरविंद केजरीवाल को भ्रष्टाचार के नाम पर भी टार्गेट कर रहे हैं, और कांग्रेस की मुख्यमंत्री रहीं शीला दीक्षित पर आम आदमी पार्टी के नेता के लगाये आरोपों की भी याद दिलाते हैं। राहुल गांधी के भाषण का ज्यादा हिस्सा तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी फोकस नजर आता है, लेकिन कोशिश पूरी होती है कि अरविंद केजरीवाल न बख्श दिये जायें।

### राहुल गांधी के लिए केजरीवाल और मोदी बराबर क्यों?

दिल्ली में कांग्रेस की चुनावी रणनीति करीब करीब साफ हो चुकी है. दिल्ली के सीलमपुर इलाके का चुनाव राहुल गांधी की पहली रैली के लिए किये जाने से ही कांग्रेस की चुनावी रणनीति काफी हद तक साफ हो गई थी, और राहुल गांधी के भाषण से सब कुछ साफ हो गया हैं।

## संक्षिप्त खबरें ।

### इनर व्हील क्लब आफ गया 101 डे पर भिक्षुक गृह में कंबल, चूड़ा वितरण किया गया



गया। इनर व्हील क्लब आफ गया के बैनर तले 101वी इनर व्हील डे पर बोध गया सुजाता बाईपास भिक्षुक गृह में कंबल और खाने का सामान, चूड़ा तिलकुट इत्यादि का वितरण किया गया है' ज्ञात हो कि वहां ऐसी महिलाएं हैं जो कि अपनी दिमागी याददाश्त खो चुकी हैं, और अपने घर का पता नहीं बतला नहीं पा रही हैं। कुछ ऐसी महिलाएं हैं जिनको उनके परिवार वालों ने घर से निकाल दिया है।भीषण ठंड को देखते हुए इनर व्हील क्लब द्वारा 101 कंबल और चूड़ा तिलकुट इत्यादि का वितरण किया गया है।अलीपुर गांव में जरूरतमंद लोगों के बीच भी यह वितरण किया गया है।सभी ने लोगों ने तहे दिल से इनर व्हील क्लब को शुक्रिया अदा किया है ।पीसी किरण प्रकाश एवं पीसी ऋतु डालमिया के सहयोग से पूरा कार्यक्रम किया गया है 'इस मौके पर प्रेसिडेंट तृप्ति गुप्ता ने कहा हमारे क्लब से हर साल भीषण ठंड को देखते हुए जरूरतमंदों को कंबल और खाने की सामग्री दी जाती है। इस कार्यक्रम में पी ए एस दूर्वा सहाय ,पीडीस, किरण प्रकाश, उपाध्यक्ष स्मिता पोद्दार, अर्चना गोयंका ,समीक्षा गौतम, पी पी बिम्मी लोहानी और अन्य शामिल हुए हैं।

### रजौली : राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा मनाया गया मकर संक्रांति उत्सव



राजेश कुमार सिन्हा

रजौली। प्रखण्ड स्थित संगत परिसर में मंगलवार की सुबह 7 :30 से 8 :30 बजे राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा मकर संक्रांति धूमधाम से मनाया गया।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के रजौली खण्ड संचालक दिलीप कुमार ने बताया कि आज का दिन अत्यंत शुभ हैं।हिंदू संस्कृति में आज से सभी शुभ कार्य प्रारंभ होगा।सूर्यदेव उत्तरायण हो गए हैं।आज ग्रहों की दृष्टि से भी दो मुख्य ग्रह सूर्य एवं शनि एक साथ एक घर में रहते हैं।इस निमित्त भी वातावरण में सुढ़ता एवं नाकारातमक ऊर्जा का नाश हो, सकारात्मक ऊर्जा का समावेश होता है।संगत परिसर में सभी ने दही-चूड़ा एवं तिलकुट आदि का आनंद लिया।इस दौरान खण्ड कार्यवाहक विजय आर्य,बौद्धिक कर्ता जितेंद्र कुमार,सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाध्यापक एवं मुख्य शिक्षक अनिल कुमार,गीत मनोज कुमार,पवन कुमार,विनोद आर्य,अरविंद कुमार,दिलीप दीप,अशोक सक्सेना,नुनु राजवंशी के अलावे अन्य लोग मौजूद रहे।

### 160 लीटर शराब के साथ दो व्यक्ति को किया गया गिरफ्तार

मेसकौर( नवादा)। मेसकौर प्रखंड अंतर्गत सोमवार को रात्रि में गुप्त सूचना के आधार पर गस्ती कर रहा है ।पुलिस गाड़ी ने कोयरिया मोड़ से दो मोटरसाइकिल को जप्त किया है।मेसकौर थाना अध्यक्ष रूपेश कुमार ने बताया कि दोनों मोटरसाइकिल पर बोरा बंधा हुआ था। जिसे जांच के उपरांत में एक बोरी से 60 लीटर और दूसरे बोर में 100 लीटर देसी शराब पाया गया। मौके पर मौजूद पुलिस ने दोनों मोटरसाइकिल चालक को गिरफ्तार कर थाने लाया गया है। जिसका पहचान सचिन कुमार पिता श्याम देव प्रसाद ग्राम मैयारी थाना फतेहपुर जिला गया का निवासी है। वही दूसरा मंटू कुमार पिता रामचंद्र यादव ग्राम मैयारी थाना फतेहपुर जिला गया का निवासी है, जिसे मंगलवार को न्याय के हिरासत में नवादा भेज दिया गया है।

# जन्मदिन एवं मकर संक्रांति के अवसर पर किया वृक्षारोपण और जरूरतमंदों का आशीर्वाद लेने के लिए कंबल का वितरण

लोक तंत्र कीआवाज



नवादा। नवादा जिले के प्रसिद्ध शिक्षाविद ,समाजसेवी सह मॉडर्न समूह के अध्यक्ष डॉ अनुज सिंह ने अपने जन्मदिन के अवसर पर मॉडर्न इंग्लिश स्कूल कुंती नगर, नवादा के प्रांगण में विभिन्न प्रकार के फलदार पौधों का पौधारोपण कर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया।इस अवसर पर मॉडर्न समूह के अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण बहुत ही जरूरी है जीवनदायिनी ऑक्सीजन का एकमात्र स्त्रोत है इसकी आवश्यकता सबको समझनी होगी।पौधारोपण के साथ इसके संरक्षण पर भी ध्यान रखने की आवश्यकता है हम सभी का दायित्व है हरा भरा माहौल बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाएं और उन्हें संरक्षित करें। मकर संक्रांति और जन्मदिन के अवसर पर उन्होंने सैकड़ों वृद्धजन, महिलाओं एवं जरूरतमंद को दही चूड़ा तिलकुट खिलाकर एवं ठंड से बचने के लिए कंबल देकर आशीर्वाद लिया। मौके पर उपस्थित त्रिवेणी एजुकेशनल वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह के द्वारा पुष्प गुच्छ देकर जन्मदिन की बधाई दी गई। बधाई देने वालों में से मॉडर्न समूह के विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य ,उप्राचार्य ,शिक्षक गण,मीडिया बंधु गण एवं उनके चाहने वालों में से नारदीगंज प्रखंड के जिला परिषद देवा चौहान, अनिल चौहान, अधिवक्ता अनिल कुमार,समाजसेवी अनिल कुमार सिंह, कहुआरा पंचायत के उप मुखिया दीपक कुमार एवं उपसरपंच अनिल कुमार, समाय पंचायत के पंचायत समिति गोरेलाल सिंह, नगर परिषद नवादा वार्ड 23 के सदस्य अधिवक्ता शमीम अहमद परवेज, वार्ड 25 के सदस्य मोहम्मद रिजवान आलम, मोहम्मद फैज,वार्ड 34 के सदस्य अनवर आलम, मोहम्मद मुख्तार खान मोहम्मद शफीर खान,अनिता कुमारी ,रुबी कुमारी,विपिन कुमार, दिलीप कुमार अरुण कुमार,सोनू कुमार,अनिरुद्ध कुमार, ईश कुमार, पचाढा. पंचायत के पूर्व मुखिया महेश कुमार ,संजय कुमार, मनोज कुमार आदि ने जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके कुशल मंगल की कामना की।

# लोजपा प्रदेश उपाध्यक्ष ने अपने पिता की पुण्यतिथि पर गरीबों में बांटे कंबल व चादर



लोकतंत्र की आवाज

राजेश कुमार सिन्हा

रजौली। नगर पंचायत क्षेत्र के बभनटोली में लोजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज कुमार सिंह ने अपने आवास परिसर में मंगलवार को अपने पिता के पुण्यतिथि पर गरीबों के बीच कम्बल एवं चूड़ा व तिलकुट का वितरण किया।इस दौरान बभनटोली निवासी पूर्व मुखिया स्व. सरजू सिंह के द्वितीय पुत्र स्व.सुबोध सिंह की 16 वीं पुण्यतिथि मनाई गई।इस मौके पर अनुमण्डल चिकित्सक पदाधिकारी राघवेन्द्र भारती,डॉ. अभय कुमार एवं डीएवी स्कूल के प्रिंसिपल पी साह मौजूद रहे।आगंतुकों ने पुण्यतिथि के अवसर स्व. सुबोध सिंह के पुत्रों नीरज कुमार सिंह एवं धीरज कुमार सिंह के द्वारा गरीबों के बीच कंबल वितरण कार्य को सराहा।साथ ही पुण्यतिथि के मौके पर चित्र पर आगंतुकों ने माल्यार्पण कर एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।पुण्यतिथि के मौके पर समाजसेवी स्व सुबोध सिंह के बड़े बेटे नीरज कुमार सिंह ने बाजार समेत इमलिटांड़,सतिस्थान एवं महसई मोहले के लोगों के बीच जाति धर्म से हटकर दर्जनों गरीब व असहाय लोगों के बीच ठंढ से बचाव के लिए कंबल चादर का वितरण किया।वहीं लोजपा प्रदेश उपाध्यक्ष ने बताया कि वे अपने पिता की पुण्यतिथि के अवसर पर प्रत्येक वर्ष मकर संक्रांति के दिन गरीबों एवं असहाय लोगों के बीच कम्बल व चादर के साथ चूड़ा व तिलकुट का वितरण करते हैं।वहीं कम्बल व चादर के साथ चूड़ा-तिलकुट पाकर लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना कि।साथ ही परिवारों के सदस्यों को ढ़ेर सारा आशीर्वाद व प्यार दिया। मौके पर नगर पंचायत के वार्ड संख्या 7 के वार्ड पार्षद प्रतिनिधि गोपाल सिंह,राहुल कुमार,बजाज शोरूम के मालिक शम्भू शरण सिंह,विवेक कुमार,नीलभ कुमार सिंह सहित दर्जनों गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# सिरदला: सेवानिवृत प्रधानाध्यापक का मनाया गया प्रथम पुण्यतिथि



लोकतंत्र की आवाज

प्रदीप प्रसाद संवाददाता सिरदला

सिरदला प्रखंड के बरदाहा गांव निवासी सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक कामेश्वर मेहता जी का प्रथम पुण्यतिथि धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर पुत्र सतेंद्र कुमार सत्येंद्र, पत्नी गौरी देवी, पुत्रवधू उर्मिला देवी, रजनी देवी, राजेंद्र चौधरी, पौत्र सुबोध राज, राजीव रंजन ने उनके तैलिया चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस पुण्यतिथि पर शिव चर्चा कार्यक्रम कर भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित दर्जनों भाई बहनों के द्वारा पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।

# किसान मोर्चा के सह प्रभारी द्वारा भाजपा के अध्यक्षो का सम्मान समारोह आयोजित

लोकतंत्र की आवाज़



गया। जिला भाजपा किसान मोर्चा के सह प्रभारी डॉ. मनीष पंकज मिश्रा के कार्यालय नूतन नगर कालीबाड़ी में गया जिला भाजपा के अध्यक्षो का सम्मान समारोह आयोजित किया गया है। इस अवसर पर गया जिला भाजपा के दोनों अध्यक्षों, विजय कुमार मांझी और प्रेम प्रकाश चिंटू, का अभिनंदन किया गया है। दोनों अध्यक्षों को भगवान विष्णु के चरण चिन्ह, अंगवस्त्र, माला, और फूल भेंट कर उनका स्वागत किया गया है।इस कार्यक्रम मे भाजपा कार्यकर्ताओं और अन्य लोगो ने भाग लिया है। इस अवसर पर डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने स्वागत करते हुए दोनों अध्यक्षों के चयन की सराहना की और कहा की उनके नेतृत्व में गया जिला संगठन और मजबूत होगा।दोनों अध्यक्षों का अनुभव संगठन के लिए प्रेरणादायक बताया है। उन्होंने कहा कि विजय कुमार मांझी और प्रेम प्रकाश चिंटू के समर्पण और मेहनत से पार्टी को नई ऊर्जा मिलेगी और वे संगठन को ऊंचाइयों तक ले जाएंगे।दोनों अध्यक्षों के प्रति अपने सहयोग का संकल्प व्यक्त किया कहा की भाजपा संगठन को और मजबूत बनाने के लिए मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता जाहिर की है।इस कार्यक्रम के अंत में डॉ. मिश्रा ने सभी कार्यकर्ताओं और अतिथियों का आभार प्रकट किया और कहा कि यह सम्मान समारोह भाजपा के संगठनात्मक एकता और समर्पण का प्रतीक है। इस अवसर पर दोनों अध्यक्षों के द्वारा उदगार व्यक्त करते हुए कहा पार्टी के शिष्य नेताओं के द्वारा मुझे जो दायित्व दिया गया है आने वाला विधान चुनाव में दसों विधानसभा सीट एनडीए गठबंधन की झोली में होगी डॉ मनीष पंकज मिश्रा एवं भाजपा कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा की सभी कार्यकर्ताओं को सम्मान दिया जाएगा।आज के कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता प्रदेश का समिति सदस्य सरजू ठाकुर, अशोक प्रसाद भारती , जिला मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर एस राजेश आनंद अधिवक्ता राणा रणजीत सिंह मिथिलेश मांझी डॉ जेड खान दीपक पांडे कमल बारिक मुन्नीलाल सुधांशु मिश्रा पवन सिंह हीरा यादव महेश यादव बबलू गुप्ता आदि लोगों उपस्थित होकर बधाई और शुभकामनाएं दी गई है।

# तीन माह से बिजली विभाग में नहीं है स्मार्ट मीटर,नगर वासियों को हो रही परेशानी, नए कनेक्शन धारियों को नहीं मिल रहे हैं बिजली कनेक्शन





लोकतंत्र की आवाज

राजेश कुमार सिन्हा

रजौली। नगर पंचायत क्षेत्र में नए विद्युत कनेक्शन के लिए लोगों को बिजली विभाग के कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ रहा है।इसके पीछे का मुख्य कारण बिजली विभाग की लापरवाही से उनके पास शहरी क्षेत्र के लिए स्मार्ट मीटर ही उपलब्ध नहीं है।नगर पंचायत के उपभोक्ता बभनटोली गांव निवासी सीमा देवी,रंजीत कुमार,रामप्रसाद सिंह,विकास कुमार सिंह व राजेन्द्र प्रसाद यादव ने बताया कि उन्होंने नए विद्युत कनेक्शन के लिए आवेदन किया था।लेकिन बिजली विभाग द्वारा स्मार्ट मीटर युक्त विद्युत कनेक्शन अबतक नहीं दिया गया है।वहीं किसी उपभोक्ता के घर में गृहप्रवेश,शादी एवं अन्य मांगलिक कार्य होना है और इस स्थिति में बिजली कनेक्शन नहीं मिलने से लोगों में रोष व्याप्त है।वहीं कुछ उपभोक्ताओं ने कहा कि बीते वर्ष 2024 के नवंबर माह से विद्युत कनेक्शन के लिए बिजली विभाग कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं।वहीं बिजली विभाग के कर्मियों द्वारा बताया जा रहा है कि स्मार्ट मीटर की एजेंसी के पास ही मीटर नहीं आ रहा है।इस बाबत बिजली विभाग के कनीय अभियंता भगीरथ प्रसाद ने बताया कि बीते डेढ़-दो माह से शहरी क्षेत्र के लिए स्मार्ट मीटर नहीं है।जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में स्मार्ट मीटर लगवाया जा रहा है।साथ ही उन्होंने कहा कि आगामी 20 जनवरी तक शहरी क्षेत्र के लिए बिजली मीटर उपलब्ध हो जाने पर नगर पंचायत के उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर के साथ बिजली कनेक्शन दे दिया जाएगा।

# मेसकौर : शिव चर्चा सुनने के लिए लोगों की उमड़ी भीड़

लोक तंत्र की आवाज



मेसकौर (नवादा)। नवादा जिला के मेसकौर प्रखंड क्षेत्र के बीजू बीघा बाजार स्थित तिलैया नदी तट के किनारे लठिया घाट के समीप शिव मंदिर परिसर में शिव भक्तों के सहयोग से मंगलवार को शिव चर्चा का आयोजन किया गया। जहां बड़ी संख्या में-दूर दराज से आए शिव भक्तों के द्वारा भव्य शिव चर्चा व भजन प्रस्तुत किया गया। जहां उपस्थित लोगों ने भक्ति भाव से झूम उठे। सभी शिव वक्ताओं के द्वारा चर्चा करने के उपरत कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य वक्ता मनोज कुमार मंटू उर्फ मंटू भैया ने कहा कि भगवान भोलेनाथ देवों के देव महादेव हैं। शिव की गुरु स्वरूप की चर्चा में आज हमलोग एकत्रित हुए हैं। प्राचीन इतिहास में कोई धर्म नहीं था किताबों में कहा गया है कि अगर धर्म अलग होता है सभी का सूर्य भी अलग होता, चंद्रमा भी अलग होता। हालांकि आज मां और बेटा बट गया, पति और पत्नी बट गए। परंतु हम सभी की आत्मा एक है।सभी को एक दिन इस लोक से जाना है और धन, दौलत और शोहरत सभी यही रह जाएगा।शिव मंदिर में नही है, शिव आपके आत्मा में है। सभी के शरीर में शिव व्याप्त है अगबती जलाने, नारियल फोड़ने से शिव नहीं मिलते हैं। शिव को अपने आत्मा से स्मरण कीजिए। शिव के भक्त बनने के लिए शाकाहारी व मांसाहारी होना आवश्यक नहीं है। मांसाहारी, शाकाहारी सभी लोग शिव से दया मांग सकते हैं।धरती पर महामारी आने लगी, बाढ़ आने लगे इससे बचाव के लिए लोग शिव को भजने लगे। क्योंकि शिव कल्याण कारी है।कोरोना जैसे महामारी को भी हम लोगों ने झेला है।उस महामारी में भी हम सभी शिव शिष्य सुरक्षित है। यही शिव की महिमा है। इसलिए शिव को गुरु जरूर बनाएं।मृत्युलोक का स्वरूप बदल रहा है अभी तक लगभग 10 करोड़ लोग शिव को गुरु मान चुके हैं।कार्यक्रम के मुख्य आयोजक कर्ता महेश्वर प्रसाद, शिवशंकर प्रसाद, रेनू देवी, सुनीता देवी ने बताया कि इस सभा में लगभग चार से पांच हजार शिव भक्त उपस्थित होकर शिव की महिमा का व्याख्या के साथ-साथ भजन किया।

# नेताजी सुभाषचंद्र छात्रावास में छात्रों ने धूमधाम से मनाई मकर संक्रांति

लोकतंत्र की आवाज

राजेश कुमार सिन्हा

रजौली। प्रखंड क्षेत्र के हरदिया पंचायत के चिरैला स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय छात्रावास में मकर संक्रान्ति पर छात्रों के बीच विशेष उत्साह देखने को मिला। छात्रों ने दही चूड़ा तिलकुट खाकर भरपूर आनंद लिया। सुखसमृद्धियुतः सदा जीवनः भवतु।मकरसंक्रान्तिशुभाशयाः। तिलगुडं च मधुरं, जीवनं भवतु सुगंधितम्।मकरसंक्रान्तिः शुभमंगलम्।संस्कृत के इस श्लोक से शिक्षक अमृत रंजन ने छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए हुए बताया कि मकर संक्रान्ति भारतवर्ष और नेपाल में विभिन्न रूपों में मनाया जाता है।भारत के अलग-अलग हिस्सों में इसे अन्य नामों से जाना जाता है।बिहार में 'तिल संक्रांत', पंजाब में 'लोहड़ी' पर्व, उतराखंड में 'उतरायणी', गुजरात में 'उत्तरायण', केरल में 'पोंगल', गढ़वाल में 'खिचड़ी संक्रान्ति' आदि नाम से जाने जाते हैं।समान्यतः अंग्रेजी कैलेंडर के चौदह या पंद्रह जनवरी को यह पावन मनाया जाता है।इस दिन सूर्य पौष मास में धनु राशि से निकलकर मकर राशि में प्रवेश करते है।मकर संक्रान्ति के साथ अनेक पौराणिक घटना जुड़े हुए हैं,इस दिन गंगा जी भगीरथ के पीछे-पीछे चलकर कपिल मुनि के आश्रम से होकर सागर में जा मिली थी।इसीलिए आज के दिन गंगा स्नान व तीर्थ स्थलों पर स्नान दान का विशेष महत्व माना गया है।इस दिन व्यक्ति को यथासंभव किसी गरीब को अन्नदान,तिल व गुड़ का दान करना चाहिए।इस मकर संक्रान्ति पर 12 वर्ष बाद लगने वाला महाकुंभ मेला




प्रयागराज में लग रहा है,महाकुंभ के स्नान का भी बहुत महत्त्व है। छात्रावास में छात्रों को खाने के लिए इस पावन अवसर पर दही,चुड़ा, गुड़, तिलकुट आदि का विशेष प्रबंध प्रधानाध्यापक सह संचालक सोमनाथ के द्वारा किया गया।इस मौके पर पूर्व संचालक राजीव कुमार,छात्रावास प्रबंधक सुनील कुमार,शिक्षक सौरव यादव, राजकुमार साव,रात्रि प्रहरी रविंद्र कुमार व समेत सभी छात्रगण मौजूद रहे।

# देशी महुआ शराब के साथ दो बाइक जब्त, एक धंधेबाज गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज

राजेश कुमार सिन्हा

रजौली। थाना क्षेत्र के जॉब जलाशय के पास पुलिस बलों ने छापेमारी कर एक बाइक पर लदे 104 लीटर देशी महुआ शराब जब्त किया,जबकि शराब धंधेबाज भागने में सफल रहे।थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र को शराबमुक्त बनाने को लेकर पुलिस बलों के सहयोग से शराब निर्माण,परिवहन,भंडारण,बिक्री एवं सेवन के विरुद्ध लगातार छापेमारी की जा रही है। सोमवार की शाम गुप्त सूचना के आलोक में पुलिस बलों के सहयोग से जॉब जलाशय के समीप एक बाइक पर लदे 104 लीटर देशी महुआ शराब को



बरामद किया गया।वहीं शराब धंधेबाज भागने में सफल रहा। वहीं दूसरी ओर बाजवा तरी मोड़ के समीप एक बाइक पर शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार शराब धंधेबाज की पहचान नवादा जिले के नेमदारगंज थाना क्षेत्र के हसनपुर गांव निवासी कारू राम के पुत्र महेंद्र राम को गिरफ्तार किया गया है।थानाध्यक्ष ने बताया कि जब्त शराब एवं दोनों बाइकों के अलावे गिरफ्तार युवक के विरुद्ध बिहार उत्पाद अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।वहीं मंगलवार को गिरफ्तार शराब धंधेबाज को अस्पताल में स्वास्थ्य जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### उरई : जिला सैनिक एवं पुनर्वास कार्यालय में 9 व वेटरन्स दिवस मनाया गया



**उरई ।** जनपद के जिला सैनिक एवं पुनर्वास कार्यालय में 9वॉ वेटरन्स दिवस मनाया गया जिसमें जनपद के भूतपूर्व सैनिकों एवं वीरनारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर जनपद के जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कमांडर नयन सिंह रावत (सेवानिवृत) के द्वारा वीर नारियों, द्वितीय विश्वयुद्ध में देश का प्रतिनिधित्व करने वाले स्वर्गीय भूतपूर्व सैनिकों की वीरांगनाओं, देश की सेवा के दौरान वीरता प्राप्त अधिकारी एवं सैनिकों को फूल माला पहनाकर, शॉल एवं प्रशंसा पत्र से सुशोभित किया गया। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ने द्वितीय विश्वयुद्ध में देश का प्रतिनिधित्व करने वाले जनपद के स्वर्गीय भूतपूर्व सैनिकों की वीरांगनाओं को दो-दो हजार रुपए के चैक भी प्रदान किये ।

### बलिया : अभियुक्त गिरफ्तार

**घनश्याम तिवारी**

पुलिस अधीक्षक बलिया ओमवीर सिंह के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार झा के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी सिकन्दरपुर आशीष मिश्र के कुशल नेतृत्व में सिकन्दरपुर पुलिस टीम को मिली सफलता । मंगलवार को थाना सिकन्दरपुर प्रभारी निरीक्षक विकास चन्द पाण्डेय अपने पुलिस टीम द्वारा पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त अंश कुमार राजभर पुत्र राजकुमार राजभर निवासी मोहल्ला चकखान कस्बा 22 वर्षीय को मुखवीर की सूचना पर हास्पिटल तिराहा कस्बा सिकन्दरपुर से समय 09.50 बजे गिरफ्तार किया गया । विधिक कार्यवाही करते हुये अभियुक्त का चालान मा0 न्यायालय किया गया । इस अवसर पर प्र0नि0 विकास चन्द पाण्डेय ,उ0नि0 ज्ञानप्रकाश तिवारी हे0का0 राममिलन ,हे0का0 सौरभ यादव थाना सिकन्दरपुर उपस्थित रहे

### बलिया : तीन विद्युतउपकेंद्रों से जुड़े सैकड़ो गाँवो की बिजली आपूर्ति ठप

**बलिया।** विगत सोमवार को 132/33केवी विद्युतउपकेन्द्र करमौता से जुड़े तीन विद्युतउपकेन्द्र पहराजपुर, गौरामदनपुरा एवं तुर्की दौलतपुर की विद्युत आपूर्ति करीब 24 घन्टे से अधिक समय तक ठप है ।भयंकर शीतलहर एवं हाडकपाउँ ठंड में इन विद्युत उपकेंद्रों से जुड़े करीब सैकड़ो गाँव अंधेरे में डूबे हुए हैं। वही इन गाँवो में छोटे बड़े कुटीर उद्योग बंद पड़े हैं तो वही लोगो के आज के मुख्य संचार या यों कहें लाइफ लाइन मोबाइल भी बंद पड़ गए हैं। विद्युत उपकेंद्र पहराजपुर के अवर अभियंता विश्वजीत सिंह ने बताया कि करमौता केंद्र से 33 केवी की सप्लाई करने वाली केबल बर्स्ट हो जाने एवं कुछ अन्य फाल्ट होने के कारण विद्युत आपूर्ति बाधित हुई है। केबल बदलने का कार्य चल रहा है। जल्द ही विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

### किरतपुर नेशनल हाइवे पर स्थित भनेड़ा टोल प्लाजा पर युवकों द्वारा जन्मदिन मनाने पर यातायात हुआ बाधित

**रिपोर्ट रोहित कुमार**

**किरतपुर ।** नजीबाबाद किरतपुर नेशनल हाइवे पर स्थित भनेड़ा टोल प्लाजा पर कुछ युवकों ने जन्मदिन कुछ ऐसे अंदाज में बनाया जिस से पूरा यातायात ही बाधित हो गया, हद तो जब हो गई जब युवकों ने अपनी अपनी कारों से हाइवे के बीचो बीच लगातार गोल गोल चक्कर लगाने लगे और बड़े हादसे को दावत दे रहे थे गनीमत रही के कोई अनहोनी होने से बच गई और युवकों ने इकट्ठा होकर सड़क पर केक भी काटा और काफी समय तक आतिशबाजी भी जलाई ओर हुड़दंग मचाते रहे और नजीबाबाद की ओर चले गए, टोल प्लाजा के मैनेजर ने बताया कि ये घटना एक हफ्ते पुरानी है और इस की सूचना उन्होंने पुलिस को भी दी थी जिस में पुलिस भी युवकों की तलाश में लगी हुई है और मिलने पर उन पर उचित कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# जनपद में खाद की कालाबाजारी का खेल लगातार जारी, जनपद से मध्यप्रदेश के लहार में सप्लाई की जा रही भारी मात्रा में खाद

**लोकतंत्र की आवाज**



**उरई जालौन ।** जालौन जिले में रबी की फसल लगभग खड़ी हो चुकी है और इस समय किसानों को खाद की बड़ी आवश्यकता है, ताकि वह फसल से अच्छी पैदावार कर सके। लेकिन किसानों को खाद के लिए अभी भी इधर उधर भटकना पड़ रहा है। हालत यह है कि 10 बोरी की जरूरत होने पर दो बोरी खाद नहीं मिल पा रही है। कारण यह है कि कुछ समितियों में खाद तो है लेकिन ग्रामीण क्षेत्रो की बहुत सारी समितियों में खाद की उपलब्धता नही है जिससे किसानों को ज्यादा दूरी होने के कारण प्राइवेट खाद विक्रेताओं से 200 से 300 रुपये अधिक दामों में मजबूरी में खाद खरीदनी पड़ रही है। माधौगढ़ क्षेत्र की कई प्राईवेट दुकानों से तो मध्यप्रदेश के लहार में सैकड़ो बोरियो की हर रोज सप्लाई की जा रही है। जिससे जनपद के किसानों को खाद आसानी से उपलब्ध नही हो पा रही है। किसानों का कहना है कि प्रति वर्ष उनके साथ ऐसा ही होता है। जिम्मेदार कोई प्लानिंग नहीं करते हैं। जिससे इसका खामियाजा किसानों को हर वर्ष भुगतना पड़ता है। और किसानों को समय से खाद न मिलने से फसल चौपट हो रही है। जिससे फसल की पैदावार में सीधा असर पड़ेगा। वैसे ही किसान खरीफ की फसल में पूरी तरह से बर्बाद हो चुके हैं। रबी की फसल की बुआई के समय किसानों को जैसे तैसे बड़ी मशक्कत के बाद खाद मिल थी। लेकिन किसानों को अच्छी पैदावार करने के लिए बीच बीच में फसल मे खाद लगानी पड़ती है जिसके लिए खाद की किल्लत से अभी भी जूझना पड़ रहा है। जिसके लिए जिले की सहकारी समितियों में समय पर खाद न होने से किसान खाद के लिए भटकने को मजबूर हैं। जिसका सबसे बड़ा कारण है कि मध्य प्रदेश की सीमा से सटे माधौगढ़ क्षेत्र के करीब 20 गाँव के किसान खाद के लिए बहुत परेशान है क्योंकि उनके गाँवो के करीब की समितियों में खाद की उपलब्धता नही है। जबकि कुछ समितियों में खाद है। लेकिन गाँव से अधिक दूर होने के कारण किसान वहां तक पहुचने में असमर्थ है, क्योकि किसानों को बीच फसल में बहुत कम खाद की आवश्यकता पड़ती है इस दौरान अगर एक किसान को 5 बोरी खाद चाहिए हो तो उसे 20 किलोमीटर दूर की समिति में खाद लेने जाना पड़ेगा। जिससे उसके वाहन ईंधन का खर्च बहुत पड़ जाता है, इसलिए किसान पास में ही स्थित प्राइवेट खाद बिक्रेताओं से 200 से 300 रुपये अधिक दामों में महंगी खाद मजबूरी में खरीदनी पड़ती है। खाद की किल्लत के चलते किसानों को बंगरा स्थित प्राइवेट खाद की दुकान रूही एग्रो एजेंसी बंगरा, प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र बंगरा, धीरेंद्र ट्रेडर्स बंगरा के यहां से किसान 200 से 300 रुपये अधिक दामों में मजबूरी में खाद खरीद रहे हैं।

माधौगढ़ और नदीगांव ब्लाक के बीच बसे मध्यप्रदेश बार्डर से सटे दर्जनों गांव के किसान डीएपी और यूरिया खाद न मिलने से परेशान हो रहे हैं। इस समय अच्छी फसल पैदावार करने के लिए किसानों को खाद की जरूरत है, लेकिन डीएपी और यूरिया की किल्लत के चलते किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। माधौगढ़ ब्लॉक व नदीगांव ब्लाक के बीच स्थिति सहकारी समितियो में खाद न होने से किसान परेशान हैं। किसान नीरज कुमार, दीपक कुमार, अमित कुमार, कृष्णपाल सिंह, रमेश, मोहन, गंगाराम, दिनेश, आदि ने बताया कि अधिकारियों की अनदेखी के चलते समितियों में डीएपी और यूरिया खाद के न होने से किसान चक्कर लगा रहे हैं। किसानों का कहना है कि शीघ्र ही खड़ी फसल को खाद नही मिली तो उत्पादन में गिरावट होगी। लेकिन आस पास की समितियों में खाद न मिलने के कारण सरसों, मटर, गेंहू की खड़ी फसल में खाद नही लग पा रही है। ऐसा ही मामला आज बंगरा में रुही एग्रो एजेंसी से खाद की कालाबाजारी कर ट्रेक्टर ट्राली व लोडर में आधा सैकड़ा से अधिक बोरी मध्यप्रदेश के लहार ले जाई जा रही थी तभी इसकी जानकारी किसानों ने मीडिया कर्मियों व अधिकारियों को दी, तो अधिकारी तो मौके पर नही पहुँचे लेकिन मीडियाकर्मियों के मौके पर पहुंचने से वहां हड़कंप मच गया, जिससे प्राइवेट खाद विक्रेता रुही एग्रो एजेंसी का संचालक भड़क गया और मीडिया कर्मियों को अपने दुकान के कर्मचारियों सहित घेर कर धमकी बातों में हिला लिया और खाद से लदा ट्रैक्टर निकाल दिया और बाद मे मीडिया कर्मी से कहा जो करना है कर लेना हर रोज खाद ऐसे ही बेची जाएगी। उसने मीडिया कर्मी को पूर्व ब्लाक प्रमुख माधौगढ़ की धमकी दे डाली और कहा कि खाद ऐसे ही बेची जाएगी और खाद से भरी ट्रेक्टर ट्राली व लोडर मीडिया कर्मी के सामने से निकलवा दी। इस दौरान मीडियाकर्मियों ने खाद की कलाबाजरी की सूचना एसडीएम माधौगढ़, थाना माधौगढ़ और जिला कृषि अधिकारी को दी। लेकिन खाद माफिया के आगे इन सबने अपने हाथ खड़े कर दिए।

# बिजनौर: प्रतिबंधित चाइनीज मांझे की बिक्री पर लगे रोक नईम सिद्दीकी



**लोकतंत्र कीआवाज**

**रिपोर्ट मुकेश सिंह**

**नजीबाबाद।** प्रतिबंधित चाइनीज मांझे की बिक्री पर रोक हेतु क्षेत्र के मीडियाकर्मियों ने सिटी प्रेस क्लब के बैनर तले एक मांग पत्र नजीबाबाद कोतवाल जय भगवान को संबोधित एसएसआई ईलम सिंह को सौंपा। मांग पत्र में कहा कि प्रतिबंध चाइनीस मांझे के चलते विगत कई सालों से नजीबाबाद थाना क्षेत्र में कई घटनाएं हो चुकी है। जिसमें कई लोग गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं। कई लोगों के गर्दन, हाथ, पैर पर गहरे घाव इस मांझे के कारण हो चुके हैं। हाल ही में उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में यूपी पुलिस के सिपाही जो कि अमरोहा के निवासी थे। चाइनीस मांझे के चपेट में आकर उनकी दर्दनाक मौत हो गई। प्रतिबंध मांझा नजीबाबाद थाना क्षेत्र में धड़ल्ले से बिक रहा है। नजीबाबाद सिटी प्रेस क्लब के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यगणो ने जनहित में कोतवाल जय भगवान से अपील की है थाना क्षेत्र में बिक रहे प्रतिबंधित चाइनीज मांझे को बेचने वाले व पतंग उड़ाने पर चाइनीज मांझे का प्रयोग करने वालों के खिलाफ सघन अभियान चला कर उचित कार्रवाई की जाये और इसकी बिक्री पर पूर्णतय रोक लगाई जाए। मांग पत्र देने वालों में सिटी प्रेस क्लब के संरक्षक जितेंद्र जैन, संस्थापक टी.एस मलिक, नवाब अली, अध्यक्ष नईम सिद्दीकी, महामंत्री अंकित शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गुलजार अहमद, उपाध्यक्ष अभिनव अग्रवाल एडवोकेट, खिजर अहमद, हिफजर रहमान, राजवीर सिंह, अंकित वर्मा, विकास चौधरी, मोहम्मद जीशान राज शर्मा, आदि मीडियाकर्मी मौजूद रहे।

## मकर संक्रांति के पावन पर्व पर सिद्ध बाबा मंदिर पर वितरण की गई खिचड़ी



**लोकतंत्र कीआवाज**

**उरई जालौन।** आज एकलव्य शाखा बघौरा द्वारा मकर संक्रांति के पावन पर्व के अवसर पर सिद्ध बाबा के स्थान चुर्खी रोड बघौरा में खिचड़ी वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें शहर के गणमान्य लोग एवं स्वयंसेवकों व नागरिकों द्वारा बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया गया। तथा नगर के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के माननीय नगर संघचालक लाल जी सिंह व नगर सह संघचालक अजय इटौदिया, नगर प्रचारक सचिन , भाईसाहब, रूद्रप्रताप सिंह, राजेश सिंह जादौन, सौरभ चौहान, मिस्टर, भागीरथ, अंकित, बरिष्ठ भाजापा नेता दिवाकर शास्त्री, खोजी पत्रकार विष्णु चतुर्वेदी, एवं अन्य गणमान्य नागरिक भूपेन्द्र सिंह, गोविंद सिंह,सोबरन यादव,बबलू सोनी,नरेश सिंह एवं अन्य गणमान्य व श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। एवं बड़ी संख्या में भक्तों द्वारा बसों को रोक कर प्रसाद वितरण किया जहां सैकडो की संख्या भक्तों की भीड़ उमड़ी, जगह जगह प्रसाद वितरण के भंडारे चल रहे।

## बिजनौर मंडावर थाना प्रांगण में हुई शांति समिति की बैठक

**लोकतंत्र कीआवाज**



**रिपोर्ट मुकेश सिंह**

थाना प्रांगण में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र ड के संभ्रांत लोगो ने सिओ सिटी के सामने क्षेत्र की समस्याओं को रक्खा वही सीओ ने सभी संभ्रांत लोगो को उनकी समस्यायों का निस्तारण करने की बात कही। कल सोमवार की दोपहर थाना प्रांगण में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए। क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने मीटिंग की अध्यक्षता कर रहे सीओ सिटी संग्राम सिंह को क्षेत्र की समस्याओं को अवगत कराते हुए बताया की कस्बे में स्थित धर्मशाला मंडावर सोमवार को के पीछे मस्जिद की कुछ भूमि आ रही है। जिसमे विवाह के दौरान पशुओं को काटा जाता है। जिसके चलते पक्षी काटे गए पशुओं के अवशेष इधर उधर डाल देते हैं। जिसके चलते काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसा करने वाले कस्वे वासियों को पशुओं के अवशेष को गड्ढा खोद कर दबा देना चाहिए। वही चंदक निवासी युवक ने मीटिंग में बोलते हुए साप्ताहिक बाजार में सफाई का मुद्दा उठाया।। वही कस्बे के मुख्य चौराहों पर हो रहे अतिक्रमण से दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है। वही सीओ संग्राम सिंह ने पुलिस को निर्देशित करते हुए गलत कार्य कर रहे लोगो पर कार्यवाही रहे। करने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी लोग अपने बच्चो को नशा करने से दूर रक्खे क्योंकि नशे की लत से ही युवा गलत कार्य में पड़ते हैं। और अपनी गैंग बनाकर अपराध करने पर उतारू हो जाते है। जिसके कारण नव युवकों का भविष्य खराब हो जाता है। और जेल तक जाने की नौवत आ जाती है। अगर किसी भी क्षेत्र के गांव ने अवेध शराब या नशे का कारोबार चल रहा है तो। उन गांवो के ग्रामीण मंडावर थाने को सूचना दे अगर मंडावर पुलिस उनकी बात नही सुनती है तो बह सीधा मुझे या उच्च अधिकारियों को अवगत कराए सीओ संग्राम सिंह ने कहा की मंडावर क्षेत्र हिंदू मुस्लिम भाईचारे की मिशाल है। सभी आगामी त्योहार मिल जुलकर बनाए आपसी भाईचारा बनाए रक्खे इस दौरान थाना प्रभारी मृदुल कुमार सिंह ने भी सभी लोगों से आगामी त्योहारों को मिल जुल कर मनाने के लिए कहा इस दौरान बैठक में नईम अहमद, कैलाश उपाध्याय, सुनील पाल, अरविंद अग्रवाल, ग्राम प्रधान जगदीश, अंकुल, सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित।

# बिजनौर: सांसद चंद्रशेखर ने कीचड़ भरे रास्तों अफसरों को चलवाया , कहा- 15 दिन में रास्ते को ठीक करवाएं अधिकारी

**लोकतंत्र की आवाज़**



**रिपोर्ट राजेंद्र चौहान**

बिजनौर के नगीना लोकसभा से सांसद चंद्रशेखर की एक वीडियो सामने आया है। वीडियो किरतपुर क्षेत्र के सराय इम्मा गांव का है। वीडियो में सांसद अफसरों के साथ गांव में कीचड़ से भरे खराब रास्ते पर चलते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस दौरान सांसद चंद्रशेखर ने सरकारी अफसरों से 15 दिन के अंदर सड़कों को ठीक कराए जाने के निर्देश दिए। सांसद चंद्रशेखर गांव की समस्याओं को लेकर गांव में कैंप लगाने पहुंचे थे। चंद्रशेखर का कहना है कि उनके पास गांव की समस्याओं की पूरी लिस्ट है। गांव की सड़कों पर गंदगी, पानी निकासी की कोई व्यवस्था नहीं, सड़कें खराब हैं, जिससे लोगों को आने जाने में काफी दिक्कत है। और भी कई समस्या है, जैसे पेंशन आदि। आज हमने इन सभी समस्याओं को देखते हुए अधिकारियों से संपर्क कर गांव में कैंप लगाया था। साथ ही आसपास के दो गांव और हैं। इन गांव की बुरी हालत को यहां के एडमिनिस्ट्रेशन को दिखाना जरूरी था। आज मैंने इसी खराब रास्ते पर जिस पर जनता चलती है उन अफसरों को चलवाया और वह खुद भी इस रास्ते पर चले हैं। इसमें उनके जूते कपड़े खराब हो गए। उन्हें एहसास होना चाहिए जनता कैसा जीवन जी रही है। उत्तर प्रदेश सरकार से कहना चाहता हूं उनके पास जनता के द्वारा दिया गया मैंडेट है। उन्हें बेहतर काम करना चाहिए, जितनी निधि उन्हें मिलती है उतना काम करा दिया है। लेकिन उसके बाद भी कुछ काम पेंडिंग रह गए। विधायक और संसद की निधि बराबर है, जबकि विधायक के पास एक विधानसभा है और सांसद के पास पांच विधानसभा है।मैंने अधिकारियों को 15 दिन का समय दिया है कि कार्य योजना बनाकर काम को कराएं और अगर 15 दिन में कार्य नहीं हुआ तो फिर इनसे बड़े अधिकारियों को यहां बुलाया जाएगा और जनता की समस्या दिखाई जाएगी।

# यूपी के परिषदीय स्कूलों में समय से पहुंचेंगी किताबें, शुरू हुई तैयारी... पाठ्य-पुस्तकें नहीं पहुंचाई तो नपेंगे बीएसए

**लोक तंत्र की आवाज**



**रत्ना**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में परिषदीय प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों के लिए नए शैक्षिक सत्र 2025-26 में पाठ्य-पुस्तकें समय पर पहुंचाने की तैयारी शुरू हो गई हैं। सभी जिलों के बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे किताबें सीधे विद्यालयों तक पहुंचाएं। पाठ्य-पुस्तकों की ढुलाई में होने वाले खर्च का आंकलन कर बजट विभाग से मांग की ब्लॉक संसाधन केंद्रों (बीआरसी) तक ही किताबें न ही पहुंचाई जाएं, बल्कि प्रत्येक विद्यालय तक इसे पहुंचाने की व्यवस्था की जाए। पाठ्य-पुस्तकों की ढुलाई में होने वाले खर्च का आंकलन कर बजट विभाग से मांगें। महानिदेशक, स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा की ओर से नए सत्र के लिए किताबों के वितरण की व्यवस्था अभी से शुरू किए जाने के आदेश सभी जिलों के बीएसए को दिए गए हैं। वर्तमान शैक्षिक सत्र में अधिकांश जिलों से शिकायतें आईं थी कि ब्लॉक संसाधन केंद्रों से किताबों की ढुलाई शिक्षकों से कराई गई। प्रधानाध्यापक ने किसी तरह इन्हें विद्यालय पहुंचाने की व्यवस्था की। इसके कारण किताबें समय पर विद्यालय नहीं पहुंच पाईं। ऐसे में एक अप्रैल से शुरू हो रहे नए शैक्षिक सत्र से पहले ही जरूरी व्यवस्थाएं पूरी कर ली जाएं। अगर किसी जिले में किताबें देर से पहुंचने या शिक्षकों से ढुलाई कराने की शिकायत मिली तो संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) व बीएसए से जवाब-तलब किया जाएगा।

# बलिया : अहंकार मनुष्य का प्रबल शत्रु

**लोकतंत्र की आवाज़**

**घनश्याम तिवारी**

**बलिया।** आचार्य शान्तनु जी कर्नाटक से चलकर राजसूय यज्ञस्थल पर पधारे योगाचार्य स्वामी जयदेव ब्रह्मचारी ने नित्य की भाँति प्रशिक्षुओं को योगाभ्यास कराया। अपनी टीम के साथ भक्तिभूमि श्रीधाम वृन्दावन से चलकर सरयू तटवर्ती ग्राम इहा बिहरा (जिला बलिया) की धरती पर आयोजित राजसूय महायज्ञ में पधारों साध्वी सरोज बाला ने कृष्ण-जन्मोत्सव की बधाइयाँ गाकर सबको आनन्दित कर दिया। उन्होंने कन्स के भेजे अनेक राक्षसों के वध और पूतना-उध्दार के प्रसंगों पर गम्भीर वक्तव्य दिया। वैदिक यज्ञमण्डप के अन्तर्गत पं० रेवती रमण तिवारी के आचार्यत्व में यज्ञपुरुष एवं आवाहित अन्यान्य देवी-देवताओं का पूजन अर्चन वन्दन हवन एवं आरती-स्तुति की गयी।

लक्ष्यप्राप्ति श्रध्दा विश्वास जरूरी रामकथा-मर्मज्ञ आचार्य श्री शान्तनु जी महाराज ने रामकथा के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कथा में भगवान का साक्षात् दर्शन सम्भव है क्योंकि - ₹मेरा रिश्ता पुराना है, साँवरे से मिलने का।₹ सात काण्डों में लिखी रामायण को कहीं से उठाकर देखें तो वहीं से आनन्द मिलने लगता है। वस्तुतः यह कथा शंकरजी ने खुद लिखी ₹शंकर ने खुद लिखी है, श्रीराम की कहानी।₹ मानस के अनुसार - ₹रचि महेश निज मानस राखा । पाइ सुसमय शिवा सन भाखा।₹ इन्हीं कारणों से मानस के आरम्भ में भव-भवानी की वन्दना की गयी है। शंकर जी विश्वास रूप और भवानी श्रद्धा रूपा हैं। श्रध्दा-विश्वास के बिना बड़े-बड़े योगी- यती लक्ष्य तक नहीं पहुँच पाते। कहानी जब याद ही है तो कथा सुनते ही क्यों? कोई न कोई रहस्य अवश्य है। सती सँग शंकरजी अगस्त्य ऋषि के पास



जाकर उनसे कथा सुनते हैं सुनी महेश परम सुख मानी।₹ चाहे होते तो शंकर जी कैलास पर कथावाचक बुला लिए होते किन्तु कथा सुनने स्वयं जाना पड़ता है। सो वे कुम्भज ऋषि के पास गये कुम्भात जायते इति कुम्भः।₹ कुछ लोग चलकर कथा सुनते हैं, कुछ घिसटते हैं। हवा न रहने पर साइकिल का यही हाल होता है। रामकथा अगाध और अपार है ₹रामायण शत कोटि अपारा।₹ कथा सुनने के प्रभाव से शंकर को श्रीराम का दर्शन मिला, शम्भु ने दूर से ही राम को प्रणाम किया किन्तु सती के मन में संशय उत्पन्न हुआ। शंकर जी बोले ₹ जो तुम्हरे मन अति सन्देहू, तो तुम जाइ परीक्षा लैह।'' प्रभु की परीक्षा लेने वाले की दुर्गति होती है। सती परीक्षा लेने गयी, शंकर प्रतीक्षा में बैठे, विचार किये होइहें सोइ जो राम रचि राखा।₹ राम ने देखा तो हाथ जोड़ लिया और कहा- देवि ! आप वन में अकेली घूम रही है? महादेव जी कहाँ है। सती निरुत्तर हो गयी, उसने सर्वत्र राम ही राम देखा ₹जहँ ।चितवाहें तहँ प्रभु आसीना ।'' भयमुक्त होना चाहो तो प्रभु की शरण में जाओ। सांसारिक गति- - विधियों पर किसी का अधिकार नहीं, उसे तो परमात्मा ही जानते हैं।संकल्प ले लिया- ₹शिव संकल्प कीन्ह मन माहीं, एहि तन सती भेंट अब नाहीं। किराद्ध-प्रतिष्ठा में मदान्ध दक्ष ने उसी समय यज्ञ ठाना। उसने सबको किया आमन्त्रित किन्तु अपने ही दामाद शंकर को जान बूझकर निमन्त्रण नहीं भेजा। ₹नहिं कोइ अस जनमा जग नाहीं, प्रभुता पाइ जाहि मद नाहीं।₹ आकाश मार्ग से यज्ञ में जा रहे देवताओं को देख सती ने पति से पूछा- ये लोग कहाँ जा रहे हैं। शंकर ने सारी बात बतायी। सती बोली- आपकब चलेंगे? शम्भु ने कहा- भला अनाहूत मैं वहाँ क्यों जाऊँ? सुती बोली- माता पिता गुरु के यहाँ बिना बुलाये भी जाना चाहिए, सो में, जाऊंगी। शंकर ने गों के साथ सती को वहाँ भेज दिया। वहाँ जाते ही सती से उसकी माँ तो बड़े प्रेम से मिली भेंटी किन्तु माँ को छोड्ढ कर सबने सती पर व्यंग्य-वाण बरसाये। माँ की ममता की कहीं कोई समता नहीं है- केहू केतनो दुलारी बाकी माई ना होई। जग में माई बिना केहुवे सहाईना होई। जब सती ने मखशाला में अपने पति का कहीं कोई स्थान नदेखा तो पूति का अपमान उसे असह्य हो गया ₹सबसे कठिन जाति अपमाना।

# बिजनौर: नवागत उप जिलाधिकारी से पत्रकारों ने किया मुलाकात

**लोकतंत्र कीआवाज**



**रिपोर्ट गुरप्रीत सिंह**

**चांदपुर।** अखिल भारतीय पत्रकार प्रेस क्लब के पदाधिकारी और सदस्यों ने नवागत उप जिलाअधिकारी नितिन तेवतिया से औपचारिक मुलाकात कर उन्हें प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। पत्रकारों के उत्पीडन से संबंधित समस्याओं की ओर उपजिलाधिकारी नितिन तेवतिया को अवगत कराया। नवागत उप जिलाधिकारी नितिन तेवतिया ने पत्रकारों को भरपूर सहयोग देने का आश्वासन दिया। अखिल भारतीय पत्रकार प्रेस क्लब के जिला अध्यक्ष अनिल शर्मा के नेतृत्व में संगठन के सदस्यों ने उप जिलाधिकारी को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित भी किया। इस अवसर पर अखिल भारतीय पत्रकार प्रेस क्लब के राष्ट्रीय सह सचिव विनोद शर्मा, मौलाना शाहिद काशमी, जोगिंदर सिंह, नवाब सैफी, अमित शर्मा, मौहम्मद गुलफाम, मो शौकीन सैफी आदि मौजूद रहे।

# संक्षिप्त खबरें ।

## मकर संक्रांति का पर्व उत्साह के साथ मनाया गया



लोकतंत्र की आवाज
दिलीप कुमार ठाकुर
खानपुर/समस्तीपुर। प्रखंड मे मकर संक्रांति पर्व मनाया गया। प्रत्येक वर्ष चौदह जनबरी को ख़ुशी उत्साह के साथ देश का एक जीवंत कर देने बाला पर्व मनाया गया। मकर संक्रांति पर सूर्य दक्षिणायान से उतरायण हो सर्दीओ का अंत एवं गर्मीओ का स्वागत करता है। खर मास की समाप्ति एवं फ़सल कटाई वास्ते मौसम का निर्माण शुरू हो जाता है। इस मौके पर एक खाश स्नान और दान की महिमा है। पुण्य प्राप्ति का एक खाश अवसर भी है। खिचड़ी, तिल और गुड़ खाने का आनंद प्राप्त करना अति शुभ होता है। इसे खाने से रिस्तो मे मिठास आती है। उसमे भी अपनों के साथ चुरा दही चीनी दमदार सब्जी की हर क्षेत्र में अपनी परंपरा होता है। मकर संक्रांति पर पतंगवाजी उड़ते पतंग आसमान मे रंग बिरंगी एक एकता का परिचायक होने के साथ एक अदभुद पल होता है। प्रखंड के कई परिवार के सदस्य महाकुम्भ प्रयागराज मे शाही स्नान दान मे पुण्य अर्जित कर रहे वही प्रखंड के दो त्रिमूहानी रजबाड़ा एवं पिरखपुर घाट पर अहले सुबह से लोगो की भीड़ जुटने लगी थी. लोग गंगा स्नान वास्ते चमथा, अयोध्या घाट एवं सिमरिया धाम भी गए। चारो ओर भक्तिमय वातावरण मे मकर संक्रांति पर्व मनाया गया।

## लंबित कांडों की एसडीपीओ ने की समीक्षा



लोकतंत्र की आवाज
जगदीशपुर/भोजपुर। मंगलवार को जगदीशपुर थाना में लंबित कांड के निष्पादन को लेकर एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह ने लंबित वारंट, ईशतिहार, कुर्की व हत्या और पुलिस पर हमला जैसे गंभीर लंबित कांडों की समीक्षा की। एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह ने कहा कि अनुसंधानकर्ताओं के साथ कांड वार समीक्षा कर कई निर्देश दिए। एसडीपीओ ने कहा कि जो मामले गिरफ्तारी के लिए लंबित है उसमें अविलंब गिरफ्तार करें। उन्होंने सभी अनुसंधानकर्ताओं को अनुसंधान में तेजी लाने, वैज्ञानिक अनुसंधान का सहारा लेने का निर्देश दिया। इस मौके पर उन्होंने थाना क्षेत्र के विभिन्न कांडो का अवलोकन कर मामले को शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश दिया। साथ ही कई आवश्यक दिशा निर्देश थानाध्यक्ष व अन्य पुलिस पदाधिकारी को दिया। मौके पर मौजूद रहे थाना अध्यक्ष बिगाऊ राम, सब इंस्पेक्टर आफताब खान, नीता कुमारी,रश्मि कुमारी,रणविजय सिंह, सुधाकर कुमार, मो० इसराफिल अहमद अहमद, चंदन कुमार, समेत अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## जगदीशपुरः सांसद, विधायक और नपं चेयरमैन दही-चूड़ा भोज में हुए शामिल



लोकतंत्र की आवाज
जगदीशपुर/भोजपुर। भोजपुर के जगदीशपुर के नयका टोला में मंगलवार को दही–चूड़ा भोज और कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम का आयोजन अनुमंडल व्यवहार, न्यायालय, जगदीशपुर के अधिवक्ता वृन्दानन्द सिंह ने किया। इस कार्यक्रम में स्थानीय सांसद सुदामा प्रसाद, काराकाट विधायक अरुण सिंह, नपं चेयरमैन संतोष कुमार यादव, उपचेयरमैन धनुपरा देवी और समाजसेवी डॉक्टर अनिल कुमार सिंह सहित अन्य गण्यमान्य लोग शामिल हुए। आए हुए सभी लोगों को अधिवक्ता द्वारा डायरी व कलम देकर स्वागत किया गया। इस दौरान सौ से ज्यादा जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। अधिवक्ता ने बताया कि वे वकालत शुरू करने से ही इस कार्यक्रम को आयोजित कर रहे हैं।

## झारखंड मजदूर संघ प्रजातांत्रिक का अधिवेशन 9 फरवरी को होगा आयोजित

लोकतंत्र की आवाज
साहिबगंज। झारखंड मजदूर संघ प्रजातांत्रिक के केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि आगामी 9 फरवरी 25 को साहिबगंज जिला मुख्यालय में जिला अधिवेशन की सफलता के लिए प्रत्येक प्रखंड वार बैठक की गई है। इस बैठक में सभी प्रखंडों में प्रखंड स्तरीय कमेटी का चुनाव होना है संगठन चुनाव तीन वर्ष में एक बार होता है। तालझरी 18 जनवरी, उधवा 17 जनवरी, बोरियो 20 जनवरी, साहेबगंज 23 जनवरी, बरहरवा 18 जनवरी, बरहेट 25, मंडरो 19 पतना 28, राजमहल 29 जनवरी किया गया। केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव ने जिला अध्यक्ष को निर्धारित समय पर बैठक करने का निर्देश दिया ।

# प्राचीन कला केंद्र द्वारा प्रदत्त प्रमाण पत्र है वैध सवाल उठाने वाले को देना होगा सबूत नहीं तो होगी कानूनी कार्रवाई

### हर वर्ष किसी न किसी दैनिक समाचार पत्र में एक बार इस तरह की भ्रामक खबर फैलाने का बन गया है रिवाज : डॉ संजय कुमार

लोकतंत्र की आबाज




**रामजी कुमार**
**समस्तीपुर।** करीब करीब हर वर्ष जनवरी फरवरी महीने में प्राचीन कला केंद्र द्वारा प्रदत्त प्रमाण पत्र की वैधता पर सवाल उठाने की परंपरा बन गयी है। करीब हर वर्ष साल में एक बार इस तरह का भ्रामक बयान दे कर शिक्षा विभाग या किसी नियोजन इकाई के पदाधिकारी या फिर कोई व्यक्ति क्या साबित करना चाहता है यह समझ से परे है। इन दिनो एक बार फिर विभिन्न मीडिया चैनलों पर इस आशय की खबर का वीडियो क्लिप खूब वायरल हो रहा है जो बिल्कुल तथ्य से परे है। उक्त बातें प्राचीन कला केन्द्र से संबद्ध पूसा प्रखंड के वैनी स्थित जगमोहन विद्यापति कॉलेज ऑफ आर्ट एंड टेक्नोलॉजी के संस्थापक सचिव डॉ संजय कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कही है।

उन्होंने बताया कि आर्ट कॉलेज पटना के छात्रों व कुछ तथ्यहीन व अनर्गल प्रलाप से सस्ती लोकप्रियता के शौकीन लोग हर वर्ष इस तरह का कचरा फैलाते हैं। लोग भी अब इसे समझने लगे हैं। श्री राजा ने कहा कि उक्त क्लिप में सीट बेचने और नियुक्ति में घोटाले के जो दावे किये जा रहे हैं उनमें आंशिक सत्यता हो सकती है इसलिए उसे सिरे से खारिज नहीं किया जा सकता। किन्तु प्राचीन कला केंद्र चंडीगढ़ आदि प्रतिष्ठित संस्थानों द्वारा जारी प्रमाणपत्र को अमान्य व अवैध बताया जाना घोर आपत्तिजनक है। न्यूज क्लिप में दिख रहे लड़कों को आर्ट कॉलेज के पदाधिकारियों को कठघरे में लेना चाहिए जो उनकी प्रतिभा का उचित मुल्यांकन नहीं करती। मगर वे दूसरे प्रमाण पत्रों को खुल कर मीडिया के कैमरे के सामने अवैध कह रहे हैं, यह कानूनन अपराध है। विभिन्न न्यूज चैनल पर प्रसारित खबरों से एक बार फिर छात्रो अभिभावकों में भ्रम और असमंजस की स्थिति उत्पन्न हो गई है। इसलिए वायरल खबर पर प्रतिक्रिया देते हुए श्री राजा ने कहा कि हर वर्ष किसी न किसी दैनिक समाचार पत्र में एक बार इस तरह की भ्रामक खबर फैलाने का रिवाज और फैशन सा बन गया है।

बीपीएससी के अध्यक्ष द्वारा शपथ पत्र दिया जाना या विभिन्न हाई कोर्ट एवं विभिन्न नियामक इकाई द्वारा प्राचीन कला केंद्र के प्रमाण पत्र को अमान्य करार वाला बयान देने वाले लोग कुपढों की जमात के प्रतीत होते है। जिन्होने महज सस्ती लोकप्रियता हासिल करने केलिए सिर्फ अपनी भडास निकाली है। उसने न तो माननीय सर्वोच्च न्यायालय की 2006 जारी अंजू कुमारी बनाम बिहार सरकार मामले में जारी रिपोर्ट पढी है, और न ही यूजीसी का प्राचीन कला केन्द्र के प्रमाण पत्रों के संदर्भ में जारि पत्र पढ़ा है। अगर पढा भी है तो आधा अधूरा समझ कर ही विद्वान बन रहे है। उन लडकों को यह तो बिल्कुल भी नहीं पता है कि देश में कितने प्रकार के शिक्षण संस्थान सक्रिय है। यदि पता होता ये अपराध नहीं करते। उन्हें यह जान लेना चाहिए कि प्राचीन कला केंद्र सहित इस तरह की सभी संस्थायें मानक संस्थान है जो भारतीय कला संस्.ति के संरक्षण व संवर्धन केलिए प्रतिबद्ध और एसआरए (1860 20/1) के तहत संचालित है। यह एवार्ड के साथ-साथ प्रमाण पत्र भी जारी कर सकती है। यूजीसी ने कभी अपने किसी पत्र में प्राचीन कला केंद्र के प्रमाण पत्र को अमान्य और अवैध करार नही दिया है। न ही किसी अदालत ने या अन्य संस्थानों ऐसी घोषणा की है।

इतना ही नहीं बकायदा मानव संसाधन विकास मंत्रालय भारत सरकार ने भी विभिन्न दैनिक पत्रों में इस आशय की विज्ञप्ति प्रकाशित करवाई है। देश के लानामिविवि, मगध विवि, बी आर ए बिहार विवि, टी एमयू भागलपुर, पटना विश्वविद्यालय सहित दर्जनाधिक विश्व विद्यालयों व बिहार सरकार सहित कई राज्य सरकारों ने प्राचीन कला केंद्र के प्रमाणपत्र को मान्यता दे रखी है। जिसके आधार पर हजारों लोग संगीत शिक्षक और प्राध्यापक के रूप के आज भी योगदान कर रहे है। डॉ राजा ने छात्रों व अभिभावकों से अपील करते हुए कहा है कि किसी भ्रामक पत्र या खबर पर न ध्यान देने की जरूरत है, न ही किसी स्तर पर परेशान होने की आवश्यकता ही है। श्री राजा ने कहा कि वे वकीलों से बात कर रहे हैं, उन लडकों का पता कर उनसे बात करेंगे। आवश्यकता पड़ी तो एक सम्मानित संस्थान के प्रमाण को सरेआम अवैध कहने तथा अफवाह और भ्रम फैलाने केलिए विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी।

## पतंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



लोकतंत्र की आवाज

**साहिबगंज।** मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर न्यू झारखंड युवा क्लब के अध्यक्ष विनोद कुमार यादव के नेतृत्व में पतंग प्रतियोगिता का आयोजन रेलवे जेनरल इंस्टीच्यूट के मैदान में किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष एवं समाजसेवी अनवर अली,जिला विकास समिति के प्रमुख अभिक्रम सिंह एवं एलसीसी कंप्यूटर सेंटर के प्राचार्य उत्तम कुमार ने पतंग उड़ा कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया।इस कार्यक्रम को आयोजक विनोद कुमार यादव के द्वारा बच्चों के बीच में पतंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।पतंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मोहित कुमार द्वितीय स्थान प्रिंस कुमार तृतीय स्थान अरमान राज ने प्राप्त किया।मौके पर कमिटी के कई लोग मौजूद थे।

## नागरी प्रचारिणी आरा में भव्य मकर संक्रांति महोत्सव आयोजित

लोकतंत्र की आवाज़



**आरा/भोजपुर।** मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर कला, संस्कृति एवं युवा विभाग तथा जिला प्रशासन भोजपुर के संयुक्त तत्वावधान में नागरी प्रचारिणी आरा में भव्य मकर संक्रांति महोत्सव 2025 का आयोजन किया गया। महोत्सव का शुभारंभ जिला पदाधिकारी,उपविकास आयुक्त,अपर समाहर्ता,लोक शिकायत एवं अन्य उपस्थित पदाधिकारियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इसके बाद विद्यालय की बालिकाओं ने मनमोहक स्वागत गीत प्रस्तुत किया। साथ ही कार्यक्रम में अपर समाहर्ता, लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी द्वारा जिला पदाधिकारी एवं जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी द्वारा उप विकास आयुक्त को स्थानीय कलाकारों द्वारा बनाई गई मकर संक्रांति की आकर्षक पेंटिंग भेंट कर सम्मानित किया गया।जिला पदाधिकारी ने महोत्सव को संबोधित करते हुए मकर संक्रांति के महत्व और इसकी सांस्कृतिक धरोहर पर प्रकाश डाला। नागरी प्रचारिणी के प्रांगण में आयोजित एयर बैलून शो और पतंग उत्सव ने उपस्थित लोगों का दिल जीत लिया। महोत्सव में प्रतिभागियों ने लोक नृत्य, लोक संगीत, कथक और मकर संक्रांति पर आधारित विशेष नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम के अंत में कला एवं संस्कृति पदाधिकारी ने सभी प्रतिभागियों को मोमेंटो और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। महोत्सव का समापन कला एवं संस्कृति पदाधिकारी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। यह आयोजन सांस्कृतिक विविधता और परंपरा का जीवंत प्रतीक बना।

## बाइक दुर्घटना में घायल पत्रकार अभय कुमार से सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के मंत्री सह स्थानीय विधायक महेश्वर हजारी ने की मुलाकात

लोकतंत्र की आबाज



**रामजी कुमार**
**समस्तीपुर।** पूसा थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर देवपार निवासी बाइक दुर्घटना में घायल पत्रकार अभय कुमार से बिहार सरकार के सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री महेश्वर हजारी ने मुलाकात की एवं कुशल ख्यों लेते हुए जल्दी स्वस्थ होने की बात कही। जानकारी हो कि सेवानिवृत आरएयू पूसा के वरिष्ठ वैज्ञानिक स्व. ब्रजकिशोर ठाकुर के पुत्र हैं पत्रकार अभय कुमार।

बतादें कि बीते 2 जनवरी को केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर ट्रक से टक्कर हो जाने के कारण बाइक दुर्घटनाग्रस्त मे घायल हो गये थे। जिसमें पत्रकार अभय कुमार बुरी तरह जख्मी हो गए थे। जिसकी जानकारी मिलने पर मंत्री महेश्वर हजारी ने प्रगति यात्रा से लौट के क्रम में उनके निजी आवास पर जाकर मुलाकात किया। मौके पर पत्रकार की पत्नी अभिलाषा कुमारी, पुत्री रुचि, सूची, प्रो एससी कुमार, पत्रकार सुभाष कुमार, सहित जदयू प्रखंड अध्यक्ष रंधीर कुमार, प्रदेश उपाध्यक्ष ताराचंद्र मेहता, पूर्व मुखिया गीता देवी, राजेश कुमार, कृष्ण कुमार मेघु, चंद्रशेखर राय, पप्पू कुमार, आदि मौजूद थे।

## वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्र मानपुरी हुए अंतर्राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित

लोकतंत्र की आवाज



**रिपोर्ट मोहम्मद शाहनवाज अता**
**हाजीपुर(वैशाली)।** शहर स्थित मेदिनीमल जगदंबा स्थान स्थित टैगोर किड्स एंड हाई स्कूल में एक आयोजन के दौरान ख्याति प्राप्त विद्वान और वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्र मानपुरी जी को उनकी उत्कृष्ट रचनाओं और वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्र मानपुरी को अंतर्राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया गया।इस दौरान ख्याति प्राप्त विद्वान और वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्र मानपुरी जी को उनकी उत्कृष्ट रचनाओं और पत्रकारिता जीवन में बहुमूल्य योगदान के लिए अंग वस्त्र,मोमेंटो एवं सम्मान पत्र से सम्मानित किया गया।

यह अंतर्राष्ट्रीय सम्मान इन्हें वैशाली में 4 जनवरी 2025 को आयोजित भारत,नेपाल,मॉरिशस एवं थाइलैंड जैसे चार देशों के अन्तर्राष्ट्रीय मातृभाषा सम्मेलन में दिया जाना था।शारीरिक अस्वास्थता के कारण श्री मानपुरी वहां नहीं पहुंच सके थे।अब यह सम्मान इन्हें आयोजन समिति के मुख्य संयोजक और आम्रपाली साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार पत्रिकारिता के संवाहक डॉक्टर शशिभूषण कुमार ने अपने हाथों से समर्पित करते हुये खुशी व्यक्त किया है साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि श्री मानपुरी अपने पत्रकारिता काल में संपूर्ण जीवन अपनी उच्च स्तरीय लेखनी और साहित्य समझ से पत्रकारिता को एक नई ऊँचाई प्रदान करने का काम किया है।इनकी जीतनी भी सराहना की जाए कम ही होगी।इस कार्यक्रम में पिंकी कुमारी,रेणु शर्मा,शबनम खनम,रूसी कुमारी,साक्षी,जुली,लूबना नवाज,सुष्मिता वर्मा,कुंदन कुमार,विधि ठाकुर,नेहा कुमारी,मुस्कान एवं सुप्रिया कुमारी उपस्थित थे।

## साहिबगंजः ग्राम प्रधान का शव पहुंचा मिर्जाचौकी, गांव में पसरा मातम

लोकतंत्र की आवाज



**साहिबगंज।** मंगलवार को देर संध्या मायागंज भागलपुर से ग्राम प्रधान होली कोड़ा का शव मिर्जाचौकी महादेववरण गांव पहूंचते ही वहां के ग्रामीण दहाड़ मार कर रोने लगे,उसकी पत्नी साधमुनी देवी ने बिलखते हुए कहा की अब हमर बाल बच्चा का परवरिश कौन करते हो बाबू वही उसकी भाभी गौरी देवी दहाड़ मार कर रो रही थी। मिली जानकारी के अनुसार मृतक होली कोड़ा के तीन बच्चे हैं जिसमें संतोष कोड़ा, मनीष कोड़ा, अनील कोड़ा पिता के शव को देखते ही दहाड़ मारकर रोने लगे ।

ज्ञात हो कि इसके पूर्व सोमवार को अहले सुबह मिर्जाचौकी थाना क्षेत्र के महादेववरण ग्राम प्रधान होली कोड़ा को बड़तल्ला प्रमाणिक टोला पोखर के समीप अपराधियों ने गोली मार दी थी,जिसे भागलपुर मायागंज में इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत से पहले होली कोड़ा के बयान पर मुखिया प्रतिनिधि सुनील सिंह पर आरोप लगाया था कि सुनील सिंह ने उसकी हत्या करवाने का संदेह जताया था। वहीं थाना प्रभारी रुपेश कुमार ने मृतक होली कोड़ा के फर्द व्यान पर प्रार्थमिकी दर्ज कर महादेवरण मुखिया प्रतिनिधि सुनील सिंह को गिरफ्तार कर साहिबगंज न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इधर होली कोड़ा के साथ मार्निंग वॉक में टहल रहे पवन पंडित एवं सीटी विश्वशर्मा से गहन पूछताछ किया जा रहा है जिससे कहीं अहम सुराग या इसमें संलिप्त अपराधी पर से पर्दा उठ सके। इसके लिए थाना प्रभारी रुपेश कुमार गहराई से जांच में जुटे हैं।

## सड़क सुरक्षा के तहत पतंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

लोकतंत्र की आवाज




**साहिबगंज।** साहिबगंज जिले के सिद्धों कान्हू स्टेडियम में सड़क सुरक्षा जन जागरूकता अभियान के तहत मकर संक्रांति के अवसर पर पतंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, अपर समाहर्ता गौतम भगत, जिला परिवहन पदाधिकारी मिथलेश कुमार चौधरी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुनू मिश्रा एवं अन्य पदाधिकारी द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में जवाहर नवोदय विद्यालय साहिबगंज के छात्र -छात्राओं के साथ साहिबगंज खेल संस्थान के अनेकों एथलीट्स ने भाग लिया।

उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा के द्वारा मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में प्रतिभागियों को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं देते हुए सभी आम जनमानस से अपील करते हुए कहा गया कि सड़क सुरक्षा को लेकर हम सब अपना योगदान दे। यातायात करते समय सतर्कता, जागरूकता एवं संवेदनशीलता से सड़क पर से दुर्घटनाओं में कमी लाया जा सकता है ।इसीलिए सुरक्षा के नियमों का पालन करना हमारा कर्तव्य है एवं नेक नागरिक बनकर दुर्घटनाओं में घायल व्यक्ति को मदद कर सड़क दुर्घटना में मृत्यु दर में कमी लाया जा सकता है।

उप विकास आयुक्त द्वारा सभी प्रतिभागियों को सड़क सुरक्षा का शपथ दिलाया गया एवं सभी बच्चों को यह हिदायत दी गई की सड़क सुरक्षा मानकों का पालन करें। सड़क सुरक्षा पतंगबाजी प्रतियोगिता के कार्यक्रम के प्रथम विजेता जवाहर नवोदय विद्यालय से सौरभ कुमार, द्वितीय मनतासा अली एवं तृतीय विवेक महलदार को पुरुस्कृत किया गया।

इस मौके पर जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक नीरज कुमार साह, जेएनभी विद्यालय से एनसीसी ऑफिसर राजू कुमार ,नगर थाना प्रभारी अमित गुप्ता, रोड इंजीनियर एनालिस्ट अनुज पराशर, आईटी सहायक राजहंस, स्पोर्ट्स कॉर्डिनेटर ललित कुमार एवं विद्यालय के शिक्षक के साथ जिला खेल कार्यालय के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### आदापुर में अवैध नर्सिंग होम को पदाधिकारियों ने किया सील, अवैध रूप से चल रहे नर्सिंग होम के खिलाफ अभियान जारी





**ब्यूरो चीफ शशिकांत**

**पूर्वी चम्पारण।** आदापुर,रक्सौल अनुमंडल पदाधिकारी शिवाक्षी दीक्षित के आदेशानुसार पर आदापुर प्रखंड विकास पदाधिकारी रणधीर कुमार, आदापुर अंचलधिकारी अनामिका सिंह, आदापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी संतोष कुमार के द्वारा सोमवार को आदापुर बाजार सहित विभिन्न स्थानों पर अल्ट्रासाउंड केंद्रों की जांच की गई तथा बिना पंजीकरण एवं अनुज्ञप्ति के चलने वाले केंद्रों पर कार्यवाही की गई। आदापुर बाजार में आदापुर अल्ट्रासॉउन्ड, राज अल्ट्रासॉउन्ड तथा गीता शाह का क्लिनिक मौके पर बंद पाया गया ।इस दौरान आदापुर बाजार में अशरफ अली, सगीर अंसारी के क्लिनिक को सील किया गया, इसके साथ ही पचपोखरिया में राजेश कुमार के नर्सिंग होम को सील किया गया। मौके पर आदापुर थाना तथा महुवावा थाना सुरक्षा के लिए मौजूद थे।

### पूर्वी चम्पारण : केसरिया में मकर संक्रांति के अवसर पर प्रखंड के विभिन्न मंदिरों में कंबल का वितरण किया गया



**ब्यूरो चीफ शशिकांत**

**पूर्वी चम्पारण।** जिले के केसरिया प्रखंड के विभिन्न मंदिरों में ध्रुव नारायण एजुकेशनल फाउण्डेशन के संयोजक एवं डीएन एम पब्लिक स्कूल के निर्देशक कुन्दन कुमार मिश्रा के द्वारा सैकड़ों जरूरत मंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस मौके पर बैरिया पंचायत के उप मुखिया सुमन पाण्डेय,अरविन्द मिश्रा, छोटन राय, रविन्द्र कुमार,अजय कुमार,सुमन कुमार अजक कुमार इत्यादि समेत कई लोग मौजूद थें।

# मकर संक्रांति के अवसर पर प्रखंड परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम, पदाधिकारीयों ने बढ़ चढ़कर कार्यक्रम में लिया हिस्सा

**लोकतंत्र की आवाज**




**गौनाहा।** प्रखंड में धूमधाम व उल्लास के साथ मकर संक्रांति का त्यौहार मनाया गया। इस मौके पर प्रखंड परिसर में कला संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार सरकार एवं जिला प्रशासन बेतिया के सौजन्य से मकर संक्रांति महोत्सव का आयोजन किया गया। जाने माने कलाकार अजीत कुमार पांडे एवं उनके टीम द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई। जीविका दीदीयों द्वारा बिहार गीत गायी गयी। कस्तूरबा गांधी उच्च माध्यमिक विद्यालय भितिहरवा की बच्चियों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत की गई। अजीत कुमार पांडे व उनके टीम द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति कर सबका मन मोह लिया गया । बीडीओ शिव जन्म राम ने कहा कि मकर संक्रांति प्रेम और भाईचारे का त्यौहार है । जीवीका बीपीएम शसेन्द्र कुमार,आरओ दीपक कुमार राम, बीपीआरओ अनपूर्णा कुमारी, प्रखंड नजीर सर्वेश कुमार, आवास पर्यवेक्षक राकेश कुमार, आंगनबाड़ी पर्यवेक्षिका अंजुम आरा व बबीता कुमारी ने भी मकर संक्रांति के अवसर पर लोगों को संबोधित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन स्वच्छता पर्यवेक्षक अमित कुमार उर्फ गुड्डू ने की।

## केसरिया: मकर संक्रांति पर स्थानीय विधायक शालिनी मिश्रा द्वारा दही चुरा भोज का हुआ आयोजन

**लोकतंत्र की आवाज**

**ब्यूरो चीफ शशिकांत**

**मोतिहारी।** केसरिया विधानसभा अंतर्गत केसरिया बीबी उत्सव पैलेस में स्थानीय विधायक श्रीमती शालिनी मिश्रा के द्वारा बहुत धूमधाम से दही चुरा और तिलकुट भोज का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र से हजारों लोगों की उपस्थिति हुई। इसी कार्यक्रम के दौरान बिहार सरकार के गन्ना मंत्री कृष्णनंदन पासवान भी उपस्थित हुए तथा माननीय विधायक को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दिया। साथ ही जिला अध्यक्ष माली मालाकार कल्याण समिति के युवा नेता मोहित कुमार भी



उपस्थित हुए। वहीं ढाका विधायक पवन जायसवाल, गोपालगंज के पूर्व विधायक मंजीत कुमार सिंह मोतिहारी मेयर प्रीति गुप्ता, जदयू नेता पप्पू कुशवाहा,अभय सिंह, प्रकाश अस्थाना, पवन सर्राफ, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी डीडीसी, खिजिपुरा बेनीपुर पंचायत के वरिष्ठ पंच मनीष मेहता समेत तमाम पुलिस पदाधिकारी एवं पत्रकार बंधु सहित जिले के कई गणमान्य नेतागण उपस्थित रहे।

## मकर संक्रांति के अवसर पर जिला प्रशासन ने किया पतंगोत्सव का आयोजन





**लोकतंत्र की आवाज**

**ब्यूरो चीफ शशिकांत**

**मोतिहारी।** कला संस्कृति एवं युवा विभाग बिहार सरकार के सौजन्य से जिला प्रशासन पूर्वी चंपारण मोतिहारी के द्वारा मंगलवार को मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर मोतिहारी स्थित ऐतिहासिक गांधी मैदान में पतंगोत्सव का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल अपर समाहर्ता मुकेश कुमार सिंहा एवं नगर आयुक्त सौरभ सुमन यादव के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर पतंग उत्सव का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर एडीएम पीजीआरओ,एडीएम आपदा प्रबंधन,अनुमंडल पदाधिकारी सदर मोतिहारी, डीसीएलआर सदर मोतिहारी सहित जिला स्तरीय पदाधिकारी, कर्मीगण, बड़ी संख्या में बच्चे एवं गणमन्य उपस्थित थे। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि सूर्य के उत्तरायण होने तथा बसंत ऋतु के आगमन की खुशी में यह पर्व मनाया जाता है जो उमंग और उत्साह का पर्व है। यह पर्व जीवन में तरक्की लाने के लिए जाना जाता है। उन्होंने कहा कि पूर्वी चंपारण जिला विकास के पथ पर अग्रसर है। जिले में विकास की गति और तीव्र हो और यहां के लोगों का जीवन और अधिक सुखमय हो, सुगम हो, समाज में सौहार्द्र बनी रहे इसी कामना के साथ संपूर्ण जिला वासियों को जिलाधिकारी के द्वारा शुभकामनाएं दी गई। आज के पतंग उत्सव में जिलाधिकारी सहित सभी वरीय पदाधिकारी एवं गांधी मैदान में उपस्थित बच्चों ने पतंग उड़ाई।

## आग लगने से पांच घर जलकर राख



**लोकतंत्र की आवाज**

**क्षितिज राज**

ठकराहाँ थाना क्षेत्र के रुपाटोला गांव में मंगलवार की दोपहर आग लगने से पांच घर चलकर राख हो गया। बताया जाता हैं कि मकर संक्रांति नहान, दान के पश्चात मनोहर चौधरी के घर में महिलाएं खिचड़ी पकवान बना रहीं थी। अचानक चूल्हे से फैली चिंगारी की आग जब लपट पूंज बनी, तब पूरे घर में आग फैल गया। किसी तरह महिलाएं बच्चों को लेकर बाहर निकली और शोर गुल की, लेकिन आग की लपटें पास पड़ोस के घरों में फैल गया था। स्थानीय लोगों ने आग फैलने से रोकने की तरकीब अपना आग पर काबू पाने की कोशिश कर नियंत्रित किया। इसी बीच ठकराहाँ थाना से फायर बिग्रेड गाड़ी पहुंची और आग बुझाया। इस अग्निकांड में पांच घर जलने की पुष्टि हुई। जिसमें मनोहर चौधरी, अशोक चौधरी, बुलेट चौधरी, अनवर चौधरी, दीपक चौधरी का घर जला है। इस अग्निकांड में पीड़ितों का अनाज सहित अन्य समान, नकद रुपये,जवेरात और कपड़ा आदि जलकर स्वाहा हो गया है। सीओ सुमित राज ने बताया कि अग्नि कांड स्थल का निरीक्षण किया गया। हल्का राजस्व कर्मचारी से जांच रिपोर्ट मांगा गया है। जांच रिपोर्ट के आधार पर पीड़ितों को सरकारी सहायता दी जायेगी।

## सीएसपी संचालक से लूटपाट का मास्टरमाइंड गिरफ्तार भेजा गया जेल ,शातिर अपराधी पर 25000 का है इनाम

**लोकतंत्र की आवाज**

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**

बगहा जिला पुलिस ने तीन मामलों में फरार चल रहे एक अपराधी को एक वर्ष के मोनिटरिंग पश्चात जाल बिछाकर गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा दो वर्ष से फरार चल रहे अपराधी बिल्टु यादव पर 25 हजार का इनाम रखा था। मामले में बगहा एसपी ने मंगलवार को अपने कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर मामले की जानकारी दी। एसपी ने बताया कि रामनगर थाना क्षेत्र में विगत 11 जुलाई 2024 को थानाक्षेत्र अंतर्गत पकड़ीं देवराज के सीएसपी संचालक विकास कुमार से मोटरसाईकिल पर सवार चार अपराधकर्मियों द्वारा पीछा



कर बरगजवा स्थित शाहीजी के बागीचे के पास कट्टा का भय दिखाते हुए उसके तीन लाख छः हजार रूपये, लैपटॉप, मोबाईल, गाड़ी का चाभी समेत कुछ कागजात लूट ले गये थे। जिसपर रामनगर पुलिस द्वारा कांड संख्या 306/24 दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरु कर दी गई। पुलिस ने घटना में संलिप्त चार आरोपियों में से तीन को चार दिन में गिरफ्तार कर लिया। जिनके निशानदेही पर लूट का 20 हजार रूपये, लैपटॉप, बैग,कागजात समेत लूट मे प्रयोग किये गये मोटरसाईकिल भी बरामद किया गया था।वहीं मामले का मास्टरमाइंड बिल्टू यादव उर्फ बिटू यादव जो लगातार फरार चल रहा था। उसके विरूद्ध बगहा एसपी ने 25 हजार रूपये का ईनाम घोषित किया था। इसी बीच रामनगर थानाध्यक्ष ललन कुमार ने गूप्त सूचना पर टीम गठित कर बिल्टु को उसके घर से गिरफ्तार करने में सफलता पाई। एसपी ने बताया कि बिल्टु के अन्य कई कण्डों में संलिप्तता के सम्बंध में जॉच की जा रही है। इसके अलावे बिल्टु का अपराधिक इतिहास रहा है।

## संस्कृत -हिंदी के प्रकांड विद्वान पंडित विद्यानिवास मिश्र जी का जन्मदिन मनाया गया: पं-भरत उपाध्याय

**लोकतंत्र की आवाज**

**क्षितिज राज**

14, जनवरी, पूर्व प्राचार्य पं०भरत उपाध्याय के निज निवास पर पंडित विद्यानिवास मिश्र गुरु जी के जन्मदिन पर विशेष आयोजन में अखिलेश शाण्डिल्य के प्रवचन से कार्यक्रम शुरू किया गया।मेरे राम का मुकुट भीग रहा है, तुम चंदन हम पानी, बसंत आ गया पर कोई उत्कंठा नहीं, छितवन की छांव ,हल्दी दूब, कदम की फूली डाल, आंगन का पंछी और बंजारा मन, कटीले तारों के आर पार आदि विशिष्ट बहुआयामी निबंधों के लेखक पंडित विद्यानिवास मिश्र जी का जन्म गोरखपुर जिले के पकड़डीहा गांव में हुआ था। गोरखपुर में प्रारंभिक शिक्षा के बाद ,इलाहाबाद विश्वविद्यालय से



संस्कृत में स्नातकोत्तर कर, आकाशवाणी में सेवा दिए। गोरखपुर विश्वविद्यालय में संस्कृत विभाग में प्राध्यापक, काशी विद्यापीठ के कुलपति, संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति के साथ कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय एवं वाशिंगटन विश्वविद्यालय में अतिथि प्राध्यापक का दायित्व निभाने वाले पंडित जी नवभारत टाइम्स के प्रधान संपादक ,हिंदी विद्यापीठ देवघर के कुलाधिपति और राज्यसभा के सांसद रहे। गुरु जी को पद्मश्री तथा पद्मभूषण से सम्मानित किया गया था। पूर्व प्राचार्य ने बताया कि डॉक्टर विद्यानिवास मिश्र जी का जन्म 14जनवरी1926 को हुआ था। हम सभी, उनके शिष्य गण आज के दिन को श्रद्धापूर्वक मनाते हैं। इस अवसर पर एडवोकेट प्रेम नारायण मणि त्रिपाठी, आकाश सिंह, दिनेश कुमार गुप्ता, श्री निवास मणि, आचार्य नीरज शाण्डिल्य सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## बिहार में एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन 15 जनवरी को होने वाला है जिसकी तैयारी अपने अंतिम चरण में

**लोकतंत्र की आवाज**

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**

बगहा नागर के बबुई टोला से 15 जनवरी को हो रही है। जिसकी तैयारी अंतिम चरण में है। इसकी जानकारी देते हुए कार्यक्रम प्रभारी सह सांसद प्रतिनिधि रितु जायसवाल एवं भाजपा जिलाध्यक्ष अचिंत्य कुमार लल्ला ने बताया कि एनडीए के सभी बड़े नेताओं का जमावडा लगने वाला है। जिसमें सभी पांचो घटक दलों के प्रदेश अध्यक्ष एवं बूथ अध्यक्ष से लेकर जिला अध्यक्ष तक के सभी कार्यकर्ताओं को इस कार्यक्रम में सम्मिलित होना है जिसकी तैयारी अब अंतिम दौर में है यह कार्यक्रम बिहार में पहली बार हो रही है की शुरुआत बगहा विधानसभा के बबुई टोला से शुरुआत होगी जिसमें 2025 में एकजुट होकर चुनाव लड़ने की रणनीति बनाई जाएगी



इस कार्यक्रम के लेकर भाजपा एवं जदयू के सभी कार्यकर्ता एक साथ तैयारी में लगे हुए हैं। मौके पर बगहा विधायक राम सिंह जदयू के एमएलसी सह जिलाध्यक्ष भीष्म सहनी, पूर्व बगहा विधायक प्रभात रंजन सिंह जिला उपाध्यक्ष हृदया दुबे, गोविंद जायसवाल, विजय साहू, इजहार सिद्दीकी समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहें।

## केंद्रीय विद्यालय की स्थापना को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री को दिया ज्ञापन, कोयला एवं खनन मंत्री सतीश चंद्र दुबे

**लोकतंत्र की आवाज**

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**

**बगहा।** कोयला एवं खनन राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री को ज्ञापन सौंपा और कहा कि आपके नेतृत्व में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने अभूतपूर्व कार्य किए हैं, हाल ही में देश में हुए 28 केंद्रीय विद्यालयों की घोषणा के लिए आप बधाई के पात्र हैं। बगहा पुलिस जिला जो कि आदिवासी बहुल क्षेत्र है। जिसमें केंद्रीय विद्यालय की स्थापना गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के संकल्पों को पूर्ण करने में सहायक सिद्ध होगी। इस विद्यालय की स्थापना न केवल क्षेत्र के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने में सहायक होगी, बल्कि यह शिक्षा के क्षेत्र में एक नई दिशा देने का भी कार्य करेगी। सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले विद्यार्थियों को विश्व स्तरीय शिक्षा का अवसर प्राप्त होगा, जिससे उनका सर्वांगीण विकास संभव हो सकेगा। यह प्रयास युवाओं को उनके सपनों को साकार करने और उन्हें एक उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगा।। क्षेत्रीय विकास और शिक्षा के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का यह कदम भविष्य में समाज के हर वर्ग को सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि साबित होगी। मंत्री ने अपील है कि इस महत्वपूर्ण पहल को समर्थन दें और इसे सफल बनाने में सहयोग



करें। शिक्षा के माध्यम से सशक्त भारत निर्माण के इस उद्देश्य में हम सभी मिलकर कदम बढ़ाएं और आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के विकसित भारत की परिकल्पना को गति दें। बगहा समेत पूरे पश्चिम चंपारण की जनता और सभी जनप्रतिनिधियों की आशा आपसे है, मुझे पूर्ण भरोसा है कि आप इस निवेदन पर त्वरित कार्यवाही करते हुए शिक्षित चंपारण और शिक्षित बगहा के संकल्पों को पूर्ण करेंगे।

## बाढ़ प्रभावित इलाकों का जिलाधिकारी ने लिया जायजा, दिया आवश्यक दिशा-निर्देश

**लोकतंत्र की आवाज**

**ब्यूरो चीफ शशिकांत**

**मोतिहारी।** रामगढ़वा के बाढ़ प्रभावित पंचायतों से जल निकासी को लेकर प्रशासन बना रही है रोड मैप.... पूर्वी चम्पारण डीएम सौरव जोरवाल ने पटनी सहित अन्य पंचायत का लिया जायजा। क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित जगहों का भी जायजा लिया पानी निकासी को लेकर जल संसाधन विभाग को दिया आदेश.....नाला निर्माण कराने से बाढ़ की पानी का होगा जल्द निकासी....नाला से सालों भर किसान करेंगे सिंचाई... पटनी के मुखिया अशोक सिंह की पहल ला रही है रंग। इस मौके पर मुखिया अशोक सिंह,रक्सौल एसडीएम सहित जल



संसाधन विभाग के चीफ इंजीनियर समेत कई अधिकारी मौजूद थें।

## संक्षिप्त खबरें

### हरिगांव में चल रहे विकास कार्यों का एसडीएम व एसडीपीओ ने लिया जायजा



**जगदीशपुर।** भोजपुर प्रखंड के हरिगांव गांव में एसडीएम संजीत कुमार और एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह ने अधिकारियों के साथ क्लस्टर योजना से विकास कार्यों और निर्माण कार्यों के अवलोकन व सुरक्षा का जायजा लिया। अधिकारी लगातार हरिगांव में तत्पर नजर आ रहे हैं और सभी परियोजनाओं के निर्माण कार्यों को निर्धारित समयावधि के भीतर पूरा करने के लिए प्रशासन जी-जान से जुटा हुआ है। एसडीएम ने अब तक हुए कार्यों में तेजी लाने और गुणवत्तापूर्वक कार्य करने का दिया निर्देश। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. सुदर्शन कुमार, मुखिया विजय शंकर चौबे उर्फ टूना चौबे, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी राजेश प्रसाद, मनरेगा पीओ शिवनारायण लाल सिंह व थानाध्यक्ष विगाउ राम सहित अन्य मौजूद रहे।

### सिरदला: पुलिस ने शराब मामले में एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**प्रदीप प्रसाद संवाददाता सिरदला**

परना डाबर पुलिस ने क्षेत्र के परना डाबर गाँव में छापेमारी कर शराब मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।परना डाबर थाना अध्यक्ष रंजन चौधरी से प्राप्त जानकारी के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान परना डाबर गांव निवासी शंभू राजवंशी बताया गया है। बता दें कि परना डाबर गांव के एक झोपड़ी से पिछले महीने 31 दिसंबर को 45 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया था। जिसमें धंधेबाज घर छोड़कर भाग गया था। इस मामले में प्राथमिक की दर्ज किया गया था।

### पकरीबरावा : पुलिस निरीक्षक ने किया धमौल थाना का निरीक्षण, दिए निर्देश



**धर्मेंद्र कुमार शर्मा**

**पकरीबरावा।** पकरीबरावां सर्किल के पुलिस निरीक्षक सुरेश राम ने मंगलवार को धमौल थाना का निरीक्षण किया। वे वार्षिक निरीक्षण में धमौल थाना पहुंचें थे। इस दौरान उन्होंने थाना के विभिन्न अभिलेखों की जांच की। थाना में दर्ज कांडों एवं उसकी प्रगति रिपोर्ट देखी। लंबित कांडों एवं फरार अभियुक्तों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने लंबित कांडों के शीघ्र निष्पादन, फरार वारंटियों की गिरफ्तारी, नियमित गश्ती करने, शराब धंधेबाजों पर नकेल कसने सहित कई निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पुलिस निरीक्षक ने मालखाना, हाजत आदि को देखा। वहां साफ- सफाई एवं अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। इस मौके पर थानाध्यक्ष हिमांशु पप्पू, अपर थानाध्यक्ष इंद्रमल मांझी, एसआई दिनेश पासवान, एएसआई रामेश्वर उरांव, रामसागर पंडित आदि थे।

# नवादा : निशिकांत सिन्हा द्वारा मकर संक्रांति के अवसर पर दही-चुड़ा भोज एवं क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

लोक तंत्र की आवाज



**नवादा ।** यूथ आइकॉन ऑफ बिहार निशिकांत सिन्हा 14जनवरी मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर नवादा कन्हाई हाईस्कूल के मैदान में क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य उद्घाटन किए तथा मौर्या गार्डन में दही-चुड़ा भोज का आयोजन किए। निशिकांत सिन्हा ने कहा कि खेल प्रतिभा भी युवाओं को आगे बढ़ने का मुख्य जरिया है,आप सभी युवा इस देश के भविष्य है और मैं कामना करता हूँ कि नवादा ने कई ईशान किशन पूरे देश ही नहीं विदेश में भी अपना नवादा का नाम रौशन करे। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया। एवम् विजेता टीम को 41हजार एवं उपविजेता टीम को 25हजार एवम् चमचमाती ट्रॉफी देने सहित कई पुरस्कार से सम्मानित करने की बात कही। तत्पश्चात मौर्या गार्डन में दही चुरा भोज में भी सैकड़ों लोग उपस्थित होकर मकर संक्रांति की बधाई दी। उपस्थित डॉ रमेश प्रसाद, डॉ बसंत प्रसाद,भोला प्रसाद, यमुना बाबु, सिद्धेश्वर प्रसाद, रामचंद्र सोनी, पिंटू कुमार, रउ्ठ मौर्या, दिलीप कुमार, सिद्धू मनोज, साहिल सुमन, नीरज कुमार, संगम वर्मा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित होकर क्रिकेट का रोमांश एवम् दही चुरा भोज का आनंद लिया।

## मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर मेले का आयोजन

लोकतंत्र की आवाज़



**जगदीशपुर/भोजपुर।** जगदीशपुर प्रखंड के दुलौर नदी के तट पर मकर संक्रांति के अवसर मेले का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का स्वाद लिया। मेले में खरीदारी के लिए भी बड़ी संख्या में लोग आए, जिससे मेले में गहमागहमी का माहौल बना रहा। मेले की सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन भी तैनात रहा। मेले में बच्चों के खिलौनों से लेकर खान-पान की सामग्री तक की अस्थाई दुकानें सजी रहीं। लोगों ने इन दुकानों से खरीदारी की और मेले का आनंद लिया। के अवसर मेले का आयोजन किया गया।

इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का स्वाद लिया। मेले में खरीदारी के लिए भी बड़ी संख्या में लोग आए, जिससे मेले में गहमागहमी का माहौल बना रहा। मेले की सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन भी तैनात रहा। मेले में बच्चों के खिलौनों से लेकर खान-पान की सामग्री तक की अस्थाई दुकानें सजी रहीं। लोगों ने इन दुकानों से खरीदारी की और मेले का आनंद लिया।

## मकर संक्रांति के अवसर पर किया कंबल वितरण



लोक तंत्र की आवाज

**घनश्यामपुर।** प्रखण्ड क्षेत्र पुनहद गांव के मकर संक्रांति के पावन अवसर पर विगत दो वर्षों से समाज के वंचित, उपेक्षित एवं आवश्यकता वाले महिला एवम पुरुष का चयन कर ठंड के मौसम में कंबल का वितरण कर एक अनुपम उदाहरण समाज के समझ रखने का कार्य पुनहद पूर्वी टोला की श्रीमती सुनीता देवी एवं उनके पति मिथिलेश कुमार सिंह अवकाश प्राप्त प्रधानाध्यापक ने आरंभ किया है।

वही पुनहद पुवारी टोला के श्री हनुमान मन्दिर प्रांगण में ग्राम पंचायत राज पुनहद के मुखिया जी संजीव कुमार सिंह उर्फ अक्षय कुमार की अध्यक्षता में इस कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर वरिष्ठ ग्रामीण जनों में कामेश्वर सिंह, ज्योतिष प्रसाद सिंह पेक्स अध्यक्ष , वार्ड सदस्य नीतीश कुमार सिंह, स्वच्छता पर्यवेक्षक कुमार सुमित सहित दर्जनों ग्रामीणों की उपस्थिति में इस कार्यक्रम के आयोजक मिथिलेश कुमार सिंह ने उपस्थित सभी श्रेष्ठ जनों का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए स्वयं से अर्जित धन का सदुपयोग इस प्रकार के कार्यों में करने को लेकर अपनी प्रथम प्रस्तुति की और समाज से भी ऐसी अपेक्षा की कामना की। वही इस कंबल वितरण समारोह के कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ग्राम पंचायत राज पुनहद के मुखिया संजीव कुमार सिंह उर्फ अक्षय ने ऐसे कार्यक्रमों को करना ईश्वर से अपने आप को जोड़ने के समान बताते हुए है । उनके दुख में खड़े होने का भाव ही हमें मनुष्य होने का प्रमाण देता है। हमारे आसपास कोई व्यक्ति भूखा ना रहे और हम उसके कष्ट के निवारण के लिए अपना सब प्रयास करते हुए सबों को जागृत करें यही मानवता है। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है । इस अवसर पर जानकी देवी, राम , नारायण साफी ,मंगल मुखिया एवं अजय कुमार सिंह को सामग्री में कंबल के साथ तिलकुट् प्रदान किया ।

## बस से दो बोतल विदेशी शराब के साथ एक विधि निरुद्ध बालक को उत्पाद बलों ने किया निरुद्ध

लोकतंत्र की आवाज

**राजेश कुमार सिन्हा**

**रजौली।** थाना क्षेत्र के चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर उत्पाद बलों ने एक बस से दो बोतल विदेशी शराब के साथ एक विधि निरुद्ध बालक को निरुद्ध किया।उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि बिहार मद्दनिषेध को लेकर जांच चौकी पर उत्पाद एसआई बब्लू कुमार के नेतृत्व में उत्पाद बलों के द्वारा झारखण्ड की ओर से आनेवाली सभी वाहनों की सघन जांच के दौरान शिव शक्ति बस संख्या जेएच05डीएन0969 से एक विधि निरुद्ध बालक के पास से रॉयल चैलेंज नामक व्हिस्की के 375 एमएल वाले दो बोतल विदेशी शराब बरामद किया गया। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि विधि निरुद्ध बालक झारखण्ड से खरीदकर अपने उपयोग करने के लिए जा रहा था। उन्होंने कहा कि शराब के साथ अभिरक्षा में लिए गए विधि निरुद्ध बालक के विरुद्ध बिहार उत्पाद अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।वहीं आगे की कार्रवाई की जा रही है। जांच के मौके पर उत्पाद एएसआई अंकित कुमार समेत होमगार्ड के जवान भी शामिल थे।

## मेसकौर : मुखिया ने रोजगार सेवक की बेरहमी से की पिटाई, थाने में आवेदन दे लगाई न्याय की गुहार

लोक तंत्र की आवाज



**मेसकौर (नवादा ) ।** प्रखंड के सहवाजपुर सराय पंचायत कि मुखिया के विरूद्ध पंचायत रोजगार सेवक ने बेरहमी से पिटाई किए जाने को ले मंगलवार को थाने में आवेदन दिया है । इस संदर्भ में रोजगार सेवक प्रवीण कुमार ने बताया कि मैं इन्दिरा आवास एवं मनरेगा के कार्य से पंचायत के गान्धी नगर गया हुआ था। जहाँ मुझे कुछ योजनाओं का सर्वे करना था। मेरे पहुँचने के पूर्व से हीं मुखिया राकेश कुमार अपने कुछ सहयोगियों के साथ वहाँ उपस्थित थे। मैं अपना कार्य करना प्रारम्भ किया तो मुखिया द्वारा मुझे रोक दिया गया। मुखिया ने कहा कि तुम्हे अपने मन से कुछ नहीं करना है। मैं जो कहूँगा वही करना है। इसी बीच दोनो में तूं-तूं मैं-मैं होने लगा। दिए आवेदन मे रोजगार सेवक ने कहा कि मुखिया ने अपने सहयोगियों के साथ कमरे में बन्द कर मुझे बेरहमी से पिटाई किया। मेरे गले में रहे मोफलर से मेरे गले को घोट कर मुझे जान से मारने का प्रयास किया। इस दौरान उन्होंने अपने शरीर में पहनें कपडे को उतार दिया। जहाँ पूरे शरीर में लाठी डंडे से पिटाई का निशान मौजूद था। रोजगार सेवक प्रवीण कुमार ने प्रसाशन से न्याय की गुहार लगाया है।

## ठकराहा प्रखंड में मकर संक्रांति खेल उत्सव का आयोजन,छात्र-छात्राओं ने दिखाया कौशल

लोकतंत्र की आवाज

**क्षितिज राज**

**ठकराहाँ (पचं)।** ठकराहाँ प्रखंड में मकर संक्रांति के अवसर पर धूमधाम से खेल उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च विद्यालयों सहित कुल छह विद्यालयों के बच्चों ने भाग लिया। इस आयोजन में सात प्रकार की प्रतियोगिताएं कराई गईं। निबंध प्रतियोगिता (बालिका वर्ग) प्रथम स्थान पर आरती मिश्रा रहीं। त्वरित गणित प्रतियोगिता सद्दाम हुसैन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर दौड़ (बालक वर्ग): योगेश चौहान ने बाजी मारी। 100 मीटर दौड़ (बालिका वर्ग) अंशु कुमारी प्रथम स्थान पर रहीं। पतंग प्रतियोगिता जीएम उच्च विद्यालय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कबड्डी



(बालक वर्ग) मलाही टोला स्कूल विजेता बना। कबड्डी (बालिका वर्ग) जीएम उच्च विद्यालय ने खिताब जीता। रंगोली प्रतियोगिता भरपटिया स्कूल की छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। गोला फेंक (बालक वर्ग) नीतीश कुमार ने प्रथम स्थान हासिल किया। गोला फेंक (बालिका वर्ग) सोनम कुमारी विजेता रहीं।प्रतियोगिता का संचालन ब्लॉक पदाधिकारी शांभवी श्रीवास्तव की अध्यक्षता में किया गया। शिक्षकों में रामकृष्ण पाल, अंशु दुबे, सरोज कुमारी, आयुषी राय, रीमा उपाध्याय, शंभू रानी, कृष्ण नारायण तिवारी, राघवेंद्र कुमार, संध्या कुमारी, अजय कुमार सिंह, शशि तिवारी, बीपीएम शशि शेखर सुमन ने सक्रिय योगदान दिया। कार्यक्रम के अंत में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

## डाक विभाग की योजनाओं को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रस्तुति

लोकतंत्र की आवाज

**आर्यन मोहन**

**नवादा।** जिले में मंगलवार को शहरी क्षेत्र के अलावे ग्रामीण क्षेत्रों में कलाकारों में शामिल महिला व पुरुषों की विभिन्न टोलियां विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर अपने कलाओं को प्रदर्शित कर डाक विभाग की सभी योजनाओं का लाभ की जानकारी दी गयी।सम्बंधित योजनाओ बारे में नाटक का मंचन कर दिखाया गया एवं इस संदर्भ में डाक अधीक्षक, नवाद श्री नीरज कुमार चौधरी ने बताया कि अनिल कुमार बिहार के चीफ पोस्टमास्टर जनरल के मार्गदर्शन में नवादा जिले में विभिन्न जगहों पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से डाकघर की विभिन्न योजनओं के बारे में जानकारियाँ दी गई है।इस मौके पर डाक अधीक्षक नवादा, सहायक डाक अधीक्षक एवं डाक निरीक्षक पार नवादा के द्वारा भी विभाग के सभी योजनाओ के बारे में विस्तृत रूप से जानकारियाँ दी गई।कलाकार ने अपने कलाओ के जरिये




एवं गीतो के माध्यम से डाकघर की सेवाओ का विस्तृत रूप से उपस्थित जन समूह को विशेष कर सुकन्या समृधि योजना, ग्रामीण डाक जीवन बीमा एवं डाक निर्यात केंद्र के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दिया गयी।नुक्कड़ नाटक प्रस्तूत करने में शामिल कलाकारों में रागिनी रंगम, रंजना रस्तोगी, प्रेमी प्रकाश ने बताया कि डाक विभाग द्वारा बेटियों के सुनहले भविष्य के लिए चलाए जा रहे सबसे बेहतरीन सुकन्या समृद्ध खाता योजना, ग्रामीण डाक जीवन बीमा योजना, समयावधि खाता योजना, डाकघर की कई पेंशन योजना सहित सभी प्रकार की योजनाओं को लाभ सुगमता के साथ प्राप्त करने के लिए नाटक के माध्यम से अलख जगाया जा रहा है।

## बिहपुर : कौशल्या मेला के दुसरे दिन महादंगल में भाड़ी संख्या में जुटे दर्शक पहालवनों ने दिखाया कला

लोकतंत्र की आवाज

**मोहम्मद सबरार आलम**

**बिहपुर।** अंग क्षेत्र का प्रसिद्ध मेला पौष पूर्णिमा पर आयोजित कौशल्या मेला के दुसरे दिन मंगलवार को कौशल्या नाट्य कला परिषद के द्वारा आयोजित मेला सहौरा में महादंगल कार्यक्रम में राज्य स्तर के पहलवान ने शिरकत किया जिसमें महिला पहलवान की उपस्थित भी आकर्षक रहा कार्यक्रम उद्घोषक प्रो० शिव कुमार ने किया मेला का उद्घाटन रंगरा थाना प्रभारी आशुतोष कुमार ने किया उन्होंने कहा की मेला का व्यवस्था व महादंगल में पहलवानों को अनुशासन को खुब सराहा यवाओं को पढाई व खेल की दिशा में मजबूती से कार्य की और बल दिया वहीं मेला में व्यापक विधि व्यवस्था सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम रहा एंव ग्राम रक्षा दल के अजय पासवान , गौतम कुमार, हिरेन्दर सिंह ,विनोद सिंह, सहित अन्य सहयोगी ने सुरक्षा व्यवस्था मे लगे रहे दंगल प्रतियोगिता में स्थानीय जिले के साथ राज्य स्तर के पहलवान ने दर्शको का अपने कला से खुब आनंद किया भावनीपूर के विपीन व कटिहार के मनीष पहलवान ने बाजी मारी मेला संरक्षक अशोक यादव ने बताया की महादंगल का फाईनल 15 जनवरी को व प्रतिमा विशर्जन को किया जाना तय है मेला में सहयोग करने के लिए सबों



के प्रति आभार जताया वहीं श्री सद्गुरू साईंनाथ सेवा समिति के कार्यकारी अध्यक्ष शुभम यादव ने कहा की कुस्ती प्रतियोगिता से शारिरिक व मानसिक का विकास पूर्ण रुप से होता है खेल अनुशासन को बल देता है इस दौरान संरक्षक अशोक यादव, प्रो० शिव कुमार, भूदेव यादव, प्रवीण यादव, प्रमोद यादव,विनोद सिंह भीखो सिंह ,राकेश रमण ,शुभम यादव ,बूचो यादव, अजय यादव, राजो यादव सहित बडी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## बिरौल : खोरा गाछी मैदान में क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ भव्य आयोजन

लोक तंत्र की आवाज

**बिरौल।** प्रीमियर लीग टी 20 क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ मिथिला स्टेडियम खोरा गाछी मैदान में सोमवार को फीता काटकर उद्घाटन किया गया। बिरौल प्रीमियर लीग का उद्घाटन बिरौल क्रिकेट क्लब के अध्यक्ष सह संरक्षक श्रीमान गणेश झा ने फीता काट कर किया वही क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन स्थानीय संस्था बिरौल विकास युवा मोर्चा के द्वारा आयोजित की गई है । वही सोमवार को पहला मैच यंग स्टार क्रिकेट क्लब सुपौल बाजार का नाम शार्क हंटर सुपौल के बीच खेला गया जिसमे यंग स्टार टीम के कप्तान ने टॉस जीत कर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया



विजय स्टार हंटर की टीम 12 .1 ओवर में 94 रन बनाकर ऑल आउट हो गई वही जबाब में खलने उतरी यांग स्टार टीम के दो धुरंधर शिवा सहनी और उजाले के धमाकेदार बलेबाजी के बदौलत 8.4 ओवर में ही मैच को जित दर्ज कर लिया । वही मैन ऑफ द मैच राहुल सहनी को दिया गया जिन्होंने 4 विकेट लिए मौके पर बिरौल क्रिकेट क्लब के सचिव अजय बिरोलिया, अशोक झा, मुरारी यादव, कौशल बिरोलिया गंगेश झा ,रिकी राजपूत,सुभाष झा,राहुल सिंह, कुंदन सिंह, मनोज सिंह,रोहन सिंह,विकास रंजन,विकास कर्ण, मुरारी मिश्र के अलावा हजारों दर्शक उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### गायत्री मंदिर परिसर में प्रसाद ग्रहण कराकर उन्हें गरीबों के बीच डाक्टर प्रियनंदन प्रसाद जी के हाथों से अंग वस्त्र दिया गया



लोकतंत्र की आवाज
चन्दन कुमार पासवान
सिमरी बख्तियारपुर /सहरसा। सिमरी बख्तियारपुर में मकर संक्रांति का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर अनुमंडल में विभिन्न जगहों पर पूजा अर्चना की गई। शहरवासियों ने मंदिरों में दर्शन कर पूजा-अर्चना के साथ निराश्रितों गोवंश को दान-पुण्य भी किया। महिलाओं ने व्रत रखकर सूर्य की पूजा अर्चना करके चावल, मूंग, मोठ, बाजरा, ज्वार, छवला आदि अनाज का खीर बनाकर भोग लगाया। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में पतंगबाजी को लेकर जबर्दस्त उत्साह नजर आया। एक महीने तक मलमास के बाद आज से शुभ कार्य भी शुरु हो गए। एक महीने तक मंदी की मार झेल रहे बाजार के दुकानों में भी चहल-पहल नजर आएंगी। इस अवसर पर उपस्थित डॉ प्रियनंदन प्रसाद ने कहा कि मकर संक्रांति पर दान का बड़ा महत्व है। इस दिन कंबल, गर्म कपड़े, दरी, जूते, टोपी, तिल, गुड़, खिचड़ी और घी जैसी चीजें दान करने से पुण्य मिलता है। शास्त्रों के अनुसार, इस दिन गंगा स्नान और दान से आपके वर्तमान और भविष्य दोनों अच्छे होते हैं। यह दान 10 अश्वमेघ यज्ञ और 1000 गायों के दान के बराबर फल देता है। इस अवसर पर हिंदूपुर स्थित गायत्री मंदिर में गरीबों को दही चूड़ा खिला कर गर्म कपड़े सहित कंबल बांटे गए। मौके पर उपस्थित मशहूर चिकित्सक एवं समाज सेवी डॉ प्रियनंदन प्रसाद, फेकन यादव, दिनेश यादव, पप्पू यादव, बीजेपी के बूथ अध्यक्ष श्याम यादव, इंद्रजीत पोद्दार, नीतिश कुमार, मोहन शर्मा, परवेज आलम, डॉ अर्जुन, अमित कुमार, राहुल कुमार, सूरज चौधरी, राजीव कुमार, प्रणव कुमार, ब्रजेश कुमार, राजकुमार यादव, कोरन पोद्दार, सोनू पोद्दार, मुकेश पोद्दार आदि उपस्थित थे।

### युवा समाजसेवी ने महाकुंभ व गंगा सागर जाने वाले तीर्थयात्रियों के बीच दवा वितरित

लोकतंत्र की आवाज
सहरसा संवादाता। आगामी मकर संक्रान्ति को लेकर सनातनी महाकुंभ और गंगासागर के तरफ रुख कर चुके है। वही गंगा माँ के दर्शन और पवित्र स्नान हेतु जत्था निकल रहा है। आज सहरसा रेलवे स्टेशन पर सनातनी धर्मालंबियों के बीच युवा समाजसेवी रौशन मिश्रा ने आवश्यक दवाइयों का वितरण किया। उन्होंने कहा की बहुत सारे बुजुर्गो को यात्रा के दौरान रास्ते में तबीयत खराब हो जाती है। इस दवा से काफी राहत मिलेगी। दवा में बुखार का, गैस का, एलर्जी का, पेट खराब का, ओआरएस दिया गया ताकि कोई परेशानी हो तो तुरंत निवारण किया जा सके। इस दौरान लगभग 75 लोगो को दवा वितरण किया गया। सभी की यात्रा मंगलमय होने का ईश्वर से प्रार्थना भी किए। ज्ञात हो की कई वर्षो से रौशन लाचार बेबस और समाज के लिए समर्पित है। उन्होंने लोगो से महाकुंभ जाने के लिए सभी आवश्यक सहयोग किये जाने का आश्वासन दिया। साथ ही उनके द्वारा भूखे लोगों को भरपेट भोजन और प्यासे को पानी देकर रोटी बैंक के माध्यम से सेवा कार्य प्रतिदिन चलाया जा रहा है। वही निर्धन असहाय लोगों के बीच ठंड से ठिठुरते लोगों के बीच गर्म कपड़े व कंबल भी दान किया जा रहा है।

### श्री हरि सत्संग समिति के कोसी प्रदेश सलाहकार बने राजेश शर्मा



लोक तंत्र की आवाज
विराटनगर। श्री हरि सत्संग समिति केंद्रीय कार्यालय ने आगामी मार्च महीने में नेपाल में आयोजित होने वाले भक्ति संगीत कार्यक्रम रासलीला के आयोजन को लेकर एक बैठक आयोजित की। इस बैठक में दो दशकों बाद नेपाल में रासलीला कार्यक्रम के आयोजन पर चर्चा की गई। बैठक में संस्था ने अपने संगठन का विस्तार करते हुए कोसी प्रदेश के नए सलाहकार के रूप में स्व. रामेश्वर शर्मा के स्थान पर राजेश कुमार शर्मा को मनोनीत किया।रासलीला के आयोजन के संयोजक के रूप में महेश साह स्वर्णकार को जिम्मेदारी दी गई। इस बैठक में संस्था के केंद्रीय अध्यक्ष भीखम् चन्द अग्रवाल, राष्ट्रीय महासचिव राम जीवन अग्रवाल, राष्ट्रीय समिति सदस्य श्रवण कुमार अग्रवाल, विराटनगर संभाग अध्यक्ष विधानंद मांझी, उपाध्यक्ष महेश साह स्वर्णकार, सचिव पशुपति नेपाल, कोषाध्यक्ष महेंद्र अग्रवाल, विराटनगर चैप्टर उपाध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता, सचिव देवकीनंदन अग्रवाल, कृष्ण कुमार शर्मा और अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। यह बैठक श्री हरि सत्संग समिति के विभिन्न धार्मिक और सामाजिक कार्यों के संदर्भ में महत्वपूर्ण निर्णयों का हिस्सा रही और आगामी आयोजनों के लिए योजनाओं पर चर्चा की गई।

# रमजान में इफ़्तार से लेकर मकर संक्रांति तक, आफताब और शगुफ्ता अजीम का सामुदायिक सौहार्द में अभूतपूर्व योगदान

## गंगा-यमुना तहजीब का पैगाम देते हैं जद यू फैमिली के आफताब-शगुफ्ता अजीम

- मकर संक्रांति पर दही-चूड़ा भोज से भाईचारे का संदेश,गंगा-यमुना तहजीब का प्रतीक

लोक तंत्र की आवाज



अररिया। गंगा-यमुना तहजीब और सामुदायिक सौहार्द की जीवंत मिसाल पेश करते हुए अररिया जिला परिषद अध्यक्ष आफताब अजीम उर्फ पप्पू अजीम और अररिया विधानसभा सीट की पूर्व जद यू प्रत्याशी शगुफ्ता अजीम ने मकर संक्रांति के मौके पर दही-चूड़ा और तिलकुट भोज का भव्य आयोजन किया। यह आयोजन न सिर्फ एक सांस्कृतिक परंपरा को सहेजने का प्रयास था, बल्कि समाज में आपसी भाईचारे, एकता और सद्भाव का अनूठा संदेश भी था।

जहां रमजान के महीने में हर वर्ष जिला मुख्यालय के सुभाष स्टेडियम में अल्पसंख्यक समुदाय के लिए भव्य इफ़्तार पार्टी का आयोजन किया जाता है, वहीं मकर संक्रांति जैसे हिंदू पर्व पर दही-चूड़ा भोज का आयोजन अफताब और शगुफ्ता अजीम के द्वारा साम्प्रदायिक सौहार्द को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। यह आयोजन यह संदेश देता है कि हर धर्म और समुदाय के लोग एक साथ मिलकर पर्वों की खुशियां साझा कर सकते हैं और समाज में भाईचारे का माहौल बना सकते हैं।

इस विशेष आयोजन में अररिया जिले की प्रमुख राजनीतिक और सामाजिक हस्तियों ने शिरकत की। कार्यक्रम में शामिल हुए प्रमुख अतिथियों में पूर्व सांसद सरफराज आलम, जोकीहाट विधायक शाहनवाज आलम, पूर्व विधायक पद्मपराग राय वेणु, भाजपा जिला अध्यक्ष आदित्य नारायण झा, जिला जद यू अध्यक्ष आशीष पटेल, ईट्टु मनोज झा, के एन डिग्री कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रो. त्रिलोक नाथ झा, जिला भाजपा के पूर्व अध्यक्ष संतोष सुराणा, अजीत झा, अंजुम परवेज, परवेज जी, हलचल जी, सुशीला शाह, कनकलता झा, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अविनाश मंगलम, जद यू युवा जिला अध्यक्ष रमेश राय, एम आलम, जद यू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मोहम्मद हुसैन अख्तर उर्फ चुन्नू सहित अन्य समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तित्व उपस्थित थे।कार्यक्रम में शामिल हुए सभी अतिथियों ने इस पहल की खुले दिल से सराहना की और इसे सामुदायिक एकता और भाईचारे का अद्भुत उदाहरण बताया। सभी ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से समाज में आपसी समझ, मेल-मिलाप और भाईचारा बढ़ता है।

जद यू नेत्री शगुफ्ता अजीम और जिला परिषद अध्यक्ष आफताब अजीम ने इस आयोजन के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए कहा, ₹हमारा मकसद समाज के हर वर्ग को एक साथ लाकर खुशियां साझा करना और समाज में समरसता का माहौल बनाना है। यह आयोजन अररिया की गंगा-यमुना तहजीब का प्रतीक है, जहां सभी धर्मों और समुदायों के लोग एकजुट होकर आपसी सौहार्द की मिसाल पेश करते हैं। इस आयोजन में उपस्थित सभी लोगों ने दही-चूड़ा, तिलकुट और अन्य पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद लिया। इस आयोजन ने न केवल क्षेत्रीय लोगों को अपनी परंपराओं से जुड़ा रहने का अवसर दिया, बल्कि यह एक सशक्त संदेश भी दिया कि समाज में एकता और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए हमें हर अवसर पर सामूहिक प्रयास करने होंगे।

आफताब और शगुफ्ता अजीम के इस प्रयास ने यह साबित किया कि राजनीति और समाज सेवा से ऊपर जाकर, किसी भी समाज के बीच एकता और भाईचारे को बढ़ावा देना सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। यह आयोजन न केवल अररिया जिले के लिए, बल्कि समूचे समाज के लिए एक प्रेरणा बनकर उभरा है।

## भगवानपुर महादेव स्थान परिसर स्थित मध्य विद्यालय खेल मैदान में दंगल देखने लोगों की उमड़ी भीड़



लोकतंत्र की आवाज

चन्दन कुमार पासवान
सिमरी बख्तियारपुर/ सहरसा। अनुमंडल क्षेत्र के बनमा ईटहरी प्रखंड के घोड़दौड़ पंचायत स्थित ऐतिहासिक भगवानपुर महादेव स्थान पर पूसी पूर्णिमा के अवसर पर भव्य मेले का आयोजन किया गया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूसी पूर्णिमा के मौके पर यहां भक्तों और श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। वहीं दो दिवसीय महा दंगल कुश्ती का पूर्व प्रमुख रमेशचंद्र यादव, विकास कुमार उर्फ सुनील यादव,घरदौड़ पंचायत के मुखिया मुकेश शर्मा,मेला कमिटी अध्यक्ष रामचंद्र यादव , पूर्व समिति सत्यनारायण यादव, जिला परिषद प्रतिनिधि अरविन्द यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में मंदिर परिसर में दो दिवसीय महा दंगल कुश्ती का आयोजन किया गया, जिसमें नेपाल, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के बनारस से आए नामचीन पहलवानों ने हिस्सा लिया। इस रोमांचक कुश्ती का आनंद लेने के लिए बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।भगवानपुर महादेव स्थान मंदिर अपनी ऐतिहासिकता और प्राचीनता के लिए प्रसिद्ध है। यहां वर्षों से श्रद्धालु अपने परिवार की सुख-समृद्धि और उज्जवल भविष्य की कामना लेकर आते हैं। बिहार, झारखंड और नेपाल से बड़ी संख्या में लोग इस पवित्र स्थान पर पूजा-अर्चना करने पहुंचते हैं।पूर्णिमा के मौके पर मंदिर परिसर को विशेष रूप से सजाया गया। श्रद्धालुओं के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें धार्मिक अनुष्ठान और सांस्कृतिक कार्यक्रम मुख्य आकर्षण रहे। मेले में बच्चों के लिए झूले, खिलौने, और खाने-पीने की चीजें भी उपलब्ध रहीं, जो सभी आयु वर्ग के लोगों को आकर्षित कर रहे थे।भगवानपुर महादेव स्थान पर इस मेले का धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर काफी गहरा है। भक्तों का विश्वास है कि यहां पूजा करने से उनकी सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। इस ऐतिहासिक आयोजन ने एक बार फिर इस पवित्र स्थान की महिमा को उजागर किया।

## पतरघट में मकर संक्रांति के दिन दही चुरा भोज का हुआ आयोजन क ई गणमान्य ब्यक्ति हुए शामिल





लोकतंत्र की आवाज
सहरसा। जिले के पतरघट में मकर संक्रांति हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी लोगों में दही चुरा भोज का खास महत्व रखा .इस दौरान पतरघट मुखिया प्रतिनिधि अमित कुमार ने अपने आवास पर दही चुरा भोज का आयोजन किया, जिसमें मधेपुरा बिधानसभा के पूर्व प्रत्याशी निखील मंडल सहित जदयू के क ई बरिष्ठ नेता एवं स्थानीय ग्रामीण भी हुए शामिल .मकर संक्रांति हर वर्ष 14 जनवरी को मनाया जाता है जिसको लोगों ने निष्ठा पूर्ण भाव मनाते है। इस मौके पर महेन्द्र पटेल प्रदेश महासचिव जदयू, नरेश पासवान बिधानसभा प्रभारी सिमरीबख्तियारपुर ,ललन कुमार, गौतम कुमार, पबन कुमार, पूर्व मुखिया चन्द्रीका प्रसाद साह, बिजेन्द्र प्रसाद ,बिजय भुषण गुप्ता, सुदर्शन कुमार बबलू सहित अन्य गणमान्य ब्यक्ति मौजूद रहे।

## महादलित परिवार जमीन की मांग को ले सीएम को सौंपेंगे पत्र

लोकतंत्र की आवाज



पतरघट सहरसा संवादाता। पतरघट प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत पस्तपार जीरबा नहर पर पूर्व से घर बनाकर बसें दर्जनों महादलित परिवार के सदस्यों ने जमीन उपलब्ध करवाने के लेकर धरना प्रदर्शन देने का संकेत दिया है। महादलितों ने सरकारी स्तर से बसोबास की जमीन उपलब्ध नहीं कराने पर नाराजगी जताई। महादलित परिवार के सदस्यों ने कहा कि वे सभी पूर्व से बसोबास के जमीन के लिए अंचल कार्यालय का चक्कर लगाते लगाते परेशान है। लेकिन उन लोगों की समस्या को किसी ने गंभीरता से नहीं लिया। उक्त महादलित परिवार के सदस्यों ने अपनी समस्या का समाधान के लिए 9 जनवरी को जिला पदाधिकारी सहरसा से मिलकर अपने अपने मांग पत्र दिया। जिसमें उन सभी का मांगे पुरी नहीं होने पर अनिश्चितकालीन धरना देने की बात कही थी।

सोमवार को जीरबा नहर पर बसे दर्जनों महादलित परिवार के सदस्यों ने एकत्रित होते आक्रोश जाहिर कर कहा कि सरकार द्वारा भूमिहीन महादलित परिवार का बसोबास के लिए जमीन उपलब्ध कराने का घोषणा किया गया। जिसका लाभ उन लोगों तक नहीं पहुँच सका है। जीरबा नहर पर बसे जन्नत देवी, फूलन देवी, विमल देवी, रूबी देवी, तेतरी देवी, रीता देवी दयन देवी, रबिया देवी, गीता देवी, मीना देवी, सीता देवी, रोहित सादा, मोना देवी, सोमानी देवी, निर्मला देवी सहित कई महादलित महिलाओं ने बताई की कहा कि उन लोगों को आज तक सिर्फ जमीन उपलब्ध कराने भरोसा दिया गया। लेकिन आज तक जमीन उपलब्ध नहीं कराया गया। आगामी 21 जनवरी तक उन लोगों का समस्या का समाधान नहीं होने पर सभी दलित 23 जनवरी को मुख्यमंत्री का सहरसा आगमन पर मिलकर अपनी मांग रखेंगे। जिसकी तैयारी कर रहे हैं। वहीं अंचल अधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि रविवार को स्वयं वे पस्तपार के जीरबा नहर पर जाकर महादलित परिवार की समस्या को सुना। तथा उन्होंने कहा कि भूमिहीन महादलित परिवार को चिन्हित कर जमीन उपलब्ध कराने की दिशा में उनके स्तर से कार्रवाई की जा रही है। अंचल अधिकारी ने बताया कि कुछ जमीन की पर्चा दी गई है और कर्मचारी एवं अमीन को जमीन उपलब्ध कराने के लिए कहा गया है रिपोर्ट आते ही कागजी प्रक्रिया की जाएगी।

# तीसरे क्वाटर फाइनल में टाउन क्लब बांका ने मॉडर्न स्पोर्ट क्लब को हराकर सेमी फाइनल में बनाई जगह

- मैन ऑफ द मैच का खिताब मिला श्रीकांत मुर्मू को, मुख्य अतिथि थे अररिया प्रखंड प्रमुख अब्दुल हन्नान



लोक तंत्र कीआवाज

अररिया। तस्लीम उद्दीन मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट के तीसरे क्वाटर फाइनल में टाउन क्लब बांका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मॉडर्न स्पोर्ट क्लब अररिया को दो गोल से हराया और सेमी फाइनल में अपनी जगह पक्की की। इस मैच में मैन ऑफ द मैच का खिताब श्रीकांत मुर्मू को दिया गया, जिन्होंने शानदार खेल दिखाया।

मुख्य अतिथि के रूप में अररिया प्रखंड के प्रमुख अब्दुल हन्नान इस आयोजन में शामिल हुए। उन्होंने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से मैदान पर मिलकर परिचय किया और टूर्नामेंट के आयोजन की सराहना की। प्रमुख अब्दुल हन्नान ने कहा कि खेल से बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास होता है, और इस तरह के टूर्नामेंट से क्षेत्रीय प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिलता है। इस अंतरराज्यीय फुटबॉल टूर्नामेंट में कुल 16 टीमों ने भाग लिया है, जिसमें बिहार, बंगाल, उत्तर प्रदेश, झारखंड और नेपाल की टीमें शामिल हैं। टूर्नामेंट के दौरान मॉडर्न स्पोर्ट क्लब के स्थापना दिवस पर क्लब के अध्यक्ष सत्येंद्र शरण, सचिव इश्तियाक आलम, जकी अख्तर अंसारी, शदिक़ हाशमी चिम्पु, शकील अंसारी, मोतस्सिम ज़ुबैरी, शादाब शमीम, मुस्सरफ़ आदि ने केक काटकर इसे मनाया। यह टूर्नामेंट दर्शकों के बीच काफी उत्साह और रुचि का कारण बना हुआ है। बता दें कि इस टूर्नामेंट का फाइनल मैच पहले 18 जनवरी को होना था, लेकिन अब यह 19 जनवरी को नेताजी सुभाष स्टेडियम में खेला जाएगा।

# मार्गदर्शन एवं उत्प्रेरण केंद्र में नामांकन के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 31 जनवरी तक

- बिहार राज्य पिछड़ा वर्ग एवं अतिपिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम द्वारा संचालित कोचिंग केंद्र में नामांकन हेतु आवेदन आमंत्रित

लोक तंत्र कीआवाज




डा. रूद्र किंकर वर्मा
मधेपुरा। बिहार राज्य पिछड़ा वर्ग एवं अतिपिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम, पटना द्वारा बीएनएमयू में संचालित मुख्यमंत्री व्यवसायिक पाठ्यक्रम मार्गदर्शन एवं उत्प्रेरण केंद्र में आगामी सत्र के लिए विद्यार्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक विद्यार्थी 31 जनवरी, 2025 तक आवेदन कर सकते हैं। यह कोचिंग केंद्र विशेष रूप से पिछड़ा वर्ग और अतिपिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए शुरू किया गया है, जिसमें उन्हें विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे इनईटी, जीएटीई, जेआरएफ, पीएच.डी आदि में सफलता प्राप्त करने के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण (कोचिंग) प्रदान किया जाएगा।

**कुल 120 सीटों पर होगा नामांकन** : केंद्र में कुल 120 सीटों पर नामांकन किया जाएगा, जिनमें से प्रत्येक बैच में 60 सीटें होंगी। केंद्र में दो बैच संचालित किए जाएंगे–पहला बैच और दूसरा बैच। दोनों बैच में 40 प्रतिशत (24) पिछड़ा वर्ग तथा 60 प्रतिशत (36) अति पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए अनुमान्य है। इसमें छात्राओं के लिए विशेष ध्यान रखा गया है। पिछड़ा वर्ग और अतिपिछड़ा वर्ग दोनों में छात्राओं के लिए 33 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण की व्यवस्था की गई है। इस प्रकार, महिला विद्यार्थियों को शिक्षा में समान अवसर प्रदान किए जाएंगे।

**काउंसलिंग के माध्यम से होगा चयन** : रामकृपाल प्रसाद, जिला कल्याण पदाधिकारी, ने बताया कि इस कोचिंग केंद्र में नामांकन के लिए विद्यार्थियों का चयन काउंसलिंग के माध्यम से किया जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि छात्र-छात्रा एवं उनके अभिभावक की कुल वार्षिक आय तीन लाख रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए, ताकि वे इस योजना के पात्र हो सकें। यह केंद्र विद्यार्थियों को न केवल प्रतियोगिता परीक्षा के लिए तैयार करेगा, बल्कि उन्हें प्रेरित भी करेगा ताकि वे अपने करियर को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकें। यह पहल राज्य सरकार की उस कोशिश का हिस्सा है, जिसमें पिछड़ा वर्ग और अतिपिछड़ा वर्ग के छात्रों को बेहतर शैक्षिक और व्यावसायिक अवसर प्रदान किए जाते हैं। आवेदन की प्रक्रिया 31 जनवरी, 2025 तक जारी रहेगी, और इच्छुक विद्यार्थियों को समय रहते आवेदन प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है।

## तीन दिवसीय पूसी पूर्णिमा मेला का पूर्व विधायक डॉ अरुण कुमार यादव ने फीता काट कर उद्घाटन किया

लोकतंत्र की आवाज



चन्दन कुमार पासवान
सिमरी बख्तियारपुर /सहरसा । सिमरी बख्तियारपुर प्रखंड के सिटानाबाद उत्तरी पंचायत के कुमेदान टोला गांव में तीन दिवसीय पूसी पूर्णिमा मेला का पूर्व विधायक डॉ अरुण कुमार ने फीता काटकर किया उद्घाटन। कार्यक्रम की अध्यक्षता मेला अध्यक्ष राजीव यादव ने किया। अतिथियों को पाग एवं चादर देकर सम्मानित किया गया।

मौके पर पूर्व विधायक ने मेले को सांस्कृतिक परंपरा का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा की मेले आपसी भाईचारे एवं मेल-मिलाप को बढ़ावा मिलता हैं। मेले न केवल धार्मिक एवं सामाजिक आस्था का केंद्र हैं, बल्कि यह हमारी परंपरा को जीवित रखने का माध्यम भी हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि अगले वर्ष आने वाले मेला इससे भी भव्य लगाया जाएगा। तीन दिवसीय मेले में नाट्य कला यानि नाच के अलावे भोजपुरी गायिका अमृता गौतम एवं शेरू लोहार का कार्यक्रम होना है। मौके पर मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष विनय यादव, मेला कोषाध्यक्ष पूर्व मुखिया प्रत्याशी बिट्टू भगत, सचिव वकील चौधरी, परमानंद यादव, अजय कुमार, मतीन खान, राजेंद्र कुमार, वीरेंद्र यादव, रंजन यादव, अशोक राणा, सुरेंद्र यादव,अरविंद यादव, बबलू कुमार, संतोष यादव, मुरलीधर यादव, प्रवेश शर्मा, धर्मवीर शर्मा, वीरेन शर्मा, लाल शर्मा, गणेश कुमार, मुकेश यादव, पप्पू कुमार, सुमित कुमार, मनीष टावर आदि समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# पीड़ित मानवता की सेवा ही असली पूजा है: आलोक

- पतरघट में शिव शंकर सिंह और पार्वती देवी की स्मृति में कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित

लोक तंत्र की आवाज



पतरघट। पतरघट प्रखंड के पस्तपार गांव में ठंड से बचाव के लिए एक महत्वपूर्ण कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम पूर्व प्रधानाध्यापक शिव शंकर सिंह और समाजसेविका पार्वती देवी की स्मृति में आयोजित किया गया, जिसमें गांव के गरीब और जरूरतमंद परिवारों के बीच कंबल वितरित किए गए। इस अवसर पर समाजसेवी आलोक कुमार मंडल ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया और कहा कि ₹पीड़ित मानवता की सेवा ही असली पूजा है।

आलोक कुमार मंडल ने समारोह में बोलते हुए कहा कि समाज में हर व्यक्ति को अपने स्तर पर पीड़ितों और जरूरतमंदों की सहायता करने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने बताया कि ठंड के इस मौसम में कंबल वितरण जैसी पहल गरीबों के लिए अत्यंत उपयोगी साबित होती है। उन्होंने शिक्षा के महत्व को भी रेखांकित किया और कहा कि गरीबी को दूर करने के लिए शिक्षा को बढ़ावा देना आवश्यक है। आलोक ने यह भी कहा कि शिक्षा के माध्यम से लोग अपनी कौशलता बढ़ा सकते हैं, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति बेहतर हो सकती है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रांगण रंगमंच के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार परमार ने की। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन समाज में एकजुटता और सहानुभूति का संदेश देते हैं। डॉ. परमार ने समाजसेवी आलोक कुमार मंडल की सराहना की और उनके प्रयासों को समाज के लिए लाभकारी बताया।

पूर्व जिला पार्षद इंद्र भूषण सिंह इंदु ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि शिव शंकर सिंह और पार्वती देवी के व्यक्तित्व और कार्यों से हमें बहुत कुछ सीखने को मिलता है। इन्होंने अपने जीवन में समाज के लिए जो कार्य किए, वह हमेशा प्रेरणादायक रहेंगे। उन्होंने कार्यक्रम आयोजकों की भी सराहना की और कहा कि इस तरह के आयोजन से गरीबों को राहत मिलती है। वयोवृद्ध समाजसेवी रघुनंदन यादव ने कहा कि डॉ. संजय परमार हमेशा सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहते हैं और उनकी इस पहल के लिए उन्हें बधाई दी। इस कार्यक्रम में स्थानीय लोग भी बड़ी संख्या में शामिल हुए, जिनमें पैक्स अध्यक्ष उत्तम सिंह, महाकान्त यादव, सनातन यादव, शाश्वत परमार उर्फ ओम जी, चंदन सिंह, अरविंद सिंह, साक्षी सिंह, अनंत प्रताप, हर्षित, हरि शर्मा, पूर्व सरपंच कूलो देवी समेत कई प्रमुख व्यक्ति मौजूद थे।

कंबल वितरण कार्यक्रम के आयोजन से पतरघट के ग्रामीण इलाके में एक सकारात्मक संदेश गया और समाज के प्रति समर्पण की भावना को प्रोत्साहित किया। इस प्रकार के कार्यक्रम गरीबों की भलाई के लिए बेहद महत्वपूर्ण साबित होते हैं और स्थानीय समुदाय में एकजुटता का माहौल उत्पन्न करते हैं।

## संक्षिप्त खबरें ।

### पर्यटन विभाग के तत्वाधान में बरकट्ठा सूरज कुंड मेला में एक दिवसीय पतंग महोत्सव कार्यक्रम का उद्घाटन



लोकतंत्र की आवाज
घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ
हजारीबाग (झारखंड)। पर्यटन विभाग के तत्वाधान में मकर संक्रांति के अवसर पर आज सूरज कुंड मेला में एक दिवसीय पतंग महोत्सव कार्यक्रम का उद्घाटन जिला योजना पदाधिकारी पंकज कुमार तिवारी एवं अनुमंडल पदाधिकारी बरही जोहन टुडू के द्वारा किया गया। इस दौरान उपस्थित बच्चो के बीच 200 पतंग का वितरण किया गया। गौरतलब है कि पर्यटन विभाग द्वारा ए श्रेणी में नामित हजारीबाग के बरकट्ठा में सूरज कुंड परिसर पर हर वर्ष मकर संक्रांति के अवसर मेला तथा कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। मौके पर जिलापरिषद सदस्य अंचल अधिकारी बरकट्ठा,स्थानीय मुखिया ऊछळर आकाश दास एवं मेला समिति के सदस्य उपस्थित थे।

### गिरिडीह सिहोडीह में सड़क निर्माण स्थानीय लोगों की परेशानी



लोकतंत्र की आवाज
विक्रम कुमार मिश्रा (ब्यूरो चीफ)
गिरिडीह, झारखंड। सड़क निर्माण कोई बुरी बात नहीं लेकिन खुदाई का काम चलाते रहना चाहिए निश्चित है की सबसे ज्यादा स्थानीय लोग अवश्य ही परेशान होंगे हालांकि अभी जो सड़क निर्माण के लिए जो खुदाई कार्य चल रहा है यह आवश्यक भी था और है भी और यह आगे भविष्य के लिए बेहतर रहेगा। लेकिन राहत की बात यह है कि इस बार जो सभी जगह ढक्कन पूर्ण नाले का निर्माण किया गया है उस कारण अब उसे तोड़कर दोबारा बनाना पहले की भांति संभव नहीं होगा।

### मंईयां सम्मान योजना में गड़बड़ी की शिकायत के लिए बना सेल, प्रशासन जारी किया वाट्सएप नंबर

लोकतंत्र की आवाज
गिरिडीह जिले में मंईयां सम्मान योजना के तहत हजारों लाभुकों को योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। यह समस्या फॉर्म भरने में हुई गड़बड़ियों के कारण उत्पन्न हुई है। इस समस्या को हल करने के लिए प्रशासन ने एक कदम उठाते हुए बगोदर प्रखंड कार्यालय परिसर में शिकायत सेल का गठन किया है। प्रशासन की पहल पर गठित इस सेल में चार कर्मी नियुक्त किए गए हैं। ये कर्मी लाभुकों की शिकायतों को सुनेंगे और उनका समाधान करेंगे। बगोदर बीडीओ निशा कुमारी ने इस विषय पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि लाभुकों को योजना का लाभ दिलाने के लिए यह विशेष व्यवस्था की गई है। प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी रामचंद्र दांगी, लिपिक रोहित कुमार, कंप्यूटर ऑपरेटर गोबिंद प्रसाद वर्मा, कंप्यूटर ऑपरेटर संजीव कुमार सिंह, शिकायत दर्ज करने के लिए वाट्सएप नंबर जारी बीडीओ ने यह भी जानकारी दी कि शिकायत दर्ज कराने के लिए वाट्सएप नंबर जारी किए गए हैं। लाभुक इन नंबरों पर मैसेज के माध्यम से अपनी समस्याएं दर्ज करा सकते हैं। जारी नंबर इस प्रकार हैं : 7004044790 , 8252798684 , 9123496132। बीडीओ के अनुसार, बगोदर प्रखंड में मंईयां सम्मान योजना के तहत लगभग 36,000 लाभुक हैं। इनमें से कई का भुगतान तकनीकी गड़बड़ी के कारण अटका हुआ है, जबकि कुछ लाभुकों का पेमेंट फेल हो रहा है। शिकायत सेल इन समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करेगा।

# गिरिडीह को कुपोषण एवं एनीमिया मुक्त करने की दिशा में कार्य शुरू

लोकतंत्र की आवाज

**विक्रम कुमार मिश्रा ( ब्यूरो चीफ)**
**गिरिडीह,झारखंड।** समाहरणालय स्थित सभागार कक्ष में उपायुक्त–सह–जिला दंडाधिकारी, नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में पोषण संबंधी और समर अभियान के सफल क्रियान्वयन को लेकर सभी संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के पदाधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करते हुए अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा जिला को कुपोषण एवं एनीमिया मुक्त करने की दिशा में कार्य करना है। इसके लिए आंगनबाड़ी केन्द्रों में शत–प्रतिशत बच्चो की उपस्थिति तथा बच्चों को गुणवत्तापूर्ण पौष्टिक आहार उपलब्ध करायें। साथ ही आंगनबाड़ी केन्द्रों में पंजीकृत बच्चों का नियमित वजन – माप करायें एवं कुपोषित, अतिकुपोषित बच्चों का सूची तैयार कर नजदीकी एमटीसी में स–समय भर्ती सुनिश्चित करायें। आगे उपायुक्त ने कहा ऐसे सभी घर जहां पर कुपोषण एवं एनीमिया से ग्रसित बच्चों, किशोरियों, युवतियाँ, धात्री माता एवं गर्भवती महिलाएं होती है, उन्हें सरकार के विभिन्न विभागों के ऐसे कार्यक्रमों से जोड़ा जायेगा जिनका कुपोषण निवारण पर प्रत्यक्ष या परोक्ष प्रभाव होता है। इसके




अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु सभी अधिकारी संवेदनशील होकर कार्य करें। इसके साथ ही गर्भवती महिलाओं को मातृत्व पोषण के तहत ए. एन.सी .जांच, प्रतिमाह वजन, लंबाई तथा हीमोग्लोबिन की जांच करना सुनिश्चित करेंगे।

पोषण तथा समर अभियान अंतर्गत कुपोषित बच्चों एवं एनीमिया पीड़ित महिलाओं को चिन्हित करने का कार्य होगा समर पोषण दल का मुख्य कार्य क्या–क्या होगा ?आंगनबाड़ी केंद्र पर एसटीसी केंद्र का संचालन समर कार्यक्रम क्यों आवश्यक है? एक–एक कर सभी जानकारी प्रदान की गई अब जरूरत है आंगनवाड़ी सेविकाओं की वह कैसे और किस प्रकार तथा कितना सफल होकर इन सारे कार्य को अपने अपने क्षेत्र में पूर्ण कर पाती है इस बार स्वास्थ्य विभाग का भी सीधा संपर्क रखा गया है यहां सीधा संपर्क से तात्पर्य आप कार्य करें और इसकी जानकारी स्वास्थ्य विभाग के पास होनी चाहिए आप कितने कुपोषित या अति कुपोषित बच्चों का इलाज कर रही है इसकी जानकारी स्वास्थ्य विभाग के पास तत्काल मौजूद होनी चाहिए यह प्रयास कैसा और कितना सफल हो पाएगा या आने वाला समय ही सही रूप में बता पाएगा।

# पलामू के हैदरनगर सीएसपी से 1 लाख रुपये की लूट

लोकतंत्र की आवाज़



**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**पलामू(झारखंड)।** जिले के हैदरनगर में अपराधियों ने दिनदहाड़े सीएसपी से 1 लाख रुपये की लूट की वारदात को अंजाम दिया है. बाबंदिह रोड स्थित सीएसपी में घटना उस समय हुई जब सीएसपी संचलाक कुंदन कुमार ग्राहकों की सेवा में व्यस्त थे.

**कैसे हुई लूट की वारदातः** सीएसपी संचालक ने पुलिस को दिए गए बयान में बताया कि तीन अपराधी बाइक पर सवार होकर पहुंचे थे. इनमें से दो अपराधी हेलमेट पहनकर सीएसपी के अंदर घुस गए, जबकि तीसरा बाहर बाइक के पास निगरानी करता रहा. अपराधियों ने सीएसपी में दाखिल होने के बाद शटर गिरा दिया और संचालक कुंदन कुमार की कनपटी पर पिस्टल तान दी. गाली–गलौज करते हुए अपराधियों ने कैश काउंटर खोलने को मजबूर किया. डर के मारे सीएसपी स्टाफ ने दराज में रखे 1 लाख अपराधियों के हवाले कर दिए.

**सीएसपी में मौजूद थे ग्राहकः** वारदात के समय सीएसपी के अंदर कुछ ग्राहक भी मौजूद थे. अपराधियों ने सभी को धमकाते हुए चुप रहने को कहा. लूट की वारदात को अंजाम देने के बाद सभी अपराधी बाइक पर सवार होकर फरार हो गए.

**जांच में जुटी पुलिसः** इधर, अपराधियों के जाने के बाद सीएसपी संचालक ने पुलिस को घटना की सूचना दी. जानकारी मिलने के बाद हैदरनगर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया. इस दौरान पुलिस ने

- पिस्टल के दम पर अपराधियों ने दिया वारदात को अंजाम

आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज को भी खंगाला. इस संबंध में हैदरनगर थाना प्रभारी अफजल अंसारी ने कहा कि सीएसपी में लूट की घटना की जानकारी मिलने पर पहुंचे थे. पुलिस मामले की जांच कर रही है. अपराधियों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाला जा रहा है. गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित की गई है।

**स्थानीय लोगों में दहशतः** आपको बता दें कि सीएसपी भीड़भाड़ वाले इलाके में है, लेकिन इसके बावजूद अपराधी आसानी से वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए. यह घटना पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था के दावे पर बड़ा सवाल है. वहीं लूट की वारदात के बाद स्थानीय लोगों में भय का माहौल है और वे पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं.

**पुलिस प्रशासन के लिए चुनौती:** पलामू में बढ़ती आपराधिक घटनाएं पुलिस प्रशासन के लिए चुनौती बनती जा रही हैं. अब देखना यह होगा कि पुलिस कब तक इन अपराधियों को गिरफ्तार कर पीड़ित को न्याय दिला पाती है।

### मां भगवती मंदिर व मोरशेरवा मंदिर पहुंचे चतरा एसपी सपरिवार विकास पाण्डेय

लोकतंत्र की आवाज़
निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड
**पत्थलगड़ा(चतरा)।** मकर संक्रांति के अवसर पर मंगलवार को चतरा एसपी विकास पाण्डेय सपरिवार पहूंचे प्रसिद्ध तीर्थ स्थल व पर्यटक स्थल मां भगवती मंदिर एवं मोरशेरवा मंदिर प्रांगण पत्थलगड़ा । माता के मंदिर पहुंचकर एसपी विकास पाण्डेय ने सपरिवार के साथ किया पूजा व मां से सुख समृद्धि का लिया आशीर्वाद। इस दौरान मंदिर परिसर के विधि व्यवस्था का जानकारी लिया और मकर संक्रांति के पावन अवसर पर चूड़, तिलकुट, दही और गुड़ का आनंद लिया। साथ ही बलबल मेल में अवागमन को लेकर पत्थलगड़ा थाना प्रभारी आलोक रंजन चौधरी को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिया। इस मौके पर नावाडीह पंचायत मुखिया प्रतिनिधि मेघन दांगी, महादेव साव, नरेश प्रसाद, महावीर प्रसाद, महेंद्र ठाकुर, निराशों देवी, साबित देवी, बसंती देवी सहित अन्य उपस्थित थे।

# नक्सल प्रभावित इलाके की बच्ची ने पलामू एसपी रीष्मा रमेशन से लगाई गुहार! फिर कुनबा पहुंचा गांव

लोकतंत्र की आवाज़

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**पलामू(झारखंड)।** अति नक्सल प्रभावित इलाके की एक बच्ची ने पलामू एसपी रीष्मा रमेशन से गुहार लगाई. बच्ची पढ़ाई कर जज बनना चाहती है, लेकिन उसके परिजन उसे पढ़ाना नहीं चाहते हैं. गुहार के बाद पलामू पुलिस की स्पेशल टीम बच्ची के घर गई और परिजनों से बात की. पुलिस अब बच्ची की पढ़ाई में मदद करेगी.

पलामू एसपी रीष्मा रमेशन कार्यालय में अपने कार्यों को निपटा रही थी. इसी क्रम में उन्हें एक अंजान नंबर से कॉल आया. कॉल करने वाली बच्ची ने रोते हुए एसपी से कहा कि वह अपने भाई के नंबर से कॉल की है. इस दौरान उसने कहा कि वह पढ़ाई करना चाहती है, लेकिन उसके माता–पिता उसकी शादी करवाने वाले हैं. बच्ची की बात सुनने के बाद एसपी ने मदद का आश्वासन दिया और तत्काल मेदिनीनगर टाउन महिला थाना प्रभारी रूपा बाखला को लड़की से संपर्क करने को कहा गया और पूरे मामले में रिपोर्ट मांगी गई.

कॉल करने वाली बच्ची पलामू के मनातू थाना क्षेत्र के अति नक्सल प्रभावित गांव की रहने वाली है. टाउन महिला थाना प्रभारी रूपा बाखला और मनातू थाना प्रभारी निर्मल उरांव के नेतृत्व में पुलिस बच्ची के घर गई. पुलिस की टीम ने परिजनों के साथ करीब डेढ़ घंटे तक बातचीत की. पुलिस अधिकारियों के समझाने के बाद



परिजन बच्ची के पढ़ाई को लेकर राजी हुए है. वहीं पुलिस ने पढ़ाई में मदद करने का आश्वासन दिया है. पढ़ाई के लिए गुहार लगाने वाली बच्ची 11वीं क्लास की छात्रा है. बच्ची का नामांकन मनातू के चक हाई स्कूल में करवाया गया है.

एसपी रीष्मा रमेशन ने कहा कि कॉल पर बच्ची ने बताया कि वह पढ़ाई करके जज बनना चाहती है. बच्ची को मदद करने का आश्वासन दिया गया है. वहीं मेदिनीनगर महिला थानाध्यक्ष रूपा बाखला बोलीं कि बच्ची के घर मनातू थाना प्रभारी निर्मल उरांव और वे खुद गई थी. परिजनों से बातचीत की गई है. परिजन पढ़ाई के लिए राजी हुए हैं. जिस गांव में बच्ची रहती है वह अति नक्सल प्रभावित इलाका है.

**पढ़ने में मेधावी है बच्ची, चक हाई स्कूल में करवाया गया है नामांकन :** बच्ची 11वीं क्लास में आर्ट्स के विषय से पढ़ाई कर रही है. पुलिस एवं परिजनों के पहल पर नामांकन चक हाई स्कूल में करवाया गया है. बच्ची ने दसवीं क्लास में 70 प्रतिशत से भी अधिक नंबर लाया था. चक हाई स्कूल में करीब 1700 बच्चे पढ़ाई करते हैं. चक हाई स्कूल को माओवादी दो बार विस्फोट कर उड़ा चुके हैं।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गिरिडीह के द्वारा सेवा सप्ताह के अंतर्गत का स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

लोकतंत्र की आवाज

**विक्रम कुमार मिश्रा ( ब्यूरो चीफ)**
**गिरिडीह, झारखंड।** नर सेवा ही नारायण सेवा की कल्पना सर्वप्रथम देव पुरुष स्वामी विवेकानंद जी ने कही थी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गिरिडीह के द्वारा सेवा सप्ताह के अंतर्गत मंगलवार को पांडेयडीह मैग्जिनिया सेवा बस्ती में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन संपन्न हुआ।



शिविर में डॉ कुलदीप नारायण,डॉ आकांक्षा पोद्दार,डॉ भैरव कांत एवं डॉ राजेश पोद्दार ने काफी संख्या में उपस्थित बुजुर्ग पुरुष, महिला एवं बच्चों के स्वास्थ्य की जांच किया।जांचोंपरांत उन्हें निःशुल्क दवाइयां दी गई।मौके पर आरएसएस झारखंड के प्रांत प्रचारक गोपाल जी ने चिकित्सकों को श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया।वहीं मकर संक्रांति के सुअवसर पर सेवा बस्ती में निवास करने वाले लोगों के बीच संघ के द्वारा चूड़ा, गुड़ और तिलकुट का वितरण किया गया।

मौके पर गोपाल जी ने कहा कि मकर संक्रांति का त्योहार हमारी विविधतापूर्ण भारत की संस्कृति का सबसे अच्छा उदाहरण है। यह हमारे आध्यात्मिक परिवर्तन और आत्मनिरीक्षण का त्योहार है जो हमें नकारात्मक काम छोड़कर सकारात्मक परिवर्तन को अपनाने और धर्म से जुड़े रहने के लिए प्रोत्साहित करता है। शिविर को सफल बनाने में प्रांत सह सेवा प्रमुख मुकेश रंजन सिंह,जिला कार्यवाह वीर प्रताप, संजीव शर्मा,नलिन कुमार, संतोष खत्री,सुजीत भदानी, मनीष, रंजय सिंह, अमित कुमार,दिलीप वर्मा, संतोष गुप्ता सहित कई स्वयंसेवकों की भूमिका सराहनीय रही।

### जरूरतमंद लोगों को कंमल वितरण करते पंचायत समिति सदस्य



लोकतंत्र की आवाज
**घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**
**हजारीबाग (झारखंड)।** बिष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत अलपीटो पंचायत के जरूरतमंद गरीब लोगों के बीच पंचायत समिति सदस्य घनश्याम पाठक ने इस ठंड से राहत दिलाने के लिए सरकार द्वारा प्रदत कंमल का वितरण किया कंबल पाकर वृद्धि जनों ने श्री पाठक को तहे दिल से धन्यवाद और शुक्रिया किया और कंमल पाकर सभी खुश हुए श्री पाठक ने कहा हमें पूर्ण इच्छा है कि हम अपने गांव पंचायत के सभी जरूरतमंदों को कंमल दें ताकि ठंड का प्रभाव नहीं पड़े लेकिन मजबूर है सरकार हम लोगों को महज 40 कंमल एक–एक प्रतिनिधि पर दिए हुए हैं जो आज के समय में पूर्ति करना मुश्किल है सरकार अगर पंचायत समितियों को अधिक कंमल देती तो और भी लोगों को राहत हो पाता।

# हजारीबागः अल्पीटो पंचायत के 15 वें वित मद से बने पुलिया का उद्घाटन

लोकतंत्र की आवाज

**घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**
**हजारीबाग (झारखंड)।** बिष्णुगढ़ प्रखंड के अल्पीटो पंचायत अंतर्गत ग्राम गुण्डरो के पारटांड में पुलिया का उद्घाटन किया गया । पुलिया के बन जाने से एक दुसरे गांव से जोड़ने का मार्ग शुलभ हुआ। ग्रामीणों ने बताया कि पुलिया नहीं रहने की वजह से ग्रामीणों का आवागमन बाधित होता था।

जिसे अलपीटो पूर्वी पंचायत समिति सदस्य घनश्याम पाठक के द्वारा स्वीकृति दिलाया गया जिसका विधिवत उद्घाटन प्रखंड प्रमुख जयबुन्न निशा पंचायत समिति सदस्य घनश्याम पाठक के द्वारा नारियल फोड़कर एवं फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया गया ।इस पुलिया



के बन जाने से उस टोले के साथ–साथ पंचायत के दूसरे पंचायत से जुड़ने का फायदा ग्रामीणों को मिलेगा उद्घाटन कार्यक्रम में प्रतिनिधि विलाल अंसारी , वार्ड सदस्य के अलावे गणेश ठाकुर बलदेव सिंह डेगलाल सिंह महादेव मंडल रामबली सिंह समेत दर्जनों महिला–पुरुष शामिल हुए थे।

# पलामूः संदिग्ध परिस्थिति में युवक को लगी गोली, छानबीन में जुटी पुलिस

लोकतंत्र की आवाज़

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**पलामू(झारखंड)।** जिले में संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक को गोली लगी है. युवक को इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है. जहां उसकी हालत खतरे से बाहर है. पुलिस पूरे मामले में छानबीन कर रही है. साथ ही जख्मी युवक से पूछताछ भी कर रही है. पलामू के मेदिनीनगर के रहने वाले मोंटी पांडेय नामक युवक को संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगी है.



मेदिनीनगर सदर एसडीपीओ मणि भूषण प्रसाद ने बताया कि मोंटी पांडेय ने पुलिस को जानकारी दी कि चैनपुर थाना क्षेत्र के सेमरटांड़ के इलाके में उसे गोली लगी है, लेकिन पुलिस को पूरा मामला संदिग्ध लग रहा है. फिलहाल मामले की छानबीन की जा रही है. पुलिस को घटनास्थल को लेकर भी संदेह है. कई बिंदुओं पर छानबीन की जा रही है एवं घटना के वक्त मोंटी के साथ मौजूद लोगों के बारे में भी जानकारी ली जा रही है. प्रथम दृष्टया यह दोस्तों के बीच की घटना है. उन्होंने बताया कि युवक के पैर में गोली लगी है. उसकी हालत खतरे से बाहर है. इधर, घटना की जानकारी मिलने के बाद चैनपुर और टाउन थाना की पुलिस ने भी पूरे मामले में छानबीन शुरू की है. चैनपुर थाना की पुलिस सेमरटांड़ के इलाके में घटनास्थल का पता लगा रही है. वहीं, टाउन थाना की पुलिस भी मामले में घटनास्थल का पता लग रही है. निजी अस्पताल में डॉक्टरों की देखरेख में मोंटी पांडेय का इलाज चल रहा है।

# ऐसा हेलीपैड, जो नक्सलियों के लिए काल और झारखंड पुलिस के लिए साबित हुआ वरदान

लोकतंत्र की आवाज़

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**पलामू(झारखंड)।** झारखंड में नक्सलियों के कमजोर होने में कई कहानी है. नक्सल विरोधी अभियान में कुछ ऐसी चीज भी तैयार हुई जो झारखंड पुलिस के लिए धरोहर बन गई. ऐसे ही धरोहर में शामिल है पलामू के मनातू थाना क्षेत्र के चक में मौजूद पुलिस का हेलीपैड. यह हेलीपैड झारखंड का पलामू चतरा एवं बिहार के गया के चिकन नेक पर मौजूद है. चक में झारखंड पुलिस का पिकेट है और पिकेट के बगल में ही हेलीपैड मौजूद है. चक के हेलीपैड से नक्सलियों के खिलाफ सैकड़ों अभियान चलाए गए और उनके खिलाफ रणनीति तय की गई.जायजा लिया गया चक हेलीपैड का।

**नक्सलियों के गढ़ में पहली बार बना हेलीपैड :** 2007–08 का वह दौर जब नक्सल हिंसा चरम पर थी और माओवादियों का साम्राज्य चला करता था. उस दौर में झारखंड–बिहार सीमा



पर किसी भी इलाके में पुलिस एवं सुरक्षा बलों को अपनी पहुंच बनाना एक बड़ी चुनौती थी. इस चुनौती से पार पाते हुए झारखंड की पुलिस ने मनातू के चक में पिकेट की स्थापना की और हेलीपैड बनाया. नक्सलियों के गढ़ में तैयार हुआ यह पहला पक्का हेलीपैड था. शुरुआत में इस हेलीपैड को सुरक्षा के दृष्टिकोण से तैयार किया गया था ताकि आपातकालीन स्थिति में जवानों की मदद की जा सके. लेकिन बाद में इस हेलीपैड के माध्यम से झारखंड–बिहार सीमावर्ती इलाकों में नक्सल विरोधी अभियान चलाया गया.

**हेलीपैड पर उतर चुके हैं पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री और केंद्रीय गृह सचिव :** चक हेलीपैड पर देश के तत्कालीन गृह मंत्री शिवराज सिंह पाटिल और बाद में गृह सचिव आरके सिंह उतर चुके है. केंद्रीय गृह मंत्री और केंद्रीय गृह सचिव ने उस दौरान नक्सल विरोधी अभियान में तैनात जवानों का हौसला बढ़ाया था और इसकी समीक्षा भी की थी. चक पिकेट से झारखंड–बिहार सीमा पर नक्सल विरोधी अभियान की समीक्षा की जाती, समीक्षा के लिए अधिकारी चक हेलीपैड पर ही उतरा करते थे।

- झारखंड में अब नक्सलवाद खात्मे की ओर से है. इसमें सुरक्षा बलों बड़ा योगदान है साथ ही एक ऐसे स्थल की भी अहम भूमिका है

2009 के बाद से लोकसभा और विधानसभा चुनाव में हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल शुरू हुआ. इस दौरान पलामू के चक में पहली बार मतदान कर्मी हेलीकॉप्टर से पहुंचाए और लाए गये थे. 2019 के विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव तक चक हेलीपैड पर ही मतदान कर्मी उतरते थे और वोटिंग करवाते थे. चक हेलीपैड की सुरक्षा की जनवरी से आईआरबी के जवानों पर है.

नक्सल उन्मूलन में चक हेलीपैड की महत्वपूर्ण भूमिका रही है. चुनाव के दौरान चक हेलीपैड से ही मतदान करने इलाके में वोटिंग के लिए जाते थे. कई बार अभियान में हुए जवानों को मदद पहुंचाने और नक्सल विरोधी अभियान की समीक्षा में हेलीपैड की भूमिका रही है. आज नक्सली बेहद कमजोर हो गए हैं और हेलीपैड गतिविधि भी कम हुई है. यह पिकेट से सटा हुआ है. चक हेलीपैड पुलिस के लिए ऐतिहासिक और हम सबके लिए ये एक धरोहर है₹. –रीष्मा रमेशन, एसपी पलामू.

**माओवादियों के लिए भी महत्वपूर्ण था चक :** प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के झारखंड–छत्तीसगढ़ रेड कॉरिडोर में चक एक बड़ा पड़ाव था. चक से ही माओवादी बिहार से झारखंड से होते हुए छत्तीसगढ़ जाते थे. चक पर सुरक्षा बलों का कब्जा होने के बाद माओवादियों को अपने रास्ते को बदलना पड़ा. झारखंड बिहार सीमावर्ती इलाके में चक माओवादियों का यूनिफाइड कमांड की तरह था. चक में पुलिस की मौजूदगी के बाद माओवादियों ने बिहार के छकरबंधा के इलाके में अपना यूनिफाइड कमांड बनाया था. चक में पिकेट और हेलीपैड बनने के बाद माओवादीयों ने कई बार हमला भी किया था।

# धूमधाम से मनाया गया अररिया जिला स्थापना दिवस और मकर संक्रांति महोत्सव 2025

## 35वां स्थापना दिवस और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुआ उल्लासपूर्ण आयोजन

लोक तंत्र की आवाज

**डा. रूद्र किंकर वर्मा**

**अररिया।** अररिया जिले का 35वां स्थापना दिवस और मकर संक्रांति महोत्सव 2025 आज धूमधाम से हाई स्कूल अररिया के प्रांगण में मनाया गया। इस विशेष अवसर पर पूरे जिले में उत्सव का माहौल था, और कार्यक्रम में जिलेभर के लोग, सरकारी अधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता, और स्कूली बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए।



**प्रभात फेरी से हुई शुरुआत :** स्थापना दिवस का शुभारंभ प्रातः प्रभात फेरी से हुआ, जिसमें स्थानीय स्कूली बच्चे, जिला स्तरीय अधिकारी और समाज के प्रबुद्धजन शामिल हुए। प्रभात फेरी अररिया हाई स्कूल से शुरू होकर चाँदनी चौक, ए०डी०बी० चौक, आश्रम रोड होते हुए पुनः हाई स्कूल में समाप्त हुई, और इस दौरान सभी ने सांप्रदायिक सौहार्द और एकता का संदेश दिया।

**विकासात्मक प्रदर्शनी का उद्घाटन:** मुख्य समारोह स्थल पर विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा लगाए गए विकासात्मक प्रदर्शनी का उद्घाटन जिलाधिकारी अनिल कुमार और पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर जिला परिषद अध्यक्ष आफताब अजीम पप्पू और अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी भी मौजूद थे। इन प्रदर्शनी में विभिन्न सरकारी योजनाओं और सेवाओं का प्रचार किया गया, जिनमें बाल संरक्षण, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, उद्योग, और अन्य कल्याणकारी योजनाएं शामिल थीं।

**विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलः** कार्यक्रम के दौरान समाज कल्याण विभाग, बाल विकास परियोजना, विद्युत विभाग, कृषि, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, उद्योग विभाग, और कई अन्य विभागों ने अपने स्टॉल लगाए। इन स्टॉलों के माध्यम से अधिकारियों ने जिलेवासियों को उपलब्ध योजनाओं और सेवाओं के बारे में जानकारी दी। खासतौर पर, महिला और बाल कल्याण योजनाओं पर विशेष जोर दिया गया।

**जिलाधिकारी का संबोधन और वितरण कार्यक्रम :** जिलाधिकारी अनिल कुमार ने अपने संबोधन में जिलेवासियों को जिला स्थापना दिवस और मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दी। उन्होंने इस दिन की महत्वता पर प्रकाश डाला और जिले के विकास में सभी का योगदान सराहा।

इसके बाद, उन्होंने विभिन्न योजनाओं के तहत लाभार्थियों को स्वीकृति आदेश और उपकरण वितरित किए। इनमें दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल, 05 बच्चियों को बेबी किट, और माताओं को पोषण टोकरी वितरित की गई। इसके अलावा, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को स्टडी टूल किट और स्किल डेवलपमेंट प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

**सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन :** कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सांस्कृतिक कार्यक्रम था, जिसका उद्घाटन जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने दीप प्रज्वलित कर किया और उनकी अगुआई में केक भी काटे गए। सांस्कृतिक कार्यक्रम में जिले के विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने नृत्य, गायन और अन्य कला प्रस्तुतियां दीं। उच्च माध्यमिक विद्यालय चंडीपुर पलासी, कस्तूरबा गांधी बालिका उच्च विद्यालय जयप्रकाश नगर, बालिका उच्च विद्यालय अररिया, जवाहर नवोदय विद्यालय अररिया, केंद्रीय विद्यालय अररिया, और मिथिला पब्लिक स्कूल सहित कई स्कूलों के छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसके साथ ही, जिले के स्थानीय और बाहरी कलाकारों ने भी शानदार प्रस्तुति दी, जिससे कार्यक्रम में रंगीनता और उल्लास भर गया।

**उपस्थित महत्वपूर्ण व्यक्तित्व :** इस कार्यक्रम में अपर समाहर्ता सह जिला लोक सूचना अधिकारी, सिविल सर्जन अररिया, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग, सभी वरीय उप समाहर्ता और कला संस्कृति पदाधिकारी अररिया सहित अन्य जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

अररिया जिला स्थापना दिवस और मकर संक्रांति महोत्सव का यह आयोजन न केवल जिले के विकास की यात्रा की सराहना करने का अवसर था, बल्कि सांस्कृतिक एकता और सामुदायिक सौहार्द को बढ़ावा देने के लिए भी एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ है। यह कार्यक्रम जिलेवासियों के बीच एकता, भाईचारे और विकास की भावना को और अधिक प्रगाढ़ करने में सफल रहा।

## संक्षिप्त खबरें ।

### गोल्ड की टीम ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए ओल्ड की टीम को हराया



लोकतंत्र की आबाज

समस्तीपुर। दलसिंहसराय स्थानीय आर बी कॉलेज के मैदान में मकर संक्रांति के अवसर पर गौरव स्पोर्टिंग क्लब के द्वारा एक दिवसीय टी 20 क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। मैच ओल्ड और गोल्ड टीम के बीच खेला गया। जिसमे टॉस जीतकर ओल्ड की टीम ने निर्धारित बीस ओवर में गोविंद के 41 रन की शानदार बल्लेबाजी के दौरान पूरी टीम 182 रनो का विशाल स्कोर खरा कर दिया। वही गोल्ड की तरफ से गेंदबाजी करते हुए राजा ने तीन व श्याम ने तीन विकेट अपनी टीम के लिए लिया। वही गोल्ड की टीम से बल्लेबाजी करते हुए ऋषिकेश ने 45 व मनीष के 25 रन और श्याम के नाबाद 37 रनो की बदौलत गोल्ड की टीम ने दो गेंद शेष रहते मैच को जीत लिया। श्याम के बेहतर प्रदर्शन के लिए श्याम को मैंन ऑफ द मैच का खिताब दिया गया। मैच से पूर्व दोनों टीम के खिलाड़ीयो से अतिथियों ने परिचय प्राप्त किया। वही गौरव स्पोर्ट्स के तरफ से अतिथियों का स्वागत चादर पाग से किया गया। मैच मे अम्पायर की भूमिका उमेश राय ने निभाई। मौके पर अर्जुन राय, अरविंद साह, जितेंद्र राय, सुनील सुमन, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### भोला टॉकीज गुमटी पर आर.ओ.बी निर्माण हेतु अब तक टेंडर फाइनल नहीं हुआ मुख्यमंत्री ने कर दिया शिलान्यास : शाहीन



लोकतंत्र की आबाज

समस्तीपुर। जिले के स्थानीय विधायक सह बिहार विधान सभा के मुख्य सचेतक अख्तरुल इस्लाम शाहीन ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि समस्तीपुर—मुजफ्फरपुर रेल खंड के भोला टॉकीज गुमटी संख्या —53अ पर आर.ओ.बी निर्माण हेतु अब तक टेंडर फाइनल नहीं हुआ है बल्कि प्रक्रियाधीन है। आर.ओ.बी के निर्माण हेतु वर्क ऑर्डर भी निर्गत नहीं हुआ है। बिना निविदा और बिना वर्क ऑर्डर के भोला टॉकीज गुमटी पर आर.ओ.बी का शिलान्यास मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा किया जाना बेहद आश्चर्यजनक व हास्यास्पद प्रतीत होता है। यह समस्तीपुर की भोली भाली जनता के साथ धोखा व छलावा है। शिलान्यास करके भ्रम फैलाया गया है जबकि शिलान्यास से पूर्व की सारी औपचारिकताओं को पूर्ण नहीं किया गया है। आगामी विधानसभा के सत्र में इस मुद्दे को सदन में उठाया जाएगा।

### सेवा और मित्रता इनर व्हील क्लब का मुख्य उद्देश्य है



लोकतंत्र की आवाज़

गया। इनर व्हील क्लब ऑफ गया के बैनर तले इनर व्हील क्लब की सभी महिलाओं ने मिलकर मनाया पिकनिक। सेवा और मित्रता इनर व्हील क्लब का मुख्य उद्देश्य है। पूरे वर्ष क्लब द्वारा शहर की विभिन्न स्थानों में मुख्य रूप से महिलाओं और बच्चों के लिए हित में कार्यक्रम किए जाते हैं।मित्रता को बढ़ावा देने हेतु क्लब सदस्यों , मित्रों और परिवार के साथ एक पिकनिक का आयोजन किया गया है ' संबोधी रिजॉर्ट में जाकर सभी ने मिलकर हाऊजी गेम तथा स्वादिष्ट व्यंजनों का मजा लिया है ।इससे पता चलता है कि हमारी इनर व्हील क्लब की महिलाएं ना की जरूरतमंदों को जरूर की चीज पहुंचती हैं बल्कि खुद के लिए भी मस्ती और खुशियां ढूंढ ही लेती हैं ।कहां भी जाता है कि पहले खुद को स्वस्थ रखो तो आप दूसरों को स्वस्थ रहने की सलाह द सकेंगे 'तो खुद खुश रहो और दूसरों को भी खुश रखें 'इस पिकनिक में कई पीडीसी, पदाधिकारी, सदस्य , मित्र और परिवार के लगभग 80 लोग शामिल सदस्य हुए हैं।

### स्वतंत्रता सेनानी आचार्य जगदीश शर्मा एवं उनकी धर्मपत्नी श्यामा देवी की मनाई गई संयुक्त पुण्यतिथि



लोकतंत्र की आवाज

नवादा। देश के दिवंगत हिंदी सेवी ग्रन्थ में नामित स्वतंत्रता सेनानी आचार्य जगदीश शर्मा मतवाला एवं उनकी धर्मपत्नी श्यामा देवी के संयुक्त पुण्य स्मृति दिवस पर आज लाइन पार मिर्जापुर स्थित जयंती निराला निलय में पुष्पांजलि सभा का आयोजन किया गया । इस अवसर पर कई साहित्य सेवियों ने मतवाला दंपति की देशभक्ति और साहित्य सेवा को स्मरण करते हुए नमन किया । उनके तैलीय चित्र पर माल्यार्पण करते हुए उनके सुपुत्र डॉ ओंकार निराला ने अपने माता पिता के राष्ट्र समर्पण की भावना से परिचित करवाया । उन्होंने कहा कि यह संयोग ही था कि मेरे माता पिता दोनों के निधन की तिथि मकर संक्राति के दिन रही । उन्होंने बताया कि माता श्यामा देवी उस जमाने में चरखा चलाकर अग्रेजों के विरुद्ध गांधीवादी आंदोलन का हिस्सा बनी थी । क्षेमचंद्र सुमन और वियोगी हरी जैसे शिखर साहित्यकार के संपादन में प्रकाशित ग्रन्थ " "दिवंगत हिंदी सेवी " के पृष्ठ संख्या 277—278 पर आचार्य जगदीश शर्मा मतवाला के व्यक्तित्व एवं कृतित्व की विशद चर्चा की गई है जिसे देखकर उपस्थित हिंदी सेवियों ने गौरव महसूस किया और श्रद्धा सुमन अर्पित की । मौके पर साहित्यकार अशोक समदर्शी , शम्भू विश्वकर्मा , पत्रकार एवं साहित्यकार राजेश मंझवेकर , समाजसेवी राकेश रंजन , अजय कुमार , कुमारी वन्दना , प्रेमकांत पाण्डेय , उर्वसी इत्यादि उपस्थित थे ।

## गोपालाचार्य की प्रथम पुण्य तिथि सम्पन्न



लोकतन्त्र की आवाज

**केदार नाथ पाण्डेय**

**पीरपैंती।** प्रखण्ड के दुबौली—पथलखान स्थित हरेकृष्ण आश्रम में बैकुंठवासी त्रिदंडी स्वामी गोपालाचार्य जी महाराज की प्रथम पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई।

इस अवसर पर पंडित मुरारीलाल पाण्डेय व राजेश कुमार पाण्डेय के वैदिक मंत्रों से आश्रम स्थित बिभिन्न देवी—देवताओं का गुरु परंपरा के मुताबिक विधि—विधान से पूजा—अर्चना की गई। उसके उपरांत उपस्थित लोगों ने महाप्रसाद ग्रहण किया।मौके पर उपस्थित भक्तों व शिष्यों ने स्वामी जी के जीवन पर संक्षिप्त प्रकाश डालते हुए उनके छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। वहीं लोगों ने कहा कि स्वामी जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व से समाज आज भी आलोकित है। इस दौरान ज्योतिषाचार्य कृष्ण कुमार ओझा, हीरालाल दुबे, गणेश दुबे, बैजनाथ दुबे, भुलन दुबे, मंगलू दुबे, अंगद मिश्र, रंजीत दुबे, घनश्याम दास, राजेश पाण्डेय, सुधीर पाण्डेय, बड़कू मिश्र, शत्रुघ्न मिश्र, अमन मिश्र, मणिकान्त मिश्र, आरुष मिश्र सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## पीरपैंती के बुद्धुचक में पुलिस ने किया अवैध गांजा जैसा पदार्थ बरामद, साथ में एक तस्कर गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज

**पीरपैंती/भागलपुर।** पीरपैंती प्रखंड के बुद्धचक थाना अंतर्गत बरामद नशीली पदार्थों को लेकर मंगलवार को कहलगांव अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी 2 अर्जुन कुमार गुप्ता के द्वारा प्रेस कांफ्रेंस किया गया जिसमें उन्होंने बताया की सोमवार को थाना के बुद्धूचक स्वयं दिवा गश्ती में भ्रमणशील के दौरान बुद्धूचक थानाध्यक्ष को गुप्त सूचना मिला की ग्राम गौघट्ट में रूपा देवी उम्र 27 वर्ष पति दिलीप कुमार सा०—गौघट्टा थाना बुद्धचक जिला भागलपुर अपने घर में अभी—अभी गाँजा लेकर आयी है ! और घर से गाँजा का बिक्री करती है, अभी छापामारी करने से पकड़ा जा सकता है।



बुद्धधक थानाध्यक्ष द्वारा वरीय पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी कहलगांव को सूचित किया गया और ग्राम गौघट्टा में रूपा देवी पति दिलीप कुमार सा०—गौघट्टा थाना बुद्धचक जिला भागलपुर के घर पर छापामारी किया गया।

छापामारी के क्रम रूपा देवी के घर का विधिवत् तलाशी प्रारम्भ किया गया तो रूपा देवी के घर के पिछे वाले दरवाजे से एक महिला भागने लगी। उसे पकड़ने का प्रयास किया गया तो वह महिला घर के बगल एक झाड़ी में उजला रंग का एक झोला फेंकते हुए भागी जा रही थी जिसे साथ के महिला शस्त्र बलों के द्वारा पकड़ा गया। पकड़ाये महिला से नाम—पता पुछने पर अपना नाम रूपा देवी उम्र 27 वर्ष पति दिलीप कुमार सा०—गौघट्टा थाना बुद्धचक जिला भागलपुर बताया।

घटना की सूचना पर अंचलाधिकारी, कहलगांव भी पहुँचे और रूपा देवी के द्वारा झारी में फेंके गये उजला रंग का झोला की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान झोला में भूरा रंग के प्लास्टिक में पैक किया हुआ 07 पीस एवं एक नीला रंग के प्लास्टिक में बांधा हुआ गांजा जैसा मादक पदार्थ बरामद हुआ।

बरामद प्रदर्श का वजन करने पर कुल 05 किलो 155 ग्राम पाया गया। बरामद गांजा को विधिवत् जब्त किया गया है। इस संदर्भ में एनडीपीएस एक्ट की सुशंगत धाराओं के अन्तर्गत बुद्धूचक थाना कांड सं0—03/25 दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही किया जा रहा है। वहीं छापामारी टीम में पु०अ०नि० मुकेश कुमार, थानाध्यक्ष बुद्धचक, पु०अ०नि० प्रज्ञा कुमारी, नंदनी कुमारी, राखी कुमारी, विनय कुमार पांडे, शामिल रहे !

## मकर संक्रांति के पावन पर्व पर मनसा पूर्ण मंदिर सिद्ध बाबा मंदिर, सिद्ध धात्री मंदिर पर वितरण की गई खिचड़ी

लोकतंत्र की आवाज

**उरई जालौन।** आज मकर संक्रांति के पावन पर्व पर जनपद मे कई तीर्थ स्थलों पर। श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी और हर्षोल्लास के साथ मनाया मकर संक्रांति का पर्व जिसमे मनसा पूर्ण मंदिर, सिद्ध धात्री मंदिर, हुल्की माता मंदिर, कालपी स्टैंड हनुमान मंदिर, सहित विभिन्न स्थानों पर खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया



एकलव्य शाखा बघौरा द्वारा मकर संक्रांति के पावन पर्व के अवसर पर सिद्ध बाबा के स्थान चुर्खी रोड बघौरा में खिचड़ी वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया, पवन तिवारी , लोकेंद्र यादव मनीष उदैनिया, विष्णू पांडेय राजेश, मनोज , सहित सैकड़ो लोगों ने दर्जनों जगह पर प्रसाद वितरण किया गया तो वही शहर के गणमान्य लोग एवं स्वयंसेवकों व नागरिकों द्वारा बढ़—चढ़ कर हिस्सा लिया गया।

नगर के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के माननीय नगर संघचालक लाल जी सिंह व नगर सह संघचालक अजय इटौदिया, नगर प्रचारक सचिन , भाईसाहब, रूद्रप्रताप सिंह, राजेश सिंह जादौन, सौरभ चौहान, मिस्टर , भागीरथ, अंकित, बरिष्ठ भाजापा नेता दिवाकर शास्त्री, खोजी पत्रकार विष्णु चतुर्वेदी, एवं अन्य गणमान्य नागरिक भूपेन्द्र सिंह, गोविंद सिंह, सोबरन यादव, बबलू सोनी, नरेश सिंह एवं अन्य गणमान्य व श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। एवं बड़ी संख्या में भक्तों द्वारा बसों को रोक कर प्रसाद वितरण किया जहां सैकडो की संख्या भक्तों की भीड़ उमड़ी, जगह जगह प्रसाद वितरण के भंडारे चल रहे।

## मकर संक्रांति के अवसर पर मेयर प्रतिनिधि मनोज कुमार तॉती को गुलाब का फूल भेट स्वरूप दिए

लोक तंत्र कीआवाज

**बिहारशरीफ।** बिहारशरीफ के खंदक पर स्थित उनके निवास स्थान पर फुटपाथ संघर्ष मोर्चा के प्रतिनिधि मेयर प्रतिनिधि मनोज कुमार तॉती को गुलाब का फूल भेंट स्वरूप दिए।



इस मौके पर फुटपाथ संघर्ष मोर्चा के जिला अध्यक्ष रामदेव चौधरी ने फुटपाथी दुकानदार के समस्या से अवगत कराते हुए बिहारशरीफ के सर्व किए गए सभी फुटपाथी दुकानदारों को जल्द से जल्द वेंडिंग जोन बनाकर देने की मांग रखी। जब तक फुटपाथी दुकानदारों को वेंडिंग जोन बनाकर बिहारशरीफ के नगर निगम द्वारा नहीं दे दिया जाता है तब तक जिस स्थान पर फुटपाथी दुकानदार रोजगार कर रहे हैं उसी स्थान पर रोजगार करने की अनुमति दें। रेलवे गुमटी पर रोजगार कर रहे फूटपाथी दुकानदारों को बिना वेंडिंग जोन दिए उनका आशियाना बिहारशरीफ के नगर निगम द्वारा उजाड़ दिया गया। 2014 पथ कानून अधिनियम एवं 2017 बिहार राज्य पथ कानून अधिनियम का पालन नगर निगम द्वारा नहीं किया जा रहा है। पथ कानून अधिनियम को धरातल पर उतरने की जरूरत है। प्रतिनिधि मंडल में रेलवे गुमटी के मार्केट कमेटी अध्यक्ष मुन्ना कुमार सचिव विक्की कुमार शामिल होते हुए मेयर प्रतिनिधि को अपने समस्या को अवगत कराए।

## मकर संक्रांति को ले पतंगों का बाजार रहा गुलजार

लोकतंत्र की आवाज

**नवादा ।** विविध संस्कृतियों और रीतिरिवाजों के साथ देश भर में मनाये जाने वाले मकरसंक्राति का त्यौहार अपने अलग अलग रूपों के बावजूद एकीकृत होकर सामने आता रहा है । नवादा नगर समेत सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में भी इसकी झलक देखी जा सकती है । बड़े—बुजुर्गों में जहाँ दही— चूड़ा —तिलकुट के ज्योनार की ललक दिखती है वहीं नई पीढ़ी में पतंगबाजी का उत्साह शिखर पर होता है । मंगलवार को तड़के पतंगों की दुकानों पर वयःसंधि उम्र के बच्चों की रेलमपेल भीड़ इसका साक्षी है । पतंग , मांझा और लटई की गुणवत्ता तथा डिजाइन की विविधता को जांचते परखते खरीदने लेने की होड़ से नवादा में पतंगबाजी की संस्कृति व्यापक रूप ले सकती है ।



हालांकि नवादा नगर में पतंगों का व्यवसाय काफी संकुचित है किन्तु छोटे छोटे दुकानों पर उमड़ती हुई भीड़ यहां के बाजार को विस्तार दे सकती है ।

बड़े घराने के बच्चे जहाँ अपने बिल्डिंग के छत से पेंच लड़ाते चहकते हैं वहीं गरीब बच्चे भी खुले मैदान में पतंग को ऊंचाई देने की होड़ में शामिल होते हैं । इस बार नवादा नगर में हरिश्चंद स्टेडियम , गांधी स्कूल का मैदान , स्टेशन परिसर , खुरी नदी का तट और टोले मुहल्ले के परीत जमीन इन बच्चों के पतंग महोत्सव का साक्षी बना । पतंगों से आच्छादित नीले आकाश का सौंदर्य जितना मनभावन दिखा उतना ही कटते , टूटते पतंगों का जमीन पर गिरना और बच्चों का हुजूम को लूटते हुए देखना आनंददायक प्रतीत हुआ ।

## द्वितीय अपील के तहत् डीएम ने किया 02 शिकायतों का निपटारा

लोकतंत्र की आवाज

**सुनील कुमार**

**नवादा।** जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश ने अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत् द्वितीय अपील की सुनवाई की। द्वितीय अपील के तहत 05 परिवादी उपस्थित हुए जिसमें से 02 मामलों का ऑन स्पॉट निवारण कर दिया गया।



प्रस्तुत द्वितीय अपीलवाद नवल सिंह, ग्राम—अरियन, पोस्ट—सिसवां, प्रखंड हिसुआ द्वारा द्वारा प्रथम अपीलीय प्राधिकार, नवादा द्वारा पारित आदेश से विक्षुब्ध होकर बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत ऑनलाईन द्वितीय अपील दायर किया गया। जिसमें संबंधित पदाधिकारी द्वारा जॉच प्रतिवेदन भेजा गया, जिसके अनुसार शिकायत का निपटरा कर दिया गया। शिकायतकर्ता अविनाश कुमार, ग्राम—बरहर, पोस्ट—वंश गोपाल, प्रखंड—रजौली द्वारा ऑनलाईन शिकायत दर्ज किया गया था, जिसे संबंधित पदाधिकारी द्वारा जॉच प्रतिवेदन भेजा गया, जिसके अनुसार शिकायत का निपटरा कर दिया गया।

बिहार लोक शिकायत निवारण अधिनियम 2015 के तहत किसी भी मामले को दो माह के अन्दर सुनवाई कर निवारण कर दी जाती है। प्रखंडों में पंचायतों से संबंधित विवाद/समस्या को अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण कार्यालय, नवादा सदर और रजौली में कोई भी व्यक्ति अपील कर सकते हैं। जबकि जिला स्तरीय समस्याओं एवं परिवादों के निवारण कराने के लिए जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, नवादा का कार्यालय समाहरणालय के मुख्य प्रवेश द्वार के दाहिने तरफ लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम भवन में संचालित है।

विवादों के सुनवाई और निवारण में दोनों पक्षों को बुलाकर की जाती है। इसके लिए किसी प्रकार का कोई शुल्क नहीं ली जाती है। शिकायत दर्ज करने एवं निवारण की निःशुल्क व्यवस्था कार्यालय में की गयी है। आदेश से असंतुष्ट होने पर निःशुल्क अपील दायर की जा सकती है। शिकायत का निवारण अब और आसान हो गया है। अब ऑनलाईन भी शिकायतें अपील की जा सकती है।

लोकतंत्र की आवाज
स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन-805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजीटल संस्करण है। मो. नंबर-9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद-विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।